# BEST PRACTICE -2

## 1. Title of the Practice : Publication of JH e-News

News of the acts of generosity, when disseminated systematically, attracts society's attention. It invokes appreciation and motivates people to involve themselves enthusiastically, creating a congenial atmosphere that leads to the accomplishment of its goals and a resultant sense of fulfillment.

The idea for the publication of JH e-News germinated in the minds of the IQAC Chairman and the Coordinator in 2015.

## 2. Objectives of the Practice:

JH e-News was started with the following objectives:

- To disseminate the information related to the activities of the college to the stakeholders
- To make the society aware of the quality enhancement initiatives of the institution
- To develop the creativity of the students
- To inspire the students and teachers for greater achievements
- To promote community services
- To encourage collaborative activities
- To enhance the involvement of the stakeholders in the activities of the college
- To enhance the reputation of the college

## 3. The Context

Contribution to National Development is one of the five core values of the HEIs formulated by NAAC. Institutionalisation of this core value in isolation is unimaginable for any HEI. The HEIs have to establish close relationships with the stakeholders including other institutions, industries or

other agencies of professional and social relevance. Before initiating these collaborative activities it is imperative on the part of the stakeholders to have some information about the multifarious activities being carried out in the institution.

It was, therefore, decided that a quarterly e-Newsletter will be published to showcase all the prominent activities of the institution.

## 4. The Practice

A committee, headed by a senior professor, two junior professors and 3-4 enthusiastic students, was formed to turn the idea into reality. The students selected for this purpose were good writers and had shown their creativity on earlier occasions. After the committee was formed, a notice was circulated to collect information about the curricular, co-curricular and research based activities carried out by NSS, NCC, SVCGC, Sports, Eco Club, and all the departments of the college. Records of students‘ and teachers’ individual achievements were also sought. Under the guidance of in-charge professor, they started collecting the data, reports, news, and photographs of the activities from all the departments. After data collection, useful information was selected and the editing process began. With some technical assistance, it was finally published as JH e-News.

The hardcopies of the e-News were then displayed on the notice boards. The soft copy was uploaded on the website of the college and was shared with stakeholders.

## 5. Evidence of Success

The e-News was received very enthusiastically by other institutions, organisations, and stakeholders. They now had the first- hand information about the activities of the college and felt connected with it. The result was perceived in the closer relationship of the institution with the stakeholders and their increased involvement in the institution’s activities.

The acclaim obtained by the newsletter boosted the enthusiasm of the students. Their creative abilities were enhanced and they were well versed with the editorial skills, though initially on a small scale.

Since the e-News showcased the individual achievements of the students and teachers, they were filled with the urge to do better in their fields. It has also resulted in an enhanced reputation of the institution.

The JH e-News has continued to be published quarterly since its inception in the year 2015. It took different colours and shapes with the changing social and environmental circumstances. During the elections, it bathed in the rainbow colours of voters' awareness programmes carried out by the institution, during the pandemic it breathed the air of benevolence and sympathy by performing the duty of a responsible component of society through spreading awareness against the pandemic.

The higher authorities of the Department of Higher Education were full of praise and admiration for this practice of the institution whenever the e-News was presented to them.

## 6. Problems Encountered and Resources Required

With the energetic and enthusiastic team constituted for implementing the best practice, no problems were encountered. Even the cruel clutches of COVID could not hamper its issuance during the calamity. With the increasing demand for the motivation and support for the suffering humanity, the e-News emerged with greater vigour and vitality from the enthusiastic collaborators. Since then, it has continued to showcase all the activities of the institution accomplished with the support of the ever-increasing zeal of its stakeholders.

हॉकस्टार समाचार त्रैमासिक
सत्यमेव जयते
Jh.e News
तमसो मॉं ज्योतिर्गमय
ज.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)
उत्तिष्ठत जाग्रत

वर्ष-9 | अंक- 45 | दिनांक 01 जुलाई से 30 सितंबर 2022 | अवधि-त्रैमासिक | पृष्ठ-16

# शिक्षक दिवसः शील्ड की जगह पौधे भेंट कर किया सम्मानित

## जेएच कॉलेज में सम्मान समारोह के साथ शिक्षा नीति पर की संगोष्ठी, विद्यार्थियों की बनाई पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई






**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

शिक्षक दिवस पर जेएच कॉलेज में सम्मान समारोह, राष्ट्रीय संगोष्ठी और छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। कॉलेज के पूर्व छात्र रहे और राजनीति, समाज सेवा में देश में नाम कमाने वाले वर्तमान सांसद डीडी उइके, पूर्व सांसद सुभाष आहूजा के साथ भारत भारती आवासीय विद्यालय के मोहन नागर को सम्मानित किया गया। शील्ड की जगह पौधे भेंट करके अतिथियों को सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी और शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जेएच कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी, प्रोफेसर निहारिका भावसार समेत अन्य मौजूद थे।

इस अवसर पर सांसद डीडी उइके को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी ओर से दिए गए योगदान के लिए भी सम्मानित किया गया। कॉलेज में चल रहे अलग-अलग शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स के सर्टिफिकेट भी इस दौरान बांटे गए।

### पेंटिंग कोर्स कर रहे छात्र-छात्राओं की पेंटिंग्स सजाई

जेएच कॉलेज में 10 दिवसीय पेंटिंग कोर्स चल रहा है। इसमें छात्र-छात्राएं पेंटिंग्स बना रहे थे। इन पेंटिंग की प्रदर्शनी भी इस दौरान लगाई गई। जिससे सभी लोग इन पेंटिंग और छात्र-छात्राओं की प्रतिभा से परिचित हो सकें। छात्र-छात्राओं की ओर से बनाई गई पर्यावरण और वन्य जीवन से जुड़ी पेंटिंग्स को दर्शकों ने खूब सराहा।

## राष्ट्रीय एकता के लिए तिरंगा फहराने की एनसीसी छात्रा को दिलाई शपथ

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स एमपी गर्ल्स बटालियन नर्मदापुरम के तत्वावधान में जेएच कॉलेज में शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता सोनी, सूबेदार मेजर बीआर चंदेल, हवलदार रंजीत डेका, एवं देवकरण, लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार की उपस्थिति में एनसीसी की 410 छात्रा कैडेट्स को एनएएस के जिला संगठक डॉ. सुखेदव डोंगरे ने हर घर में तिरंगा फहराने के लिए शपथ दिलाई।

वहीं भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने घर में भारतीय ध्वज संहिता 2022 के **शेष पेज 2 पर...**



■ न्यूज गैलेरी

### ललित कला प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम शुरू

**बैतूल।** जेएच कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा ललित कला प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी द्वारा किया गया। यह प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम 20 से 31 अगस्त तक कुल 30 घण्टे आयोजित किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के लिए 60 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। प्राचार्य डॉ. तिवारी द्वारा इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को ललित कला से संबंधित बारीकियों को समझाया गया। इस पाठ्यक्रम की प्रशिक्षिका श्रीमती निमिषा शुक्ला तथा इस कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. निहारिका भावसार हैं। उद्घाटन सत्र में डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. अल्का पाण्डे, डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्रो. अर्चना सोनारे एवं कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मनोज उघड़े उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में ड्राइंग, कलर्स स्कीम, स्टिल लाइफ एंड ऑब्जेक्ट ड्राइंग, प्रकाश और छाया, पत्ते, फूल, फल, सब्जियां और पौधे, नेचर ड्राइंग, रंग के साथ प्रकृति ड्राइंग, फ्री हैंड ड्राइंग, कोई भी पारंपरिक सजावटी डिजाइन बनाना एवं वेस्ट मटेरियल द्वारा क्राफ्ट बनाना सिखाया जाएगा।

**आयोजन** ▸ जेएच कॉलेज में हुआ दो कोर्स का शुभारंभ, क्रोध नियंत्रण की बताई विधि

# 10 दिनों तक योग प्राणायाम और इंग्लिश ग्रामर सीखेंगे विद्यार्थी

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

जेएच कॉलेज बैतूल में अगले 10 दिनों तक 100 छात्र-छात्राएं योग प्राणायाम के साथ तनाव प्रबंधन और इंग्लिश ग्रामर सीखेंगे। दरअसल सोमवार से जेएच कॉलेज में दो नए कोर्स शुरू किए गए हैं। इससे छात्र-छात्राओं को इस युग में ना केवल मानसिक रूप से शांत रहने में मदद मिलेगी, बल्कि वे अच्छे व्यक्तित्व को जीवन में ढालकर इंटरव्यू जैसे अवसरों पर भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। योग कोर्स के शुभारंभ के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एके तिवारी ने छात्रों को योग के वैज्ञानिक आधार से अवगत कराया। तिवारी ने बताया



कि ओम का उच्चारण पूरे शरीर पर काफी प्रभावी असर डालता है। जैसे ही छात्र ओम का उच्चारण करेंगे तो होम में छिपे आ से पेट, ऊ से हृदय, इ से गले, और म से पिट्यूटरी ग्लैंड पर काफी तेज असर होता है कि मजबूती बढ़ती है। इस दौरान लगभग 100 छात्र-छात्राओं को बताया गया कि योग के सर्टिफिकेट कोर्स के तहत सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, मत्स्यासन, सिंह के साथ सुदर्शन क्रिया, अनुलोम विलोम, कपाल भारती,प्राणायाम के बारे में भी बताया जाएगा। योग के सभी आसनों के बारे में छात्र - छात्राओं को जानकारी दी जाएगी। उन्हें यह भी बताया गया कि मंगलवार **शेष पेज 2 पर...**

» प्राचार्य-डॉ. राकेश कुमार तिवारी » संपादक-डॉ.सुखदेव डोंगरे » सह संपादक-डॉ.गोपाल साहू » डॉ. मनोहर गावंडे

## संपादकीय

### आजादी का अमृत महोत्सव,राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रहे प्रमुख

सत्र 2022-23 में घर-घर में तिरंगा कार्यक्रम का बड़े ही सकारात्मक रूप से आयोजन किये गये जिसमें छात्रों एवं आमजन को तिरंगे की रचना, रंगो एवं झण्डे के महत्व व उसके इतिहास का ज्ञान हुआ। राष्ट्र एवं झण्डे के प्रति आदर एवं सम्मान के भाव जागृत हुए। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें जंगल सत्याग्रह व स्वाधीनता आन्दोलन में बताया सेनानियों का योगदान। एनसीसी एवं एनएसएस द्वारा जिला हॉस्पिटल में 26 यूनिट रक्तदान किया। राष्ट्रीय ध्वज संहिता पर कार्यशाला आयोजित की गई। मानव अधिकार प्रकोष्ठ का गठन किया, आत्मनिर्भरता पर कार्यशाला आयोजित की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। एनएसएस एवं एनसीसी के लिए सेलेक्शन आयोजित किया गया। एनएसएस दिवस मनाया। हिन्दी साहित्य में सर्वाधिक पीएचडी छात्रों ने की। 10 दिवसीय संस्कृत पाठ्यक्रम शुरू किया। महालनोबीस की जयंती मनाई। जिला चिकित्सालय में नेशनल डॉक्टर्स-डे पर पौधरोपण किया। प्रो.राजेश शेषकर को पीएचडी अवार्ड हुआ। छात्रो, कर्मचारियों एवं प्रोफेसर के जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, कविता, लेखन, प्रेरक कहानियों, अन्य प्रतियोगिताए संपन्न हुई।

इसके साथ ही कालेज में टीकाकरण केन्द्र का फिर से शुभारंभ हुआ। ललितकला, योगा, प्रणायाम, इंग्लिश ग्रामर के लिए प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ किये गये। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शहीद चंद्रशेखर आजाद की 116 वीं जयंती पर रविन्द्र भवन भोपाल से युवा महापंचायत का ऑनलाईन सीधा प्रसारण किया गया। रिसर्च मेथोडोलॉजी जेआरएफ नेट व सेट की तैयारी विषय को ऑनलाईन वेबिनार के माध्यम से प्रचार -प्रसार किया। फाईन आर्ट के एक्सपर्ट 10 दिनों तक जेएच कॉलेज बैतूल में विद्यार्थियों को पेंटिंग आर्ट की कला में निपुर्ण करेंगे। शीघ्र ही 6 माह का कोर्स भी फाईन आर्ट पर प्रारंभ किया जाएगा।

### बैतूल का इतिहास- स्वाधीनता आंदोलन में बैतूल की जनजातियों के योगदान विषय पर जेएच कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय सेमिनार

# जंगल सत्याग्रह व स्वाधीनता आंदोलन में बताया सेनानियों का योगदान

**बैतूल। जंगल सत्याग्रह से जुड़े योगदान और बाड़ेगांव में हुए आजादी के आंदोलन के स्वतंत्रता वीरों को याद किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वाधीनता आंदोलन में बैतूल की जनजातियों के योगदान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सोमवार को जेएच कॉलेज में किया। कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित सेमीनार में युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम और आंदोलनों में योगदान देने वाले गुमनाम शहीदों के बलिदानों से अवगत करवाया।**



सेमीनार का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। शुभारंभ पर प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने कहा कि किसी भी समाज का विकास उसकी राजनीतिक जागरूकता पर निर्भर करता है। जो जनजातियां अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और सजग थी वे ज्यादा विकसित हुई।

इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजेता चौबे ने सेमीनार के उद्देश्य के बारे में बताते हुए सभी वक्ताओं का परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अंग्रेजों द्वारा बनाए गए फॉरेस्ट एक्ट के विरोध में बैतूल के दीपचंद्र गोठी और द्वारका प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में जंगल सत्याग्रह चलाया था। इसकी तुलना राष्ट्रीय स्तर पर महात्मा गांधी की ओर से चलाए गए नमक सत्याग्रह से की जा सकती है। उस समय संचार के कोई साधन नहीं थे इसके बावजूद बैतूल के स्वतंत्रता वीरों ने बैतूल के बंजारी ढाल पर हजारों लोगों को जुटाकर सफल विरोध प्रदर्शन किया था, जो बड़ी बात थी। जिले के कोंवा गोंड, जिर्रा गोंड, रामू, मकड़ और बिरसा जैसी शहीदों का उल्लेख इतिहास में होना जरूरी है।

### सुभाष चंद्र बोस का प्रभाव रहा ताप्ती से सटे क्षेत्र में

बैतूल जिले पर सुभाष चंद्र बोस द्वारा निर्मित फारवर्ड ब्लॉक की विचारधारा का बहुत प्रभाव पड़ा। सुभाष चंद्र बोस के भाई शरदचंद्र बोस ने 1942 में बैतूल के ताप्ती क्षेत्र के बाड़ेगांव में किसान आंदोलन की अगवाई की थी। प्रभातपट्टन क्षेत्र के बिहारीलाल पटेल ने शिक्षकों को स्वाधीनता आंदोलन के लिए प्रेरित किया और हिंदुस्तान सेवादल के माध्यम से क्रांतिकारियों को प्रशिक्षित भी किया। सेमीनार के अंत में इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ज्योति शर्मा ने सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। संचालन प्रो. संतोष पवार ने किया।

### 487 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में से 156 जनजातीय समुदाय के 19 हुए शहीद

सेमीनार में डॉ. डीडी देशमुख ने कहा कि बैतूल जिले के स्वाधीनता आंदोलन में सैकड़ों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने योगदान दिए। बैतूल जिले में कुल 487 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में से 156 जनजातीय समुदाय से थे। इनमें से 19 स्वाधीनता आंदोलन में शहीद भी हुए।

### पेज 1 से जारी शेषः राष्ट्रीय एकता के लिए...

अनुसार तिरंगा को सम्मानपूर्वक अपने घर में 3:2 का आयतातकार राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक ऊंचे स्थान पर फहराने का आह्वान किया।

डॉ. अनिता सोनी ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान कर देश का गौरव बढ़ाएं एवं उसका प्रचार प्रसार में सक्रिय योगदान दें। डॉ. कमलेश अहिरवार ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय की ओर से जेएच कॉलेज को वितरण केन्द्र बनाया है। डॉ. प्रतिभा चौरे ने कहा कि तिरंगा झंडा फहराने के नियम एवं झंडा फहराने की विधि की जानकारी प्रत्येक शहर एवं ग्रामीणजनों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। तिरंगा झंडा शपथ कार्यक्रम में अंडर ऑफिसर सेजल बान्से, निकिता यादव, राखी सामंकर, दीपिका यादव, रजनी अहाके, पूजा बनकर, रविना, यदुवंशी, साक्षी विश्वकर्मा, राधिका रघुवंशी, गौरी यादव आदि का सक्रिय योगदान रहा।

### 10 दिनो तक योग...

सुबह से उन्हें खाली पेट, एक साफ दरी लेकर कॉलेज आना है जिससे वे आसानी से योग कर सकें।

### प्रतिस्पर्धा में तनाव का प्रबंधन सबसे ज्यादा जरूरी

इस दौरान प्राचार्य एके तिवारी ने प्रतिस्पर्धा के कारण छात्रों में बढ़ रहे तनाव और डिप्रेशन पर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि जब व्यक्ति क्रोध करता है तो उसकी सांसे तेज हो जाती है। क्रोध का श्वांसो से और श्वांसो का क्रोध से बहुत गहरा कनेक्शन है। यदि वह श्वांसो को नियंत्रित रखना सीख लें तो उसे क्रोध और तनाव नहीं होगा। छात्रों में झुंझलाहट भी दूर हो जाएगी।

### एडवांस इंग्लिश ग्रामर का कोर्स चलेगा 10 दिन

सोमवार को ही अंग्रेजी से और कम्युनिकेशन स्किल से जुड़े एक नए कोर्स का भी शुभारंभ किया गया। एडवांस ग्रामर एंड कंम्युनिकेशन स्किल नाम के इस कोर्स को 10 दिन तक चलाया जाएगा। इस कोर्स में स्टूडेंट बातचीत की कला और इंटरव्यू को पास करने के तरीके सीखेंगे। इंग्लिश की ग्रामर संबंधी बारीकियां भी वे सीखेंगे. इसके लिए मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों के एक्सपर्ट ट्रेनर भी छात्रों को मार्गदर्शन देंगे।

# 69 स्टूडेंट्स को फाइन आर्ट्स के एक्सपर्ट सिखाएंगे पेंटिंग



**■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

जेएच कॉलेज बैतूल में फाइन आर्ट्स के एक्सपर्ट 69 स्टूडेंट्स को 10 दिनों तक पेंटिंग सिखाएंगे। 10 दिन तक जो पेंटिंग स्टूडेंट्स बनाएंगे उसकी आर्ट गैलरी सजाई जाएगी। जिसे कला के पारखी लोग देख सकेंगे। इन पेंटिंग की आर्ट गैलरी अंतिम दिन सजाई जाएगी। जिसे लोग देख सकेंगे। जेएच कॉलेज में नवाचार के रूप में 10 दिनों का पेंटिंग कोर्स शुरू किया गया है। इसमें फाइन आर्ट के एक्सपर्ट स्टूडेंट्स को चित्रकारी सिखा रहे हैं। छात्र-छात्राएं पर्यावरण और साफ-सुथरे जनजीवन से जुड़े चित्र बनाने लगे हैं। ये चित्र 10 दिनों तक बनाए जाएंगे। चित्र बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए जेएच कॉलेज प्रबंधन ने फाइन आर्ट के एक्सपर्ट्स को 15 एक्सपर्ट फिलहाल बुलवाया है। स्टूडेंट्स को पेंटिंग की बारीकियां सिखा रहे हैं। वहीं नागपुर और भोपाल के एक्सपर्ट्स से भी संपर्क किया गया है ये भी जल्द ही बैतूल आकर जेएच कॉलेज में स्टूडेंट्स को प्रशिक्षण देंगे। इधर स्टूडेंट्स भी ग्रुप बनाकर पेंटिंग में रुचि ले रहे हैं।

इससे उनकी रचनात्मकता और सृजनात्मकता विकसित होगी। छात्र अपने खर्च पर भी ब्रश पेंट और केनवास खरीदकर ला रहे हैं और चित्र बना रहे हैं। उनके बनाए चित्र वे अपने पास सुरक्षित रख सकेंगे, कुछ चित्र कॉलेज में भी सजाए जाएंगे।

## जल्द ही शुरू होंगे 3 माह व 6 माह के कोर्स

जेएच कॉलेज की ओर से 3 महीने और 6 महीने के पेंटिंग कोर्स शुरू करने की पहल भी की जा सकती है। इसके लिए प्रपोजल बनाकर भेजा है। इसे मंजूरी मिलती है तो फाइन आर्ट से जुड़े शार्ट टर्म डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स जेएच कॉलेज में शुरू हो सकेंगे। जिले के सबसे बड़े कॉलेज में पढ़ाई की दिशा ÷में एक नया कदम आगे बढ़ेगा।

## एक्सपर्ट देंगे प्रशिक्षण

पेंटिंग के जरिए स्टूडेंट्स की सृजनात्मकता और रचनात्मकता बाहर लाने के साथ ही उन्हें पर्यावरण और देश से जोड़ने के लिए हमने नया कोर्स शुरू किया है। 10 दिनो तक स्टूडेंट्स को पेंटिंग का प्रशिक्षण फाइन आर्ट के एक्सपर्ट देंगे। इस छोटे कोर्स से उनके मस्तिष्क का भी विकास होगा। कुछ एक्सपर्ट प्रशिक्षण दे रहे हैं स्टूडेंट्स उनके बताए अनुसार अपने चुने हुए विषयों पर चित्र बना रहे हैं। वहीं नागपुर और भोपाल से कुछ अन्य एक्सपर्ट बुलवाए जा रहे हैं।

**- डॉक्टर राकेश तिवारी,**
**प्राचार्य जेएच कॉलेज**

# एनसीसी और एनएसएस ने किया 26 यूनिट रक्तदान

**■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

जेएच कॉलेज बैतूल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके तिवारी के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में एनसीसी की ..लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार के नेतृत्व में लेफ्टिनेंट डॉ. खुशाहल देवधरे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निलिमा पीटर, डॉ. गोपाल साहू, डॉ. निहारिका भावसार की उपस्थिति में एनसीसी एवं एनएसएस के 26 कैडेट्स ने रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय की ओर से ब्लड बैंक प्रभारी पदमा पंवार, राजेश बोरखड़े, रमेश जैन, अजय साहू एवं प्रभाकर तायवाड़े ने विद्यार्थियों का रक्त एकत्रित किया। ब्लड बैंक वाहन में कैडेट शांति सोनी, निलिमा बैडरे, अरिना पंडोले, पिंकी परते, रविना यदुवंशी, संजय उइके, विशाल मर्सकोले, सरदार पटेल, कमल किशोर, काजल मालवी, शांति सोनी, आयुष, नवीन नागले,




मनीषा सलामें, ऋतिक डढोरे, युवराज पंवार, कृष्णा, रोहित उइके, लवलेश सोलंकी, अंकित साहू, काजल बामने, मुस्कान चौलिया, पंकज धुर्वे, हर्षित धोटे के द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में एनसीसी कैडेटस वैष्णवी, राखी, साक्षी विश्वकर्मा, भूमि चौकीकर, लवलेश सोलंकी, शिविम, रितिक, एनएसएस ललित तायवाडे, हिमांशु, अमित मालवी, अक्षय, दुर्गा ज प्रसाद, दीपाली पांडे, ललिता का सक्रिय योगदान रहा।



■ न्यूज गैलेरी

## रिसर्च मेथोडोलॉजी विषय पर जेएच कॉलेज में किया वेबिनार

**बैतूल।** जेएच कॉलेज के रसायन शास्त्र विभाग का रिसर्च मैथोडोलॉजी, जेआरएफ, नेट व सेट की तैयारी विषय को लेकर ऑन लाइन वेबिनार प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें डॉ. धनंजय द्विवेदी एवं डॉ. देवेन्द्र रोडगे ने रिसर्च मेथोडोलॉजी पर एवं हितेश वानी ने जेआरएफ, नेट व सेट के विषय में विस्तृत जानकारी आसान तरीके से दी। वेबिनार में 122 छात्र-छात्राएं ने हिस्सा लिया। मार्गदर्शक डॉ. आभा वर्मा, संयोजक प्रो. ओपी खत्री, उपसंयोजक प्रो. वायके सरले, व्यवस्था कमेटी में डॉ. जीपी साहू, एकनाथ निरापुरे, प्रो. मनोज घोरसे, डॉ. ओमसिंग सिसोदिया, तकनीकी टीम में प्रो. पंकज बारस्कर रहे। आभार प्रो. ओपी खत्री ने व्यक्त किया।

## बीकॉम 1 वर्ष की परीक्षा 25 को

**बैतूल।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की बीकॉम प्रथम वर्ष की नियमित और प्राइवेट परीक्षा 25 अगस्त को जेएच कॉलेज की बजाए वीवीएम कॉलेज में होगी। सुबह 8 से 11 में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण बी. कॉम प्रथम वर्ष नियमित एवं स्वाध्यायी के समस्त परीक्षार्थी जिनका परीक्षा केन्द्र जेएच कॉलेज बैतूल था उनकी परीक्षा 25 अगस्त को विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित होगी।

## नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**बैतूल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैतूल द्वारा जेएच कॉलेज परिसर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू का पाठ्यक्रम पढ़ रहे विद्यार्थियों को सप्ताह के हर रविवार को क्लास लगा कर पढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर नंदकिशोर मालवीय ने बच्चों को पाठ्यक्रम की जानकारी देने के साथ पाठ्यक्रम सामग्री वितरित की। इस अवसर पर सुश्री तूलिका पचोरी ने बताया की इस कोर्स का उद्देश्य समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ना एवं नेतृत्व का विकास करना है।

## देश स्तरीय युवा महापंचायत में ऑनलाइन जुड़े विद्यार्थी

**बैतूल।** जेएच कॉलेज में शहीद चंद्रशेखर आजाद की 116वीं जयंती पर रविन्द्र भवन भोपाल में युवा महापंचायत का ऑनलाइन सीधा प्रसारण किया गया। जेएच कॉलेज बैतूल में वर्चुअल कक्षा में प्राचार्य डॉ., राकेश कुमार तिवारी, प्राध्यापकों एवं एनसीसी, एनएसएस के 100 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के युवाओं से प्रदेश के विकास के लिए सुझाव मांगे। उसके अनुरूप युवाओं को स्वरोजगार के लिए आत्मनिर्भर होने की कार्य योजना की रूपरेखा तैयार कर कार्य करने की बात कही।

# विदेशों पर निर्भरता कम कर बनें आत्मनिर्भरः वाजपेयी

**वेबिनार में 503 प्रतिभागी पंजीकृत हुए और 150 लोगों ने ऑफलाइन सहभागिता की**



■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

**बैतूल।** जेएच कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत थीम पर आयोजित किए दो दिवसीय वेबिनार का शुक्रवार को समापन हो गया। इस वेबिनार में अलग-अलग विश्वविद्यालयों से आए वक्ताओं और विशेषज्ञों ने पंचवर्षीय योजना और समेत भारत के विकास में भूमिका अदा करने वाले अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत- भारत की आर्थिक प्रगति के 75 वर्ष एक मूल्यांकन विषय पर वेबिनार का आयोजन किया। दो दिवसीय वेबिनार के प्रथम दिवस पर संयोजक डॉ. जिता बरखानिया द्वारा वेबिनार आयोजन के उद्देश्य एवं विषय का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. आरके तिवारी ने विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत एवं वेबिनार की महत्ता से अवगत कराया।

वेबिनार के प्रथम तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. गणेश कावड़िया, वरिष्ठ अर्थशास्त्री देवी अहिल्या वि.वि. इंदौर को आमंत्रित किया था। प्रो. कावडिया द्वारा भारत के आर्थिक विकास के 75 वर्षो का समीक्षात्मक विवरण प्रस्तुत किया। दूसरे दिन तकनीकी सत्र के प्रमुख वक्ता प्रो. एडीएन वाजपेयी ने विभिन्न आर्थिक विकास मॉडलों की समीक्षा करते हुए बचत के स्थान पर उपभोग में वृद्धि मॉडल को अपनाने एवं अधोसंरचना के विकास से तेजी से विकास करने की बात कहीं।

उन्होंने विदेशों पर निर्भरता कम करके श्रम, पूंजी एवं तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनकर आत्मनिर्भर भारत के विजन को प्राप्त करने का सुझाव दिया। ताकि भारत सतत आर्थिक विकास की अवधारणा को आत्मसात कर सके। विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व सांसद सुभाष आहुजा ने महापुरुषों एवं महात्मा गांधी के आर्थिक विचारों को अपनाकर देश का विकास करने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. आरके तिवारी के आभार प्रदर्शन के साथ वेबिनार का समापन किया गया। वेबिनार में 503 प्रतिभागी पंजीकृत हुए और लगभग 150 लोगों ने ऑफलाइन सहभागिता दी।

# जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय ध्वज संहिता पर कार्यशाला संपन्न

**बैतुला।** जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी केडेट 5 एमपी गर्ल्स बटालियन नर्मदापुरम के तत्वावधान में भारत के राष्ट्रीय ध्वज संहिता के विषय में कार्यशाल संपन्न हुई। कार्यशाला प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी के संरक्षण में एनसीसी होशंगाबाद के सूबेदार मेजर वीआअर चंदन हवलदार रंजीत, देवकरण, महिला विंग लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस मौके पर जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला में विस्तार से इतिहास सहित एनसीसी की 350 छात्रा केडेट्स को समझाइश दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ कमलेश अहिरवार ने व आभार डॉ प्रतिभा चौरे ने व्यक्त किया। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि अब निजी संस्थान एवं आमजन को भी झंडा फहराने का अधिकार मिल चुका है। वीआर चंदेल ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश की शान का प्रतीक है। डॉ कमलेश ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के रंग सत्य विकास व समृद्धि एवं शांति और सत्य का प्रतीक है। अशोक चक्र निरंतर गतिमान का प्रतीक है। डॉ प्रतिभा चौरे ने कहा कि ज का हमेशा सम्मान एवं आदर के साथ फहराना चाहिए। कार्यशाला को सफल बनाने में अंडर ऑफिसर सेजल राखी सावनकर, निकिता यादव, वैष्णवी, दिव्या सोलंकी, सरोज यादव, खुशबु झाडे आदि का सराहनीय योगदान रहा।



**जेएच कॉलेज में हुआ शुभारंभ**

# छात्रों के मानवीय अधिकारों की सुरक्षा को लेकर होगा काम छात्रों की समस्याओं को हल करेगा मानव अधिकार प्रकोष्ठ




■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

अपने अधिकार से संबंधित शिकायत को लेकर जेएच कॉलेज के छात्रों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। कॉलेज में ही छात्र शिकायत कर सकेंगे। छात्रों के मानव अधिकार से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए मानव अधिकार प्रकोष्ठ का शुभारंभ किया।

प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने बताया कि छात्र अपने मानव अधिकारों का हनन होने पर इस संबंध में शिकायत कर सकते हैं। उनको निराकरण के लिए मानव अधिकार प्रकोष्ठ में राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। वहीं प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. वीणा डेहरिया ने बताया कि कॉलेज स्तर पर इस सेल का प्रचार किया जाएगा और छात्रों के मानव अधिकार के सुरक्षा को लेकर काम किया जाएगा। सह संयोजक कृष्णा गौसर और शीतल खरे को नियुक्त किया है।

झूला घर खोलने के निर्देश- कॉलेज के प्राचार्य ने कॉलेज में झूला घर खोलने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कालेज में झूला घर खोला जाए। इससे कि बच्चों को कॉलेज लेकर आने बाली प्राध्यापकों और महिलाओं को सुविधा हो सके। छात्रों को किया जागरूक कॉलेज में ही यातायात पुलिस ने सोमवार को छात्र-छात्राओं की %मानव दुर्व्यापार को लेकर जागरूक किया। सूबेदार गजेंद्र ने इस संबंध में छात्राओं को जानकारी दी। इस मौके पर टीआइ राजेंद्र धर्व, एसआई जागृति साहू उपस्थित रही।

■ नई शिक्षा नीति से रूबरू — नव प्रवेशित छात्रों को नई शिक्षा नीति से रूबरू कराने इंडक्शन कार्यक्रम एवं सेतु कक्षाओं का किया संचालन

# पावर पाइंट प्रजेंटेशन से छात्रों को बताई राष्ट्रीय शिक्षा नीति

■ **जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल।**


**बैतूल।** जेएच कॉलेज में शनिवार को नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति से रूबरू कराने इंडक्शन कार्यक्रम व सेतु कक्षाओं का संचालन किया गया। नव प्रवेशित छात्रों को नवीन शिक्षा नीति में उल्लेखित अकादमिक संरचना, मेजर, माइनर, वैकल्पिक और व्यावसायिक विषय सहित प्रशिक्षुता, शिक्षुता, परियोजना कार्य, सामुदायिक जुड़ाव पाठ्यक्रम पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी के महत्व को समझाते हुए इनसे जुड़ने पर जोर दिया।

इस मौके पर प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र कुमार, प्रो. अशोक कुमार दाभड़े और जिला समन्वयक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने छात्रों को सामाजिक दायित्वों और कॉलेज की बेस्ट प्रैक्टिसेस, लर्निंग प्रोसेस और कॉलेज के छात्रों के हित में विभिन्न प्रकोष्ठों विशेष रूप से कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठों, छात्रवृत्ति शाखा, ग्रंथालय, क्रीड़ा गतिविधि, व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक पर्यावरण स्वच्छता आदि मुद्दों पर नवप्रवेशित छात्रों से परिचर्चा की। कॉलेज की बेस्ट प्रैक्टिसेस के अंतर्गत प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं के जन्म दिवस पर पौधरोपण करने, ग्रीन कैंपस और क्लीन कैंपस की अवधारणा, रक्तदान, मतदान जागरूकता और सुदूर बसे ग्रामों का भ्रमण, उनकी समस्याओं का निदान और शिक्षा तथा जागरूकता, नशामुक्ति और स्वरोजगार स्टार्टअप इंडिया, फिट इंडिया जैसे सामयिक विषयों पर इंडक्शन कार्यक्रम के माध्यम से चर्चाएं की। उल्लेखनीय है कि आगामी समय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद कॉलेज का निरीक्षण करेगी। इसके मद्देनजर प्रवेश प्रभारियों के माध्यम से अपनी-अपनी कक्षाओं में इंडक्शन और सेतु कार्यक्रम किया।



■ संरक्षण — 1932 में जेएच कॉलेज के ऐतिहासिक हार्मोनी हाल के साथ बनाया था कुंआ

# 90 साल पुराने कुंए को सीमेंटेड कर बनाया वाटर हार्वेस्टिंग स्टोरेज टैंक, जमा हो रहा बारिश का पानी




■ **जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल।**

जिले के सबसे बड़े कॉलेज जेएच कॉलेज बैतूल के 90 साल पुराने मोठ वाले गहरे कुएं को प्रबंधन ने शुद्ध रेन वाटर टैंक का रूप दे दिया है। कुएं को ऊपर से पूरी तरह सीमेंटेड कर चबूतरे का रूप दिया गया है, वहीं पूरे कॉलेज कैंपस का पानी इस कुएं तक पहुंचाने के इंतजाम किए हैं। कैंपस का बारिश का पानी सीधे कुएं में जा रहा है। इससे पूरे क्षेत्र का भूजलस्तर बढ़ेगा। जेएच कॉलेज के प्राचार्य आरके तिवारी ने बताया कि पुराने कुएं को पूरी तरह पैक करके इसमें बारिश का पानी जाने के रास्ते बनाए हैं। यह पानी साफ रहे इसीलिए इसे पैक किया है। दरअसल जेएच कॉलेज में 90 साल पुराना कुआं है और इससे सटा हुआ एक कक्ष और पूरा स्ट्रक्चर भी है। पूर्व में इन दोनों को डिस्मेंटल करके यहां समतल करने की योजना थी। लेकिन प्राचार्य तिवारी ने इसे नया रूप देने की प्लानिंग की।

अब इस कुएं जिसे पूरी तरह पैक किया जा चुका है उस पर पेंटिंग भी उकेरी जाएंगी। कलाकृतियां भी सजाई जाएंगी। नपा को

## 19 कुओं पर ध्यान देने की जरूरत

शहर में नगरपालिका के 19 कुएं हैं। इन सभी सरकारी कुओं पर ध्यान नहीं दिए जाने और इनका मेंटेनेंस नहीं किए जाने के कारण इनके हालात भी खराब हैं। अधिकांश कुओं में कचरा डाला जा रहा है। इनमें पानी जाने के रास्ते भी बंद हैं। जिसके कारण ये रिचार्ज नहीं हो पा रहे हैं।

## गार्डन की सिंचाई के लिए बनाया था कुआं, चलती थी मोठ

1932 में हार्मोनी हॉल के निर्माण के समय कुआं भी बनाया गया था। यह ऐतिहासिक इमारत उस समय जिले की सबसे अच्छी इमारत थी। इसमें और गार्डन में पानी देने के लिए 60 फीट गहरा कुआं खुदवाया गया था, इस कुएं में मोठ चला करती थी। गोलाकार उपकरण लगे हुए थे जिनके घूमने से पानी निकलता था। इन्हें बैल खींचा करते थे। इस तरह पूरे गार्डन समेत पूरे कैंपस के लिए पानी उपलब्ध हो जाता था।

# जेएच कॉलेज में हुई एनसीसी भर्ती

**बैतूल।** बैतूल जिले के स्थानीय जयवंती हॉस्कर शासकीय स्नोकोतर महाविद्यालय में दो दिवसीय एनसीसी भर्ती ली गई। महाविद्यालय में प्रति वर्ष एनसीसी भर्ती ÷प्रक्रिया कराई जाती जिसमे फिजिकल और लिखित परीक्षा द्वार कैडेटों का चयन किया जाता हैं। इस वर्ष भी डॉ. खुशाल देवघरे को अध्यक्षता में 13 एमपी नर्मदापुरम के पीआई स्टाप, सूबेदार राकेश कुमार एवं हवलदार अक्षय की सहायता से भर्ती प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। जिसमें 1600 मीटर दौड, बीम, पुसप, सिटअप द्वारा फिजीकल परीक्षा लेकर कैडेटों का चयन किया गया, जिसमें 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। चयनित को प्राचार्य राकेश तिवारी ने दी शुभकामनाएं और देश भक्ति का जोश और उत्साह देखते हुए कहा हमारे देश को आप जैसे ही जोशिले युवा नवजवान की आवश्यकता है। साथ में ये भी बताया कि अपने जोश और जुनून कस्बे को दिखाने का सबसे अच्छा जरिया एनसीसी है। डॉ. खुशाल देवघरे ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी तीन वर्ष एनसीसी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से देंगे। सभी गतिविधियों में अपनी भागेदारी पूरी जिमेदारी के साथ निभायेंगे। साथ ही सभी सीनियर एनसीसी कैडेटों ने भर्ती प्रक्रिया को अपनी पूरी मेहनत ईमानदारी से सुचारू रूप से संपन्न कराने में की सहायता। चयनित कैडेट से अपनी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से एनसीसी को अपना समय देने की ली शपथ।



# पितरों की याद में जेएच कॉलेज में रोपे 75 पौधे, साल भर पानी देगा स्टाफ

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

**बैतूल। पितर पक्ष में पर्यावरण संतुलन और संरक्षण के लिए जेएच कॉलेज में नई पहल की गई। कॉलेज के प्रोफेसरों और कार्यालयीन स्टाफ ने कॉलेज परिसर में 75 पौधे रोपे। इन पौधों की रक्षा अपने पितरों की तरह करने के लिए उन्होंने इनके चारों ओर प्लास्टिक के ट्री गार्ड भी लगवाए हैं। अब साल भर इन पौधों को पानी भी दिया जाएगा।**

पितर पक्ष चल रहे हैं। अपने पूर्वजों के लिए लोग उन्हें जल देने और तर्पण का काम कर रहे हैं। कॉलेज प्राचार्य आरके तिवारी ने स्टाफ से विचार विमर्श करके अपने-अपने पूर्वजों के नाम पर पौधरोपण की प्लानिंग की। इसके बाद नर्सरी से पौधे लाकर स्टाफ के सभी कर्मचारियों ने एक-एक पौधा लगाया। लाइब्रेरी जाने वाले रास्तों, लैब जाने वाले रास्तों और कॉलेज के पीछे खेल मैदान से सटे हुए रास्तों के किनारे पौधरोपण किया गया।

प्राचार्य डॉ. तिवारी ने बताया कि कॉलेज में बड़ी संख्या में ऐसे कर्मचारी भी हैं जिनके पिता भी इसी कॉलेज में पदस्थ थे। अनुकंपा नियुक्ति के बाद वे सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने भी अपने पिता और उनके उत्कृष्ट सेवाकाल को याद कर यहां पौधरोपण किया।



## राशि जुटाकर 130 रुपए का एक ट्री गार्ड लगाया

सभी कर्मचारियों ने आपस में राशि का योगदान कर पौधरोपण किया। पौधों को सुरक्षित रखने प्लास्टिक के विशेष किस्म के जालीदार ट्री गार्ड भी बुलवाए गए। ये ट्री गार्ड प्रत्येक पौधे के चारों ओर लगाए। इन पौधों के लगने से कॉलेज कैंपस हरा-भरा हो सकेगा।



# जेएच कॉलेज में गाजर घांस उन्मूलन के साथ मना एनएसएस दिवस



**बैतूल।** जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरूष एवं महिला दोनो इकाईयों द्वारा वृहद कार्यक्रम कर एनएसएस दिवस मनाया। तीन दिवस तक चलने वाला दिवस पर कॉलेज 5 परिसर, अनकावाड़ी, बांसपानी में [ स्वच्छता अभियान, ग्राम बडोरा में आम के 25 पौधे रोपित किए गए। पाउच पॉलीथिन उन्मूलन के अंतर्गत कॉलेज परिसर में 105 स्वयंसेवकों की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं कॉलेज परिसर में 15 पौधे सदापर्णी, आंवला, शीशम, जामुन, गुडहल के पौधों का रोपण ट्री गार्ड की सुरक्षा के साथ किया। एनएसएस दिवस के अवसर पर प्रवीण परिहार, सतीष सलामें, संजय उइके, दलनायक नवीन नागले, पूनम मालवी, हिमांशू पाटील, बालकिशोर अमरूते, अक्षय मालवी, अभय वामनकर का योगदान रहा।

**टीकाकरण**

# बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से बताया टीकाकरण का महत्व

**बैतूल।** जेएच कॉलेज में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके तिवारी जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद भट्ट, महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, ला. पीएस बग्गा, लायन क्लब अध्यक्ष ला. डॉ. प्रताप देशमुख की उपस्थिति में जेएच कॉलेज, लायंस एवं लियो क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को भी प्रीकॉशन डोज शिविर लगाया गया।

इस मौके पर श्री श्री ज्ञान मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा शाला प्राचार्य जयश्री शाह की उपस्थिति में सुंदर मनमोहक नाटक का मंचन किया। जिसमें बार- बार हाथ धोना, सोशल डिस्टेंस, मास्क के प्रति जागरूक किया। नाटक की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।



प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं सामान्यजन को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने में डॉ. निहारिका भावसार, संदीप गुप्ता, श्रुति गौर, मनीष ठाकुर, डॉ. गोठी, कंचन आहूजा, सपना सोनी, रविंदर कौर बग्गा, संगीता गुप्ता, अनामिका मालवीय, उषा पंवार, मंजुला पाठक, पल्लवी, भल्ला, सागर जसूजा, प्रजग भार्गव, मयंक आहूजा, गौरव भावसार, दिप्ती दुबे, नीलम दुबे, प्रभात दुबे, कोमल लुधियानी, दिपाली कौशिक, दीपा जसूजा का सराहनीय योगदान रहा। शिविर में मुकेश करोले, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अंजली महोबे, छोटी पंवार, अनुराधा बारंगे, योगेश्वर दवंडे, द्वारा अपनी सेवाएं दी गई।

■ हिन्दी दिवस विशेष

### वर्ष 1986 से अभी तक कुल 32 विद्यार्थी हिन्दी साहित्य में कर चुके पीएचडी

# विवि स्तर पर हिन्दी साहित्य में बैतूल के छात्रों ने की सर्वाधिक पीएचडी

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

बैतूल जिले के सबसे बड़े जेएच कॉलेज से हिन्दी साहित्य में पीएचडी करने वाले छात्रों की संख्या विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक बताई जाती है। बैतूल महाविद्यालय से अब तक 32 छात्र हिन्दी साहित्य में पीएचडी कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में प्राध्यापकों की कमी है।

प्राध्यापकों के दो पद सालों से खाली पड़े हैं इन्हें अभी तक भरा नहीं गया है, जबकि हिन्दी साहित्य में अध्यापन करने के लिए हर साल छात्रों की संख्या भी बढ़ रही हैं। हिन्दी भाषा में पीएचडी करना काफी कठिन माना जाता हैं, लेकिन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में हिन्दी साहित्य से सर्वाधिक पीएचडी करने वाले बैतूल के छात्र बताए जाते हैं। जेएच कॉलेज के हिन्दी विभाग की विभागध्यक्ष डॉ. अनिता %सोनी बताती हैं कि वर्ष 1986 से लेकर अभी तक बैतूल जिले से 32 छात्र




हिन्दी साहित्य में पीएचडी कर चुके हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी साहित्य में पीएचडी करने वाले सर्वाधिक छात्र बैतूल से हैं। डॉ. सोनी का कहना था कि हिन्दी के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ी हैं। यही कारण हैं कि हर साल हिन्दी साहित्य में छात्रों की संख्या बढ़ रही हैं।

### 260 विद्यार्थी हिन्दी साहित्य से एम.ए. कर रहे हैं

जेएच कॉलेज में हिन्दी साहित्य विषय में एमए पूर्वाद्ध और एमए उत्तराद्ध करने वाले छात्रों की संख्या 260 बताई जाती हैं। हिन्दी साहित्य का अध्ययन करने वाले छात्रों की संख्या हर साल बढ़ रही हैं, लेकिन इसके विपरित कॉलेज में अध्यापन कराने वाले प्राध्यापकों की कमी आज तक पूरी नहीं हो सकी हैं। वर्तमान में कॉलेज के हिन्दी विभाग में कुल 6 पद स्वीकृत हैं, जबकि कार्यरत सिर्फ चार प्राध्यापक ही बताए जाते हैं। इनमें भी एक अतिथि विद्वान हैं।

कॉलेज प्रशासन ने पदों को भरे जाने के लिए कई बार विश्वविद्यालय स्तर पर पत्राचार भी किया, लेकिन पदों को भरे जाने की प्रक्रिया आज तक नहीं हो सकी। वहीं प्राचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि कॉलेज में हिन्दी साहित्य पढाने के लिए हमारे पास पर्याप्त स्टॉफ नहीं है। जबकि फाउंडेशन कोर्स के सभी विषयों में हिन्दी अनिवार्य हैं। हिन्दी के प्राध्यापकों की भर्ती के लिए विवि को लिखा जा चुका हैं, लेकिन आज तक पद भरे नहीं गए।

## जेएच कॉलेज में 10 दिवसीय संस्कृत पाठ्यक्रम शुरू




**बैतूल।** जेएच कॉलेज में सोमवार को संस्कृत के पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संस्कृत विभाग जयवंती हाक्सर शासकीय महाविद्यालय एवं संस्कृत भारती मध्यभारत प्रांत भोपाल एवं संस्कृत भारती जिला इकाई बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि रघुनंदन सिंह रघुवंशी, सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर एवं न्यासी संस्कृत भारती मध्यभारत प्रांत ने विद्यार्थियों को संस्कृत पढ़ने के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने कहा कि संस्कृत भाषा पर हमें गर्व करना चाहिए एवं जनगणना के समय हमें संस्कृत भाषा को विकल्प में रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष संस्कृत भारती बैतूल रविशंकर पारखे ने संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। संयोजक संस्कृत भारती बैतूल सह समन्वयक रजित सिंह धुर्वे ने संस्कृत को दैनिक क्रियाओं में अपनाने की बात कही। प्रशिक्षक शुभम पाण्डेय ने संस्कृत गीत से कक्षा प्रारंभ की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रगति डोंगरे ने अतिथियों का आभार व विद्यार्थियों को संस्कृत संभाषण कोर्स में स्वेच्छा. से भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. नीरजं धाकड़ ने रखी। कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## महालनोबीस जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

**बैतूल।** जयवंती हॅक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के अर्थशास्त्र विभाग महालनोबीस जयंती पर प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में भारतीय अर्थ व्यवस्था के विकास में महालनोबीस मॉडल द्वितीय पंचवर्षीय योजना के योगदान पर संगोष्ठी का आयोजन द्वारा किया गया। संगोष्ठी में डॉ. धर्मेद्र कुमार, प्रो. अशोक दाभाड़े ने महालनौबीस मॉडल एवं वर्तमान परिप्रेक्ष में सांख्यिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रंजीता बरखानिया- द्वारा किया गया। आभार डॉ. बीडी खातरकर द्वारा किया गया। ज्ञातव्य हो कि भारतीय अर्थ व्यवस्था में द्वितीय पंचवर्षीय योजना जो की सांख्यिकी विद् महालनौबीस के मार्गदर्शन में नियोजित की गई थी।

महालनौबीस का चतुर्थ क्षेत्र प्रदर्श का भारतीय अर्थ व्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संगोष्ठी में डॉ. विजेता चौबे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. अल्का पाण्डे, डॉ. अर्चना मेहता, डॉ. मीना डोनीवाल, डॉ. सलिल दुबे, प्रो. मुकुंद चंदेल, प्रो. मनेष मानेकर, प्रो. राजकुमार गौतम का सक्रिय योगदान रहा।




### संगोष्ठी में जताई बढ़ती जनसंख्या पर चिंता

**बैतूल।** सोमवार को विश्व जनसंख्या दिवस अवसर पर जेएच कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अर्थशास्त्र पीजी के स्टूडेंट्स हिना कुमरे, पिंकी उइके, ऊषा पाटिल ने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉ. आरके तिवारी ने माल्थस के जनसंख्या सिद्धांत का उदाहरण देते हुए व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा भारत और विश्व की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। इससे समस्याएं उत्पन्न हो रही है।



## कॉलेज के स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**बैतूल।** श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर जेएच कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी के संरक्षण और डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वयंसेवक बालकिशोर अमरुते, सतीश सलामे, सिद्धार्थ यादव, नवीन नागले, ललिता सातपुते और ललित तायवाड़े ने रक्तदान किया।

■ नया कोर्स

गीता के अनुसार जीवन जीने की दी जाएगी सीख, संस्कृत विभाग के तहत शुरू होगा सर्टिफिकेट कोर्स

# जेएच कॉलेज में शुरू होगा गीता पर सर्टिफिकेट कोर्स

■ जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल

श्रीमदभगवद गीता के जीवन जीने के तरीकों को अब कॉलेज के स्टूडेंट्स भी सीख सकेंगे। दरअसल लंबे समय से जेरच कॉलेज की ओर से श्रीमदभागवद गीता का नॉलेज विद्यार्थियों को देने के प्रयास किए जा रहे थे। ताकि विद्यार्थी गीता में दिए गए संदेशों को जीवन में उतारकर जीवन जीने की कला सीख सकें। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन ने प्रपोजल बनाकर भेजा था, उसे उच्च शिक्षा विभाग से भी मंजूरी मिल गई है। स्ववित्तपोषी योजना के तहत शार्ट टर्म कोर्स 2022-23 में संचालित करने अनुमति मिलने के बाद जेएच कॉलेज प्रबंधन जल्द ही इस सर्टिफिकेट कोर्स को शुरू करेगा। संस्कृत विभाग के अंतर्गत यह कोर्स शुरू होने के बाद गीता के 18 अध्यायों में दिए संदेशों के अनुसार जीवन जीने की नई राह मिलेगी।

यह सर्टिफिकेट कोर्स 60 दिन में पूरा हो जाएगा। इसके तहत 30- 30 घंटे के दो चरणों में पढ़ाई करवाई जाएगी। श्रीमद भगवद गीता एकमात्र रचना है जो सीधे भगवान के मुख से निकली है। महाभारत युद्ध आरंभ होने के ठीक पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया था।



## जल्द कोर्स शुरू किया जाएगा

स्ववित्तपोषी योजना के तहत शार्ट टर्म कोर्स 2022-23 में संचालित करने अनुमति मिलने के बाद जेएच कॉलेज प्रबंधन इस कोर्स को शुरू करने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही इस सर्टिफिकेट कोर्स को शुरू किया जाएगा। संस्कृत विभाग के अंतर्गत यह कोर्स शुरू होने के बाद स्टूडेंट्स को गीता के संदेशों के अनुसार जीवन जीने की नई राह मिलेगी।

**- डॉ.राकेश तिवारी, प्राचार्य**
**जेएच कॉलेज, बैतूल**

## प्रथम से 18 वे अध्याय तक का दिया जाएगा ज्ञान

सभी 18 अध्यायों के अनुसार जीवन को किस तरह जिया जा सकता है यह भगवत गीता के सर्टिफिकेट कोर्स में सिखाया जाएगा। इसमें प्रथम अध्याय में अर्जुन ने भगवान से अपनी स्थिति कही, वहीं भगवान ने उसकी स्थिति समझी और उसे समझाना शुरू किया। प्रथम अध्याय में दोनों सेनाओं का वर्णन भी है। दूसरे अध्याय का नाम सांख्य-योग है। इसमें जीवन की दो प्राचीन परंपराओं का तर्कों से वर्णन है। अर्जुन को श्रीकृष्ण समझाते हैं कि अर्जुन जैसे वीर के लिए शोक करना उचित नहीं। इसी तरह 18वे अध्याय में गीता के समस्त उपदेशों का सार एवं उपसंहार हैं। इसमें मानव जीवन के लिए तीन गुणों का महत्व कहा गया है इसके आने तक गीता चलेगी।

## प्रो. शेषकर को मिली पीएचडी

**बैतूल।** जेएच कॉलेज में सहायक प्राध्यापक वाणिज्य पद पर



कार्यरत राजेश शेषकर को पीएचडी अवार्ड की गई है। उन्हें । यह पीएचडी वाणिज्य विषय में उद्यमिता विकास केन्द्र का कुटीर एवं लघु उद्योगों के विकास में योगदान बैतूल जिले के विशेष संदर्भ में शोध उपरांत प्रदान की गई है। जिले के नायक चारसी के मूल निवासी कृषक पांडुरंग शेषकर के पुत्र राजेश शेषकर ने यह शोध प्रोफेसर एवं 7 विभागाध्यक्ष बीयू के डॉ. एसके खटीक के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। इनकी उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. विजेता चौबे, डॉ. अशोक दाबड़े, डॉ.हेमंत देशपांडे, प्रो. जीआर राने, प्रो. एमआर वागद्रे, प्रो. ऋषिकांत पंती, डॉ.मौसमी राय, प्रो.कृष्णा गौसर, डॉ.जीपी साहू, डॉ.बीडी नागले, डॉ. एकनाथ निरापुरे, डॉ. मनोहरराव गावंडे, डॉ.धमेन्द्र कुमार, डॉ. अल्का पांडे, डॉ.सलील दुबे, डॉ. सुभाष खातरकर, डॉ.शिवदयाल साहू, अनवर कुरैशी, विवेक पानकर, अमित सिंग ठाकुर, सुरेश यादव, नीरज सिंह ठाकुर सहित कॉलेज स्टॉफ ने बधाई दी है।

# जिला चिकित्सालय में पौधारोपण कर मनाया नेशनल डॉक्टर्स-डे

■ जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल

1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रिया- आर्ट एकेडमी और जेएच कॉलेज के एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने जिला चिकित्सालय पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर सबसे पहले सिविल सर्जन डॉक्टर बरंगा को एनएसएस की दीपाली पंडित द्वारा सप्तरनी का पौधा भेंट किया गया और और ट्रामा सेन्टर के सामने के गार्डन में लगवाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद आरएमओ डॉक्टर रानू वर्मा को पलवी शर्मा ने जासवन का पौधा भेंट कर लगवाया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के सभी डॉक्टर्स के द्वारा पौधारोपण एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने करवाया ।

प्रिया आर्ट एकेडमी के डायरेक्टर मनोज तिवारी ने सभी डॉक्टर्स को भगवान का अवतार बताया और साथ ही साथ पेड़ो को भी प्राकृतिक डॉक्टर्स के जैसा ही बताया। डॉक्टर्स मरीज का इलाज दवाई से करते है और पेड़ खुद में ही ऐसी प्राकृतिक दवाई का भंडार होते है। इस अवसर पर एनएसएस की दीपाली पांडे ने भी सभी को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। अधिवक्ता पल्लवी शर्मा ने सभी को पेड़ों का महत्व और पेड़ों को काटने से रोकने और इसके उल्लंघन में न्यायिक दंड की प्रक्रिया के बारे में सभी को बताया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर बीरांगा, आरएमओ डॉ. रानू वर्मा, डॉक्टर प्रतिभा रघुवंशी, डॉक्टर रूपेश पद्माकर आदि डॉक्टर्स ने संस्था के इस प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता पल्लवी शर्मा, एनएसएस से दीपाली पांडेय और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा ।




## डॉक्टर्स ने जिला अस्पताल में रोपे पौधे

बैतूल। शुक्रवार को जिला अस्पताल में डॉक्टर्स डे पर पौधरोपण किया। सबसे पहले सिविल सर्जन डॉ. एके बारंगा ने सप्तपर्णी व आरएमओ डॉ. रानू वर्मा ने जासवन का पौधा ट्रामा सेंटर परिसर में लगाए। जिला अस्पताल के सभी डॉक्टरों ने पौधरोपण एनएसएस के छात्र छात्राओं ने करवाया। मनोज तिवारी ने सभी डॉक्टर्स को भगवान का अवतार बताया उन्होंने कहा डॉक्टर्स मरीज का इलाज दवा से करते हैं व पेड़ खुद में ही ऐसी प्राकृतिक दवा का भंडार होता है। दीपाली पांडे ने भी सभी को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। अधिवक्ता पल्लवी शर्मा ने सभी को पेड़ों का महत्व व पेड़ों को काटने से रोकने व इसके उल्लंघन में न्यायिक दंड की प्रक्रिया के बारे में सभी को बताया। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिभा रघुवंशी, डॉ. रूपेश पद्माकर आदि ने संस्था के प्रयास की सराहना की।

# विद्यार्थियों के लिए रिसर्च में मददगार साबित होगी पुस्तक 'मेरा बेतूल'




**बैतूल।** जिला मुख्यालय के नामचीन जयवंती हाक्सर महाविद्यालय के सेवा निवृत प्राध्यापक एवं समीक्षक, विद्वान लेखक डॉ. के के चौबे ने बैतूल जिले के वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं कहानीकार रामकिशोर पंवार की पुस्तक मेरा बेतूल की समीक्षा करते हुए लिखा है कि पत्रकारिता आधुनिक सभ्यता का एक व्यवसाय हैं, जिसके अखबार, पत्रिकाएँ, टी व्ही, वेब साइट आदि अनेक उपांग प्रचलित हो गए हैं, परन्तु इन सब माध्यमों का एक ही प्रमुख व्यवसाय हैं। समाचारों का एकीकरण कर लिखना व उन्हें जनसामान्य तक सम्पादित कर पहुंचाना उद्देश्य होता है।

मूल उद्देश्य केवल दिन प्रतिदिन की घटनाओं की अपडेटेड जानकारी देना शिक्षित करना व साथ ही मनोरंजन करना हैं। परन्तु एक खोजी. पत्रकारिता भी होती हैं। जिसमें कुछ नया खोजने का प्रयास किया जाता है। यह जासूसी से बिलकुल अलग होता हैं। यहां तथ्य जुटाने के लिए प्रामाणिक जाँच पड़ताल की जाती हैं। जैसे-जैसे जाँच बढती हैं तथ्यों पर पड़े पर्दों की परतें खुलने लगती हैं और अर्जित ज्ञान में वृद्धि होने लगती है।

ऐसा पत्रकार सत्य की खोज में अर्हनिष एक सामाजिक वैज्ञानिक के समान समर्पित भाव से लगा रहता हैं। रामकिशोर दयाराम पंवार रोंढावाला इस क्षेत्र में 2 वर्षो से काम करते रहे । बैतूल के विद्वान चिन्तक, ज्योतिष शास्त्र के ज्ञाता डॉ. कान्त दीक्षित कहते हैं कि जिज्ञासा ही ज्ञान की जननी हैं। यह प्रतिपादित सूत्र यहां शत प्रतिशत स्थापित हुआ, जब भू. पू. कलेक्टर तेजस्वी नायक ने बैतूल के संदर्भ में इस जिज्ञासा को इस पत्रकार में प्रज्वलित किया और बैतूल जिले के इतिहास, संस्कृति के दरवाजे खुलते चले गए। फलस्वरूप बैतूल की दूसरी स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर पुस्तक मेरा बेतूल 200 नामक इस पुस्तक का लोकार्पण भी विधायक निलय डागा के कर कमलों द्वारा हुआ। इसमें खोजी पत्रकारिता को ही माध्यम बनाया गया हैं। यदि सर्वाधिक प्रसारित दैनिक भास्कर 52 मंदिरों वाले दिगम्बर जैन समाज की जानकारी देता हैं कि मुक्तागिरि सिद्ध क्षेत्र को नत्थूसा पासुसा, गेंदालाल हीरालाल बड़जत्या ने 1928 में मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए 1928 में खरीदा था जहां भगवान पार्श्वनाथ की सप्तफणिक प्रतिमा स्थापित हैं जहां पंचपरमेष्ठी मंदिर स्थित हैं, जहां केशर की बूंदो के दर्शन होते हैं। तो क्या ये तथ्य हम बैतूल वासियों को गर्वित नहीं करतें ? रोंढावाला रामकिशोर पंवार ने इसी दिशा में काम कर अपनी पत्रकारिता को श्रेष्ठता प्रदान की हैं। ऐसे ही अनेक, तथ्य उजागर किए हैं जो जनसाधारण के लिए अज्ञात से जैसे (1) एक टयूबवैल से जलधारा फूटने पर ताती जी का मूल स्थान हैं। (2) झापल पहाड़ी पर स्थित कुंड़ से ताप्ती श्री की सहायक 5 नदिया अलग-अलग दिशाओं में प्रवाहित होती हैं। ताप्ती के जल में विसर्जित अस्थियाँ तीन दिनों में घुल जाती हैं, इसके तट पर बाबा गुरुनानक जी ने 14-15 दिनों तक तपस्या की।

(3) बरसाली के एक पत्थर पर राज टोडरमल ने अखण्ड भारत का केन्द्र बिन्दु घोषित किया (4) बैतूल रोश आइल, तिखाड़ी का तेल फ्रांस में बैतूल आइल व इंग्लैंड में बैतूल टीक प्रसिद्धि पा चुके हैं। (5) बैतूल का (बदनूर) इतिहास 131-181 ईसा पूर्व ही अस्तित्व में आ गया था, परन्तु कौन जानता हैं कि बदनूर कल का बैतूल आज का बैतूल किसी मुगलों के जमाने में मेहमूदाबाद के नाम से जाना जाता था ( 6 ) नहीं मालूम था कि खेड़ला के समीप रावण बाड़ी का तालाब कभी नहीं सूखता (7) अनाज पीसने के लिए पत्थर का घट्टी का उपयोग नौजवान पीढी के लिए अजूबा है। (8) पोफल्या गेस्ट हाउस की जानकारी भी इस नौजवान पीढी को उसे देखने की प्रेरणा देगी। जिला जेल 1817 में व कमानी गेट यानी विक्टोरिया हास्टल 1902 में निर्मित हुआ बैतूल का जिला मुख्यालय बैतूलबाजार था जो 1822 में बैतूल हो चुका था ।


परतवाड़ा मार्ग पर क्रिश्चियन कब्रगाह में 68 कब्रों की पहचान पर रिसर्च हो सकती हैं। इस दृष्टिकोण से पुस्तक मेरा बेतूल में बैतूल को वर्तमान भूगोल व इतिहास की पृष्ठभूमि में ज्ञात करना एक रोचक अध्ययन अनुभव होता हैं।

पत्रकारिता हमारे गणतंत्र व्यवस्था का चौथा स्तंभ होती हैं। रामकिशोर पंवार ने पत्रकारिता के इस दायित्व का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन किया हैं कि वह देश दुनिया के साथ बैतूल से जुड़ी हर जानकारी को पाठकों तक पहुंचाए। इसलिए उन्होंने लगता हैं, कुछ जानकारी कथित स्थान तक स्वयं पहुंच कर दी हैं जैसे कि खेडला किले की एक टूटी दीवार जिस पर चार व्यक्ति एक साथ चल सकते थे या सुरआ खाई जो 10-15 मीटर गहरी है। सूरगांव का विशाल शिव मंदिर, बारहवी के पास का 5 शाखाओं वाला दुर्लभ छिन्द का पेड़, सालबर्डी की बौद्ध कालीन शिल्पकला या शेरगढ़ का मैदानी किला, उसकी बावड़ी, प्रोटेस्टेंट कब्रस्तान में डिप्टी कलेक्टर जे बोर्न की कब्र या रानीपुर का प्राचीन ब्रिटिश कालीन पुलिस थाना । लेखक द्वारा पुस्तक मेरा बेतूल के इसी पुस्तक के आगामी विस्तारित अंक भी प्रकाशित होने का प्रस्ताव भी विचाराधीन हैं तब यह आशा की जा सकती हैं कि इन्हीं आलेखों को ऐतिहासिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक आदि उपांगों में विभाजित कर क्रमबद्ध समरूपता प्रदान की जाएगी। बैतूल की साहित्यिक, सांगीतिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समुचित स्थान दिया जा सकेगा। तभी इसे एक संदर्भ ग्रंथ का गौरव प्राप्त हो सकेगा। आजकल बैतूल की पृष्ठभूमि में इतिहास सामाजिक आर्थिक विषयों पर विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों में रिसर्च का सिलसिला शुरू हो चला है। इसलिए विश्वास है कि इस पुस्तक को भविष्य में संदर्भ ग्रंथों की सूची में उचित स्थान मिल सकेगा। पुस्तक लेखन इतिहास पर अनुसंधान ने प्रेरक का काम किया क्योंकि सर्वविदित हैं इतिहास की बुनियाद पर वर्तमान व भविष्य का स्वरूप निर्मित होता हैं।

## पुरातात्वीक धरोहर

# खापा खतेड़ा में मिला प्राचीन कालीन अशोक चक्र एवं बुद्ध प्रतिमा





**बैतूल।** भारत में मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में आमला के नजदीक 7 किलोमीटर, भोपाल 218 किलोमीटर, नागपुर से 200 किलोमीटर दूरी पर, बैतूल से 28 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम खापाखतेड़ा में छठी शताब्दी का अशोक चक्र एवं बौद्धकालीन प्रतिमाएं, शिल्पकला जयवती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. सुखदेव डोंगरे ने खोज निकाली है। बैतूल जिले में प्राचीनकालीन बौद्ध संपदा पर रिसर्च कर रहे जेएच कॉलेज के प्रोफेसर . सुखदेव डोंगरे को जेएच कॉलेज बैतूल के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एचके पाण्डे द्वारा पूर्व में तैयार किए गए रिसर्च) और पुरातात्विक अभिलेख उपलब्ध कराए गए हैं। इन्ही के आधार पर पता चलता है कि बैतूल जिले में पांचवी, छठवीं और सातवीं शताब्दी की प्राचीन बौद्ध संपदा मौजूद है।

खापाखेड़ा में मिली वुद्ध प्रतिमा शिल्पकला से युक्त शिला पर बने अवलोकेतश्वर बुद्ध, अशोक चक्र, भगवान बुद्ध की दो माताएं महामाया और महाप्रजापति, कटे हुए सिर के बैल की आकृति, शिल्पकला युक्त स्तंभ, पिता शुद्धोधन की गोदी में बाल अवस्था में सिद्धार्थ बुद्ध की प्रतिमा है।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान खापाखतेड़ा के बुद्धम खातरकर, उषा खातरकर, डीएच मासोदकर, जगदीश खातरकर, दशरथ गव्हाड़े, आकोशेराव माकोड़े मौजूद थे। ग्राम खापाखतेड़ा में माता मंदिर, गोरखनाथ मंदिर, शक्ति माँ मंदिर, हनुमान मंदिर में बौद्धकालीन शिल्पकला एवं भगवान बुद्ध से संबंधित प्रतिमाएं मौजूद हैं। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि अशोक चक्र पूर्व में सालबर्डी, काजली कनौजिया में भी मिल चुके हैं। सभी अशोक चक्र छिन्न भिन्न अवस्था में चौबीस तीली वाले पाए गए।

# मां तुझे प्रणाम में बैतूल के 8 स्वयंसेवक करेंगे शिरकत

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**



बैतूल। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत जेएच कॉलेज द्वारा मप्र शासन खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भोपाल के आदेश के परिपालन में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग बैतूल द्वारा जिले के आठ विद्यार्थी जिसमें जेएच कॉलेज के पियुष लोनारे, सूर्यदीप चौरसिया, योगेश्वर पहाड़े, नवीन नागले, सतीष सलामें, आयुष राठौर, शासकीय महाविद्यालय मुलताई से अभिषेक हुरमाड़े, शासकीय महाविद्यालय शाहपुर से विशाल कुंभरे भारत की अंतर्राष्टीय सीमा वाघा बार्डर हुसैनी बाला अमृतसर पंजाब को मप्र के मुख्यमंत्री एवं खेल युवा कल्याण विभाग मंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर मप्र के 24 जिलों के युवाओं को सौहार्द्र एवं आपसी भाईचारे का संदेश देकर विदा किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, रासेयो जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू, प्रो. शीतल खरे, डॉ. राजेश शेषकर, डॉ. कमलेश अहिरवार, बालकिशोर अमरूते, अमित मालवीय, प्रो. संतोष पंवार, प्रो. योगेश्वरी पंवार सहित कॉलेज स्टॉफ ने बधाई दी है।

**पर्यावरण संरक्षण की अभिनव पहल**

# जन्मदिन पर पांच पौधे रोपेंगे जेएच कॉलेज के प्राध्यापक और कर्मचारी



**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जेएच कॉलेज ने एक अभिनव पहल शुरू की है। इसके तहत जेएच कॉलेज के प्राध्यापक एवं कर्मचारी ने अपने जन्मदिन पर कॉलेज परिसर में पांच पौधों का रोपण करेंगे। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी को इस इस अभिनव पहल को सभी प्राध्यापक एवं यों ने हाथों हाथ कर्मचारियों लेते हुए 2022 से इसकी 12 जुलाई 2022 से कर दी है। 2 जुलाई शुरूआत भी कर को ऑयोटेक्नालॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे ने महाविद्यालय परिसर में पांच पौधे विद्या, क्रोटन के रोपित कर अपना जन्म दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ! इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा प्रदूषण रोकने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ. अनिता सोनी ने कहा पौधरोपण से ही अपने बच्चों का जीवन सुरक्षित होगा। डॉ. कमलेश अहिरवार ने कहा पौधे हमें भोजन, ऑक्सीजन, कपड़े, मेडिसिन एवं मानव जीवन से संबंधित सभी आवश्यक्ताओं की पूर्ति करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कृष्णा गोसर ने एवं अभार प्रदर्शन विजय राठौर ने किया। पौधरोपण कार्यक्रम में प्रो. अशोक दाभाड़े, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, प्रो. अर्चना सोनारे, डॉ. मीना डोनीवाल, प्रो. मनोज उघड़े, डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. प्रतिभा चौरे, प्रो. किरण खातरकर, प्रो. राजकुमार चौकीकर, प्रो. मनोज घोरसे, मुकेश करोले, नितेश सूर्यवंशी, राजाबाबू यादव, शैलेंद्र वाईकर, अनंत श्रीवास्तव, गिरधारी मालवीय, रत्नेश जैन, ज्योति भिलाला आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# देवगांव में मिला भगवान बुद्ध की प्रतिमा एवं कमल चक्र



**बैतूल** । भारत में मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के ग्राम देवगांव जो कि आमला से 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। जबकि बैतूल से देवगांव 30 किलोमीटर, भोपाल से 220 किलोमीटर, नागपुर से 203 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल के प्रोफेसर डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि भगवान बुद्ध की भूमि स्पर्श मुद्रा में खंडित अवस्था में गांव के बीच में रास्ते पर रखी है। जिसे कुछ ग्रामीणजन भैरोनाथ की मूर्ति बताते हैं एवं कुछ ग्रामीणों को यह पता ही नहीं है कि मूर्ति किसकी है। देवगांव में ही हनुमान मंदिर है, देवगांव में उपस्थित हनुमान मंदिर के बाहर ग्रामीणजनों ने प्राचीन बौद्धकालीन कमल के फूल की शिल्पकलायुक्त आकृति रखी है जो कि बौद्धकालीन कमल चक्र की तरह प्रतीत होता है।

हनुमान मंदिर के बाहर पीपल के पेड़ के नीचे प्राचीन बौद्ध कालीन शिल्पकला युक्त आकृति रखी हुई है। जिसमें छोटा बौद्ध स्तूप, कलश, खंडित शिल्पकला जिसमें केवल पैर दिख रहे हैं उसके नीचे बौद्धकालीन कलाकृति है। इसके अलावा खंडित अवस्था में स्त्रीरूपी बुद्धकी मूर्ति मौजूद है। उसी के बाजू में अस्पष्ट देवी की मूर्ति उपलब्ध है। जिसकी पहचान किया जाना संभव नहीं है।

इस शोध एवं सर्वेक्षण कार्य में काजली के दुलीचंद खातरकर एवं शिक्षिका भागरती डोंगरे का सहयोग प्राप्त हुआ है।

■ अच्छी पहल

**18 एकड़ जमीन पर फैला हुआ है जेएच कॉलेज का कैंपस, कॉलेज के पीछे नाले से सटी जमीन खाली पड़ी**

# जन्मदिन के दिन प्रोफेसर और स्टूडेंट्स लगाएंगे एक पौधा, जेएच कॉलेज में

## शुरू हुआ नवाचार, स्टूडेंट्स की जन्म तारीखों का डाटा कलेक्शन होगा तैयार




**बैतूल।** जिले के सबसे बड़े कॉलेज में अब स्टूडेंट्स को पर्यावरण संतुलन से जोड़ने के लिए अनूठी पहल की गई है। अब कॉलेज के स्टूडेंट्स और प्रोफेसर अपने जन्मदिन पर पौधा लगाकर उसकी देखभाल करेंगे। इससे वे पौधों और वृक्षों से जुड़ सकेंगे। इस मुहिम को अमली जामा पहनाने के लिए जेएच कॉलेज प्रबंधन ने अपने स्टूडेंट्स की जन्म तारीखों का डाटा अलग से निकालना शुरू कर दिया है। जेएच कॉलेज शहर के बीचोंबीच स्थित है। इसके बावजूद इसके 18 एकड़ के कैंपस और इसके आसपास नाले से सटी जमीन पर पौधरोपण और हरियाली नहीं है। हालांकि इस कॉलेज में 11 हजार स्टूडेंट्स हैं। इसे देखते हुए जेएच कॉलेज के प्राचार्य राकेश तिवारी ने छात्रों को पौधरोपण और पर्यावरण संतुलन से जोड़ने की नई योजना तैयार की है। इसके तहत सभी स्टूडेंट्स के जन्मदिन का डाटा निकाला जा रहा है। हर स्टूडेंट्स अब अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करेगा। अपने जन्मदिन पर बेवजह की पार्टियों पर होने वाले खर्च की जगह इस तरह पौधरोपण करके वह पर्यावरण संतुलन से जुड़ेगा। इसके साथ ही वह पौधे की देखभाल भी करेगा। पौधरोपण के दौरान ही उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं और गीत संगीत समेत अन्य आयोजन होंगे। एक तारीख पर बहुत से स्टूडेंट्स का जन्मदिन रहा तो एक साथ लगाएंगे पौधा- जेएच कॉलेज में हजारों स्टूडेंट्स हैं। ऐसे में यदि बहुत से स्टूडेंट्स का जन्मदिन यदि एक तारीख पर ही पड़ता है तो सभी मिलकर एक पौधा लगा देंगे। जेएच कॉलेज प्रबंधन की ओर से सभी स्टूडेंट्स और प्रोफेसर के जन्मदिन के दिन पौधे लगाए जाने के बाद फोटोग्राफ भी खींचे जाएंगे।

### 11 हजार रेगुलर स्टूडेंट्स

जेएच कॉलेज जिले का सबसे बड़ा गवर्नमेंट कॉलेज है। इस कॉलेज में 11 हजार रेगुलर स्टूडेंट्स पढ़ाई करते हैं। इस तरह साल में एक बार उनका जन्मदिन आने पर पौधरोपण होने से पूरा कैंपस हरा भरा हो जाएगा। फिलहाल ग्राउंड के चारों ओर ओर खाली जमी पर पौधरोपण किया जाएगा। इसके बाद जेएच कॉलेज के पीछे खाली पड़ी नाले से सटी जमी पर पौधरोपण किया जाएगा।

### हरियाली होगी

पौधों के कारण ही हमारा जीवन है। स्टूडेंट्स को इस बात का ध्यान होना चाहिए। पर्यावरण और पौधों के प्रति धन्यवाद के लिए जन्मदिन से अच्छा दिन नहीं हो सकता है। इसीलिए हर स्टूडेंट के जन्मदिन के दिन पौधरोपण की प्लानिंग हमने की है। एक स्टूडेंट एक ही पौधा लगाता है तो कॉलेज और उसके आसपास 11 हजार पौधे लगने से हरियाली होगी।

**डॉ. राकेश तिवारी, प्राचार्य, जेएच कॉलेज, बैतूल**

---

# जीवन को बचाने के समय रक्त लाल सोना है : अमरूते

**बैतूल।** जेएच कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने जिला अस्पताल में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी के संरक्षण में डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू के निर्देशन में डॉ.सलील दुबे की उपस्थिति में रक्तदान किया। जरूरतमंदों को रक्तदान करने वालों में राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय स्वयं सेवक बालकिशोर अमरूते, सतीश सलामे, सिद्धार्थ यादव, नवीन नागले, ललिक्षा सातपुते एवं ललित तायवाड़े थे। डॉ. सुखेदव डोंगरे, ने कहा कि रासेयो के स्वयंसेवक हमेशा देश और समाज -की सेवा के लिए तत्पर रहेगा। इस अवसर पर स्वयं सेवक संजय उइके, सतीश सलामें, मोनेश्वर, सोमचंद साहू, रौनक बारमासे, दामिनी ललित तायवाड़े की उपस्थिति में रक्तदान किया।




# जेएच कॉलेज में हुई लेखन प्रतियोगिता



**बैतूल।** जेएच कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत चित्रकला, कविता, लेखन, प्रेरक कहानिया प्रतियोगिताओं का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य उषा द्विवेदी, एसडीओपी श्रृष्टि भार्गव, पूर्व प्रचार्य डॉ. खेमराज मगरदे, सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. रमाकांत जोशी के आतिथ्य में और प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी मौजूद रहे। इस मौके पर द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं का स्पर्धा के माध्यम से तलाश कर उभारा जाता है। एसडीओपी भार्गव ने साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी के साथ साइबर क्राईम होता है तो पुलिस को तत्काल सूचना देकर बचा जा सकता है। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने कहा कि मेहनत से बेहतर कार्य कर ही विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता में 36, कविता लेखन में 15, कहानी प्रतियोगिता में 4 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा के परिणाम बाद में घोषित किए जाएंगे।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रारंभ




**बैतूल।** जेएच कॉलेज में स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। निर्णायक के रूप में पूर्व प्राध्यायक डॉ. पुष्पारानी आर्य, प्रो. शंकर सातनकर, श्रीमती अनिता सिंह, रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक कला गुरू श्रेणिक जैन, प्रो. कृष्णा गौर, शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही की प्राध्यापिका संगीता आर्य, चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक निमिषा शुक्ला, हर्षिता गोठी, श्रेणिक जैन, निबंध विद्या का संयोजन डॉ. अर्चना मिश्रा, रंगोली का प्रो. धाकड़, चित्रकला का डॉ. रीतू शाह द्वारा सदस्य दीपिका साहू, डॉ.सरोज जावलकर, प्रो. संजय विश्वकर्मा, प्रो संतोष पंवार, डॉ. दीपक मानकर, प्रो. सोनी, डॉ. प्रीति पाल द्वारा प्रतियोगिताएं संचालित की गई। अब विजेता प्रतिभागी प्रदेश स्तर पर हिस्सा ले सकेंगे।

## जेएच कॉलेज में टीकाकरण केंद्र फिर हुआ शुरू

**बैतूल।** शहर के जेएच कॉलेज में फिर से कोविड टीकाकरण केंद्र शुरू हुआ है। 21 जुलाई को शुरू हुए टीकाकरण केंद्र में दो दिन में 195 ने टीके लगवाए हैं। कोविड-19 जागरूकता एवं टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. निहारिका भावसार, प्रो. प्रीति नावंगे, प्रो. महेंद्र नावंगे की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अंजली महोबे,. अनुराधा बारंगे, छोटी पंवार के द्वारा सक्रियता के साथ पंजीयन करते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं 18 से अधिक वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को बूस्टर डोज को- वैक्सीन, कोविशील्ड तथा 12 से 14 आयु के बच्चों को कार्बोवेक्स वैक्सीन लगवाई।



# प्री आरडीसी परेड के लिए 12 छात्र-छात्राएं चयनित



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में जिला स्तरीय प्री आरडीसी परेड चयन प्रक्रिया बुधवार को हुई। इस चयन प्रक्रिया में पूर्व गणतंत्र परेड शिविर 2022 के लिए राहुल चावरिया आमला, नीलेश पठाड़े मुलताई, अभिषेक ढाली सारनी, दीपक साहू घोड़ाडोंगरी, दुर्गाप्रसाद मोरले बैतूल से चयनित बालकिशोर अमरूते एवं सिद्धार्थ यादव को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

इसी प्रकार महिला वर्ग में मुलताई से अंजली सिरसाम, कन्या महाविद्यालय बैतूल से मोनिका उइके, जेएच से रानी खवसे को चयनित किया और वैशाली धुर्वे एवं रूपाली वागद्रे को प्रतीक्षा सूची में रखा है। इस मौके पर रामनारायण शुक्ला, आरडीसी परेड में सहभागी संजय उइके पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में सहभागी नवीन नागले विशेष रूप से उपस्थित थे।

# रिटायरमेंट के पहले प्रोफेसर ने कॉलेज में रोपे पौधे




**बैतूल।** जेएच कॉलेज में इतिहास की प्रोफेसर ने सेवानिवृत्ति को पर्यावरण संतुलन का संदेश देते हुए मनाया। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद भी कॉलेज सुगंध और हरियाली बिखेरता रहे इसीलिए उन्होंने फूलदार और सुगंध वाले पौधे रोपे। प्राध्यापक डॉ. ज्योति शर्मा ने परिजनों और कॉलेज स्टाफ के साथ परिसर में सुंगधराज, रातरानी, गुलाब, मांगरा, मधुकामिनी, पारिजात समेत अन्य फूलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. अलका पांडे, डॉ. विजेता चौबे, डॉ. अशोक दाभड़े समेत अन्य मौजूद थे। गुलाब के 13 पौधे, रातरानी के पांच पौधे, मोगरे के 5 पौधे, मधुकामिनी के 2, पारिजात के 2, जासवन के 6, गेंदे के 25 पौधे इस दौरान लगाए गए। डॉ. ज्योति शर्मा ने 35 सालों तक इतिहास विषय के प्रोफेसर पद पर उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं।

# एनसीसी कैडेटों ने हर घर पर तिरंगा फहराने की ली शपथ

**बैतूल। जयवंती हाक्सर शासकीय कॉलेज में 13 एमपी बटालियन नर्मदापुरम के निर्देश पर आधा सैकड़ा एनसीसी कैडेटों ने पौधरोपण कर उनके संरक्षण की शपथ ली। वहीं आजादी के 75 साल के पूरे होने पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर 50 कैडेट मौजूद थे।**

प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, एनसीसी ऑफिसर डॉ. खुशाल देवघरे एवं अन्य अधिकारियों ने भी महाविद्यालय परिसर में पेड़ लगाने एवं हरा भरा रखने किया कैडेटों व छात्रों को किया प्रेरित किया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगे का महत्व बताकर हर घर तिरंगा अभियान में अपने घरों, ऑफिस आदि में तिरंगा फहराने को कहा। एनसीसी अधिकारी डॉ. खुशाल देवघर ने पौधरोपण करने व उनको संरक्षित करने खाली स्थानों. सड़कों के किनारे, खेतों एवं सभी अनुपयोगी जगहों पर पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी कैडेट व छात्र को हर घर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करने के अलावा अपने-अपने गांव व शहरों में प्रभात फेरी निकाल कर राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।





■ जेएच कॉलेज परिसर बैतूल में रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा पॉलिथिन मुक्त भारत के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक एवं पन्नियों को एकत्रित कर नगरपालिका को सौंपा।



■ बॉटनीकल गार्डन में जयवंती बाई मूर्ति के आसपास राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें रासेयो के आयुष घिडोडे एवं अन्य छात्र मौजूद थे।




■ जेएच कॉलेज में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से विद्यार्थियों का चयन किया गया।




■ जेएच कालेज के विद्यार्थियों द्वारा जरूरतमंद लोगो की मदद हेतू जिला चिकित्सालय बैतूल में रक्तदान किया गया।




■ जेएच कॉलेज के 5 एमपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रैली निकाली जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर कारगिल चौक तक पहुंची।




■ रक्तदान महादान अभियान के तहत जेएच कॉलेज बैतूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को रक्तदान के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये।




■ रन फार वोट अभियान के तहत मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में बैतूल कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस की उपस्थिति में रैली का आयोजन किया गया।



■ महाविद्यालय परिसर में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक कर मतदान का संदेश दिया।




■ अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में जेएच कॉलेज बैतूल के रासयो जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ निलीमा पीटर शामिल हुए।



■ जेएच कॉलेज बैतूल के परिसर में 15 अगस्त 2022 को छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। चित्र उसी अवसर का।



■ जिला सहायक नोडल अधिकारी स्वीप डॉ. सुखदेव डोंगरे मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदान की शपथ दिलाते हुए।



■ युवा महापंचायत भोपाल के लिए रवाना हुए बैतूल जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का ग्रुप टीम मैनेजर प्रो. युगल किशोर सरले एवं डॉ. मेद्या मालवीय के साथ।



■ अर्थशास्त्र विभाग में अंतराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस के अवसर पर संगोष्ठि आयोजित की गई जिसमें प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. बी.डी. खातरकर, डॉ. रंजीता बर्फानिया मौजूद थे।




■ महाविद्यालय में जिला संगठक डॉ सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर द्वारा मतदाता जागरूकता के प्रमाण पत्र विद्यार्थियों को वितरित किये गये।



■ रसायन शास्त्र विभाग में घर-घर में तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को राष्ट्रीय ध्वज संहिता की शपथ दिलाई गई।



■ समाज शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पारानी आर्य का समाजशास्त्र विभाग में उनकी सेवा निवृत्ति के अवसर पर प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी की उपस्थिति में विदाई समारोह आयोजित किया गया।



■ बॉटनीकल गार्डन में एक विद्यार्थी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर पौधरोपण कर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर प्राचार्य, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# आयोजनः एनसीसी की 350 छात्रा कैडेट्स को तिरंगे का गौरव समझाया जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय ध्वज संहिता पर कार्यशाला की

बैतूल। जेएच कॉलेज में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी कैडेट 5 एमपी गर्ल्स बटालियन नर्मदापुरम के तत्वावधान में भारत के राष्ट्रीय ध्वज संहिता के विषय में कार्यशाला हुई। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी के संरक्षण और एनसीसी नर्मदापुरम के सूबेदार मेजर वीआर चंदेल, हवलदार रंजीत, देवकरण, महिला विंग लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार की उपस्थिति में कार्यशाला हुई। संचालन डॉ.कमलेश अहिरवार ने व आभार डॉ. प्रतिभा चौरे ने व्यक्त किया।

डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि अब निजी संस्थान एवं आमजन को भी झंडा फहराने का अधिकार मिल चुका है।




बीआर चंदेल ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश की शान का प्रतीक है। डॉ. कमलेश ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के रंग सत्य, विकास व समृद्धि एवं शांति और सत्य का प्रतीक है। अशोक चक्र निरंतर गतिमान का प्रतीक है।

डॉ. प्रतिभा चौरे ने कहा कि ध्वज का हमेशा सम्मान एवं आदर के साथ फहराना चाहिए। कार्यशाला को सफल बनाने में अंडर ऑफिसर सेजल, राखी सातनकर, निकिता यादव, वैष्णवी, दिव्या सोलंकी, सरोज यादव, खुशबु झाड़े आदि का योगदान रहा।




■ जेएच कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जिला चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर में सहभागिता की। सतीश सलामें रक्तदान करते हुए ।



■ पौधारोपण महाअभियान अंतर्गत बॉटनीकल गार्डन में प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया गया।




■ जेएच कॉलेज बैतूल में चंद्रशेखर आजाद की 116 वीं जयंत के अवसर पर जिलास्तरीय यूथ पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सहभागिता की गई इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य उषा द्विवेदी उपस्थित हुई थी।




■ रसायन शास्त्र विभाग के एमएससी के छात्रों ने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत कोसमी औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया।



हॉकर्स समाचार त्रैमासिक

सत्यमेव जयते

Jh.e News तमसो माँ ज्योतिर्गमय

ज.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)

वर्ष-9 | अंक- 46 | दिनांक 01 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2022 | अवधि-त्रैमासिक | पृष्ठ-16


■ न्यूज गैलेरी

## जेएच कॉलेज बैतूल की जनभागीदारी समिति गठित हुई



**बैतूल।** विगत दिनों मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा घनश्याम मदान को जेएच कॉलेज की जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। श्री मदान ने समिति का विस्तार करते हुए मोहन नागर, बसंत माकोड़े, डॉ.कैलाश वर्मा, मनजीत साहनी, अभिषेक जैन, रितु खंडेलवाल, शिवराज सिंह परिहार, पंडित कांत दीक्षित, विवेक शर्मा, निलेश गोस्वामी, कुंवरलाल नागले, विकास प्रधान, सुमित सोनी, दीपशिखा वैध को सदस्य बनाया। श्री मदान ने कहा कि पूरी टीम मिलकर कॉलेज स्टॉफ व विद्यार्थियों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर महाविद्यालय की अद्योसंरचात्मक कार्य को विकास की ओर ले जाएंगे।

# गांधी जयंती पर हुई फिट इंडिया फ्रीडम रन

» हरी झंडी के साथ कार्यक्रम की हुई शुरूआत, पुलिस मैदान पर सफाई के बाद लगाई दौड़



■ **जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल।**

बैतूल पुलिस ग्राउंड से गांधी जयंती पर हरी झंडी दिखाकर फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 प्रारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डीडी उइके ने सभी को स्वस्थ रहने नियमित दिनचर्या और व्यायाम करने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में सबसे अधिक भागीदारी करने वाले ग्रुप में प्रथम फुटबॉल, द्वितीय हॉकी रहा। साथ ही व्यक्तिगत पुरस्कार में अनिकेत यादव (एथलेटिक्स), अंशुल सूर्यवंशी (कराते), शिवम पवार (हॉकी), बालकिशोर अमरुते (एनएसएस), आरती बिसंद्रे को दिया। प्रतीक चिंह और मेडल देकर पुरस्कृत किया। दौड़ में खिलाड़ी, स्कूली विधार्थियों, एनएसएस, एनसीसी के छात्र-छात्रा, नागरिकों ने स्वच्छता अभियान के साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुलिस ग्राउंड तक फिट इंडिया फ्रीडम प्लान रन में भाग लिया। कार्यक्रम में एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी शीतल खरे भी उपस्थित थे।

## रन फार यूनिटी में कलेक्टर ने लगाई दौड़



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभभाई पटेल (लोह पुरुष) की जन्म जयंती पर जिला स्तर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में नेहरू युवा केंद्र एवं एवं जिला खेल ▶▶ शेष पेज 2 पर...

## स्वच्छता एवं पौधरोपण के साथ मनाई बापू की जयंती



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विवेकानंद गार्डन में गांधी जी की प्रतिमा पर प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, एनएसएस जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू एवं प्रो. शीतल खरे द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर महाविद्यालय परिसर में गाजर घास उखाड़ी, पॉलीथिन हटाया एवं नवीन विज्ञान भवन एवं मानवीकीय संकाय के आसपास 25 पौधे रोपित किए जैविक खाद डालकर ट्रीगार्ड लगाए। गांधी जयंती के अवसर पर 20 प्राध्यापक, 20 कर्मचारी, 10 विद्यार्थी छात्रावास एवं एनएसएस के 100 स्वयं सेवकों ने सक्रिय कार्य कर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छा अभियान प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में एवं डॉ. गोपाल साहू के नेतृत्व में संपन्न किया। इस अवसर पर एलपी साहू, प्रवीण परिहार, ललित तायवाड़े, संजय उईके, नवीन नागले, दुर्गेश कुमरे, बालकिशोर अमरूते, अमित मालवीय, हिमांशु पाटिल, आयुष, देवेष, सिद्धार्थ, पूनम मालवीय, शिवानी महोबे, तनु महोबे, निकिता, दीपिका हजारे, रानी खवसे सहित अन्य प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

पद ग्रहण ▶ घनश्याम मदान ने जनभागीदारी समिति अध्यक्ष का पदभार संभाला

# मेरे लक्ष्य है कि जेएच कॉलेज मप्र में ए ग्रेड में शामिल हो: मदान

■ **जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल।**

मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के अवर सचिव वीरन भल्लावी के आदेशानुसार जेएच कॉलेज बैतूल की जनभागीदारी समिति का घनश्याम मदान को मनोनीत किया गया। सोमवार को घनश्याम मदान ने जेएच कॉलेज पहुंचे जहां प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी ने श्री मदान का अभिनंदन कर पदभार ग्रहण करवाया। इस मौके पर घनश्याम मदान ने कहा कि मेरे लक्ष्य होगा की कॉलेज परिवार के साथ मिलकर कॉलेज को मप्र में ए ग्रेड में लाना होगा। उन्होने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि सभी विद्यार्थियों की बात



सुनकर उन्हें उचित सुविधा दिलवाई जाए। डॉ.राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि घनश्याम मदान जेएच कॉलेज के ही विद्यार्थी रह चुके हैं साथ ही अतिथि विद्वान के रूप में अपनी सेवाएं भी दे चुके हैं इस कारण श्री मदान जेएच कॉलेज से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

इस अवसर पर शैलेन्द्र आर्य, अतीत पंवार, लतेश पंवार, कपिल वर्मा, विवेक शर्मा, कुवंरलाल नागले, शिवराज परिहार, अतुल देशकर, प्रवीण शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, हीरालाल मालवीय, अनिल सोनी, मुख्य लिपिक मो. अनवर कुरैशी, प्रो.हेमंत देशपांडे, अशोक दभाड़े, प्रो.गुलालराव राने, डॉ.सुखदेव डोंगरे, अमित ठाकुर, अमित आर्य, सहित कॉलेज स्टॉफ मौजूद थे।

» प्राचार्य-डॉ. राकेश कुमार तिवारी » संपादक-डॉ.सुखदेव डोंगरे » सह संपादक-डॉ.गोपाल साहू » डॉ. मनोहर गावंडे

## संपादकीय

### फिट इंडिया फ्रीडम रन, रन फार यूनिटी, जनभागीदारी समिति का गठन, युवा नीति, युवा उत्सव व राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 रहे प्रमुख

जेएच कॉलेज बैतूल में माह 01 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2022 के मध्य स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहीं गांधी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हुए जिसमें फिट इंडिया फ्रीडम रन, का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य स्वस्थ्य रहने, व्यायाम के प्रति सजगता लाना रहा। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फार यूनिटी में कलेक्टर अमनवीर सिंह ने विद्यार्थियों के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। श्री घनश्याम मदान ने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर जनभागीदारी समिति का गठन किया। युवा नीति पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एनएसएस का अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता आंदोलन के लिए बलिदान देने वाले नायकों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। संविधान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 पर विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। मतदान के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जनचेतना यातायात सुरक्षा अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय एड्स दिवस पर ऑनलाईन प्रतियोगिताएं करवाई गई। मानवाधिकार दिवस मनाया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रदेश में युवा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। युवा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें अनेक स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। संविधान दिवस मनाया गया। एनसीसी के 13 एमपी बटालियन के सीओ का आगमन हुआ। स्वच्छता के साथ पौधारोपण महा अभियान चलाए गये। मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा पौधारोपण के साथ मैराथन दौड़ व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जेएच कॉलेज कैपस में खेल मैदान का विकास किया गया। अध्ययन अध्यापन का कार्य में सक्रियता बरती गई। साथ ही सेमेस्टर सिस्टम की पीजी परीक्षाएं संचालित की गई।

# रासेयो स्वयं सेवकों ने युवा नीति पर जन जागरूकता हेतु रैली निकाली




**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।** जे. एच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइ एवं महाविध्यालय के छात्र-छाओं द्वारा डॉ राकेश तिवारी के संरक्षण में आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेशानुसार युवा नीति के निर्माण में जन जागरूकता हेतु विशाल रैली का आयोजन किया गया यह रैली महाविध्यालय परिशर से होती हुई, कालेज चौक, SP कार्यालय, भीमराव अम्बेडकर चौक से पेट्रोल पंप एवं शिवाजी चौक होते हुए- महाविध्यालय पहुंची। जिसमें महाविध्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं के साथ रासेयो स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद सादू के मार्गदर्शन मे सहभागीता की एवं विर बाल दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें . गुरु गोविन्द सिंह को पुत्रों के बलिदान के ऊपर वृहद चर्चा हुई जिस चर्चा में जिला संगठक डॉ सुखदेव डोगरे, प्रो शीतल खरे, डॉ खुलहाल देवघरे, एवं रासेयो स्वयं सेवक नविन नागले, बालकिशोर अमरूते, कोमल, रिया, पूनम, आयुष कुनाल, ललीता, हिमाशु, क्षेजल, नेहा सहित लगभग 50 स्वयं सेवक सक्रिय रूप से उपस्थीत रहे।

## पेज 1 से जारी शेष: रन फार यूनिटी

एवम कल्याण विभाग बेतूल द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी दौड़ में कलेक्टर श्री अमनवीर सिंह बेस अपर कलेक्टर महोदय, बेतूल एसडीएम श्री केसी। परते, सेवा योजना के जिला संगठक डॉ सुखदेव डोंगरे, युवा कल्याण विभाग की अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील, जिला शिक्षा अधिकारी सहित एनएसएस के स्वयंसेवक, खेल विभाग के खिलाड़ी, पुलिस विभाग सहित 1000 लोगों ने रन फार यूनिटी दौड़ में सहभागिता की। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवक सतीष सलामे, संजय उईके, नवीन नागले, दुर्गेश कुमरे, हिमांशु पाटिल, दामिनी मानकर, मेघा सिंह राजपूत शिवानी मोहबे अंजलि नागौर दीपिका वागादरे बबीता काकोड़िया आदि ने सहभागिता कर सहयोग प्रदान किया।




# 13 एमपी बटालियन के सीओ बैतूल पहुंचे, 13 एमपी एवं 5 एमपी गर्ल्स बटालियन की एनसीसी कैडेट छात्राएं भी हुई शामिल

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।** बैतूल जिले के अग्रमि महाविद्यालय जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय बैतूल में 13 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर हरप्रीत सिंह के द्वारा सोमवार को निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके स्वागत के लिए गॉर्ड ऑफ ऑनर किया गया। उनके द्वारा गार्डों की प्रशंसा की गई। सीओ के निरीक्षण के लिए एनसीसी के 200 कैडेट उपस्थित थे, जिसमें 13 एमपी बटालियन व 5 एमपी गर्ल्स बटालियन नर्मदापुरम की एनसीसी की कैडेट छात्रा भी शामिल थी। सीओ के द्वारा आरडीसी परेड के बारे में बताया गया व एसएसबी साक्षात्कार के बारे में बताया गया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी के द्वारा उनके एनसीसी कैडेट के समय की बहुत सी बातें बताई । एनसीसी को कॉलेज में एनसीसी परेड के लिए ग्राउंड तैयार किया जा रहा हैं, उसके बारे में बताया गया। साथ ही एनसीसी अधिकारी खुशाल देवघरे के द्वारा सीओ से एनसीसी की बटालियन पूरी करने का कहा गया। निरीक्षण के लिए 13 एमपी बटालियन नर्मदापुरम के सीओ हरप्रीत सिंह, सूबेदार दलवीर व हवलदार नरेंद्र थे । इस अवसर सर सीनियर अंडर ऑफिसर लवलेश सोलंकी व अंडर ऑफिसर मोहित पाल व अंडर ऑफिसर अजय यादव व अंडर ऑफिसर वैष्णवी सोलंकी व अंडर ऑफिसर राखी व सभी 200 कैडेट शामिल रहे।



■ न्यूज गैलेरी

## भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हमारी शान का प्रतीक है



**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में ज्ञानोदय महाविद्यालय बैतूल में तिरंगे झण्डे का इतिहास महत्व एवं विशेषताएं विषय पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. सुखदेव डोंगरे (ज.हॉ. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल), प्राचार्य कमलेश जागरे, संयोजक वैशाली पाण्डे, सह संयोजक रूचिका बारस्कर, विशेष वक्ता महेन्द्र खोबरागढ़े की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करते हुए शुभारंभ किया गया। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा भारत के राष्ट्रीय ध्वज में केसरिया रंग साहस एवं वीरता का प्रतीक है। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, हरा रंग समृद्धि एवं खुशहाली का प्रतीक है तथा अशोक चक्र कर्तव्य जैसे संयम, प्रेम, बंधुता, समानता, त्याग, आरोग्य, शांति, कर्तव्य, बुद्धिमता, उद्योग, समर्पण, अर्थ, कृषि, बलिदान, करूणा, विकास, संरक्षण जैसे कुल 24 कर्तव्य भारतीय नागरिकों को करने की प्रेरणा देता है।

महेंद्र खोबरागढ़े ने कहा हमारे देश की शान भारतीय राष्ट्रीय ध्वज है, हमें इसका सम्मान करना चाहिए। प्राचार्य कमलेश जागरे ने कहा तिरंगे झंडे का सदैव सम्मान करना चाहिए। यह प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है। कार्यक्रम में प्राध्यापक एवं छात्र/छात्राओं की कुल 106 की संख्या में सहभागिता कर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में अपना ज्ञान वर्धन किया।

## एनएसएस ने पुस्तके की वितरित



**बैतूल।** हिन्दू मान्यता के अनुसार शिक्षा के दान को सर्वोत्तम दान कहा गया है। इससे बढ़कर कोई दान नहीं होता है। जेएच कॉलेज में जरूरतमंद बी.एससी प्रथम वर्ष की मेधावी छात्रा उमा द्विवेदी को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रयास से पुस्तके भेंट की। जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि एनएसएस अपने स्तर पर निःशुल्क पुस्तकें जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को उपलब्ध करवाता है। इस तारतम्य में बुधवार को पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रो.सलील दुबे, डॉ.अनिता सोनी, डॉ.चन्द्रशेखर मेश्राम, डॉ.युगलकिशोर सरले, प्रो.बबीता चौहान, प्रो.नीरज धाकड़, प्रो.राहुल ठाकुर, डॉ.सुदामा कोकाटे, डॉ.प्रीति बाला पाल, प्रो.मनोज घारसे, शिवम लिखितकर, मंगलसिंह धुर्वे, क्रीडा अधिकारी मनोज अहिरवार आदि मौजूद थे।

# जीवन का सहीं अर्थ दूसरो के लिए सेवाभाव रखनाः डॉ. सक्सेना

## एनएसएस को अभिमुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न




■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।

बैतूल। राष्ट्रीय सेवा योजना जेएच कॉलेज के तत्वावधान में जिला स्तरीय रासेयो अभिमुखीकरण कार्यक्रम (प्रशिक्षण कार्यशाला) सोमवार जयवंती सभागृह में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय समन्वयक रासेयों प्रकोष्ठ बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल डॉ.अनंत कुमार सक्सेना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, विशेष अतिथि डॉ.पवन मिश्रा, ईटीआई प्रशिक्षक, मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी रासेयों प्रकोष्ठ बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल मुख्य वक्ता राहुल सिंह परिहार, जिला संगठक जिला बैतूल डॉ सुखदेव डोंगरे, समन्वयक जन अभियान परिषद प्रो.संतोष पावर, प्रिया चौधरी, की विशेष उपस्थिति में और प्रभारी प्राचार्य डॉ.अनीता सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अतिथियों के स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और रासेयो लक्ष्य गीत एवं स्वागत गीत नीति एवं साथियों के द्वारा गायन प्रस्तुत किया गया। साथ हीअतिथियों का स्वागत पौधा भेट कर किया गया। इस मौके पर स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया और फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत 100 मीटर की दौड़ कराई गई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में गोंडी लोक नृत्य, लघु नाटिका रक्तदान महादान, नृत्य राजस्थानी संस्कृति, नृत्य कत्थक, का मंचन किया गया। डॉ.अनंत कुमार सक्सेना ने बताया की एनएसएस का विद्यार्थी जीवन में क्या महत्व है। उन्होने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं जीवन का सही अर्थ है दूसरों के लिए दिल में सेवा भाव रखना। डॉ.पवन मिश्रा ने सिकल सेल एनीमिया के बारे में स्वयं सेवको को वृहद जानकारी दी। राहुल सिंह परिहार के द्वारा सभी स्वयं सेवको को एसएस की वास्तविक परिभाषा से अवगत कराते हुए कर्तव्य पथ पर चलने की बात कही। प्राचार्य के द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन हुआ एवं प्रिया चौधरी से द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई मंच संचालन बालकिशोर अमरूते एवं कविता के द्वारा व आभार कार्यक्रम अधिकारी डा. गोपाल प्रसाद के द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रो.जगदीश उइके, प्रो.शंकर सातंकर, डॉ.मीना डोनीवाल, प्रो.हेमंत निरापुरे प्रो.प्रदीप पंदराम, राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, कु. दीपाली पाण्डे, ललित तायवाड़े, सतीश सलामे, संजय उइके सहित जिले की लगभग 15 इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी एवं जे. एच. कॉलेज बैतूल के प्रोफेसर्स के साथ कार्यक्रम में लगभग 300 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के संचालन में बालकिशोर अमरूते के साथ हिमांशु पाटिल, नवीन नागले, कोमल देशमुख, कन्हैया अमरूते, अक्षय मालवीय, अमित, दुर्गाप्रशाद, निशा, रोशनी, मुस्कान, मालती, लक्ष्मी, अभय, देवेश, हर्षा, पूनम, तनु, शिवानी, रानी, गायत्री एवं नीति तढगे़ का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत जेएच कॉलेज में चला सफाई अभियान

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।



प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने लगाए पौधे

**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, एनएसएस जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू एवं प्रो. शीतल खरे द्वारा महाविद्यालय परिसर में गाजर घास उखाड़ी, पॉलीथिन हटाया एवं नवीन विज्ञान भवन एवं मानवीकीय संकाय के आसपास 25 पौधे रोपित किए जैविक खाद डालकर ट्रीगार्ड लगाए। इसी अवसर पर प्राचार्य द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को साफ-सफाई एवं पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान 20 प्राध्यापक, 20 कर्मचारी, 10 विद्यार्थी छात्रावास एवं एनएसएस के 100 स्वयं सेवकों ने सक्रिय कार्य कर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छा अभियान प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में एवं डॉ. गोपाल साहू के नेतृत्व में संपन्न किया। इस अवसर पर डॉ. सलिल दुबे, डॉ. अर्चना मेहता, डॉ. नीलिमा पीटर, एलपी साहू, प्रवीण परिहार, ललित तायवाड़े, संजय उईके, नवीन नागले, दुर्गेश कुमरे, बालकिशोर अमरूते, अमित मालवीय, हिमांशु पाटिल, आयुष, देवेष, सिद्यार्थ, पूनम मालवीय, शिवानी महोबे, तनु महोबे, निकिता, दीपिका हजारे, रानी खवसे सहित अन्य प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

# प्रो. डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा बारिश पर 3 शोधपत्र सत्य साबित हुए

**बारिश को लेकर वैज्ञानिक आधार पर जारी किए गये थे तीन शोधपत्र, 2022 में अब तक हो चुकी 63.50 इंच बारिश**

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।

बैतूल। जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल प्राणिशास्त्र के प्रोफेसर बॉयोटेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा 15 जून 2022 को टिटहरी के चार अंडे एवं नवतपा के आधार पर, 17 जून 2019 को नवतपा के आधार पर एवं 13 जून 2013 को बारिश का अनुमान टिटहरी के चार अंडों पर शोधपत्र जारी किया था। सामान्यजन का मानना है विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा जारी शोधपत्र हमेशा सत्य साबित होते हैं। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बारिश होने के पूर्व ही हमेशा अपने शोधपत्र वैज्ञानिक आधार पर जारी किए और बारिश का पूर्व अनुमान हमेशा सत्य साबित हुआ। 2022 में 15 जून को शोधपत्र जारी करने के उपरांत 30 सितंबर तक 63.50 इंच बारिश और 2019 में 17 जून को शोधपत्र प्रकाशित होने के उपरांत 51.104 इंच बारिश एवं 2013 में 13 जून को शोधपत्र प्रकाशित होने के उपरांत 69.952 बारिश हुई थी। मौसम विभाग हवा एवं वायु दबाव के आधार पर बारिश का अनुमान बताता है, प्राणिशास्त्र के वैज्ञानिक आरएल नाईक, पीवी चार्ज, बी धुर्व (1961), मुंबई मुनपुर तेज (1885) पूना, एस श्रीधर बरबंकी (1991), केसी टसंग व वांग लुवंग केंगे (2007) के अनुसार जिस वर्ष टिटहरी 4 अंडे देती है उस वर्ष बारिश अच्छी होती है। इसी आधार पर डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा 2013 बीना के रेलवे अस्पताल के नजदीक एवं 2022 में टिटहरी ने बैतूल के कालापाठा क्षेत्र में 4 अंडे दिए थे जिस पर शोधपत्र प्रकाशित कर बताया था बारिश अच्छी होगी। 2019 में केवल नवतपा में 43.5 से 44.5 डिग्री सेल्सियश से भी अधिक गर्मी हुई थी, नवतपा के मध्य बारिश बिल्कुल नहीं हुई थी उस वर्ष बारिश अच्छी हुई थी। 2022 में डॉ. सुखदेव डोंगरे को बैतूल के कालापाठा क्षेत्र में टिटहरी के 4 अंडे मिले थे, लेकिन नवतपा के मध्य बारिश हुई थी एवं तापक्रम कम रहा। उस कंडीशन में शोधपत्र बनाना अत्यंत कठिन हो गया था। लेकिन नवतपा के पूर्व में एवं बाद में तापक्रम अधिक रहा। उसी को आधार मानकर 15 जून 2022 में अपना शोधपत्र जारी कर यह बताया कि बारिश अच्छी होगी। 2022 का डॉ. सुखदेव डोंगरे का बारिश का अनुमान भी सत्य साबित हुआ।

# जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई

## सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 562 रियासतों को मिलाकर एक भारत का निर्माण किया

**बैतूल।** जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर 31 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय एकत की शपथ सामुहिक रूप से दिलाई गई। राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रममें प्रमुख रूप से प्रो. हेमंत देशपांडे, प्रो. ओपी खत्री, डॉ. मीना डोनिवाल, डा. पल्लवी दुबे, डॉ. मनोहरराव गावंडे, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. एकनाथ निरापुरे, डॉ. बीडी खातरकर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सलिल कुमार दुबे उपसित रहे। कार्यक्रम के सफल बनाने में प्रो. मनोज घोरसे, डॉ. एकनाथ निरापुरे, डॉ. शारदा कौशिक, प्रो. संतोष पंवार, विवेक पानकर, गिरधारी मालवीय, रिंकू पाटिल, दीपेश डोहरिया, प्रो. संतोष पाटिल, प्रो. राजेश शेषकर, प्रो. सोनाली साहू आदि का सक्रिय योगदान रहा। डॉ. गोपाल प्रसाद साहू ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 562रियासतों को मिलाकर एक शक्तिशाली भारत राष्ट्र का निर्माण किया।



प्रातः 7.00 बजे मेजर ध्यानंद हॉकी स्टेडियम में रन फॉर यूनिटि में जिला संगठन सहित 100 स्वयं सेवकों ने सहभागिता की।

**संगोष्ठी का आयोजन**

# आजादी का अमृत महोत्सवः बैतूल में स्वतंत्रता आंदोलन के लिए बलिदान देने वाले नायकों पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन




■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।

18 अक्टूबर को इतिहास विभाग के निर्देशन में राष्ट्रीय संगोष्ठी आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विषय 'स्वतंत्रता आंदोलन में स्थानीय नायक बलिदानी' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजेता चौबे, डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला के प्राध्यापक डॉ. गुलाबराव डोंगरे, राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार एवं नोडल अधिकारी आजादी के अमृत महोत्सव के डॉ. सुखदेव डोंगरे, शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के डॉ. साहेबराव झरबड़े एवं हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता सोनी, डॉ. मीना डोनीाल, डॉ. आशीष गुप्ता, शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल, डॉ. नोज उघड़े, डॉ. मनेश मानकर, डॉ. निधीश मिश्रा, प्रो. संतोष पवार एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम में स्थानीय बलिदानियों की इतिहास विषय से जुड़े, जंगल आंदालन सत्याग्रह एवं महत्वपूर्ण आंदोलनों से जुड़ी घटनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पल्लवी दुबे, सह संयोजक प्रो. मुकुंद चंदेल द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के स्थानीय जननायक बलिदानी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमें बैतूल जिले के सत्याग्रह आंदोलन, जंगल आंदोलन एवं रानीपुर थाना पुलिस संग्रहालय पर बैतूल जिले के समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डाला गया।

■ नई शिक्षा नीति से रूबरू — नव प्रवेशित छात्रों को नई शिक्षा नीति से रूबरू कराने इंडक्शन कार्यक्रम एवं सेतु कक्षाओं का किया संचालन

# विश्व का सबसे बड़ा लिखित भारतीय संविधान है : डॉ डोंगरे

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।

## संविधान पर परिचर्चा संपन्न



जेएच कॉलेज बैतूल में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने संविधान की शपथ दिलाकर कहा भारत का संविधान दुनिया का श्रेष्ठ एवं बड़ा लिखित संविधान है। भारतीय संविधान 24 नवंबर 1949 को बनकर पूर्ण हुआ। 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया एवं 26 जनवरी 1950 को देश में लागू किया गया। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, प्रमुख सलाहकार डॉ. बीएन राव एवं प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर और कुल 298 संविधान सभा के सदस्यों ने मिलकर विश्व का सबसे विकासशील लिखित संविधान बनाया। डॉ. अंबेडकर ने वंचित, शोषित एवं महिलाओं को शिक्षा, समानता, स्वतंत्रता के मूल अधिकार देकर उनके विकास का रास्ता खोलकर भारत में विकास की गंगा बहा दी। संविधान परिचर्चा का संचालन दलनायक कोमल देशमुख ने करते हुए कहा विभिन्न धर्मों, वर्गों, जाति, भाषा, क्षेत्रीयता में बंटे पूरे भारतीय समाज को डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से एक सूत्र में पिरोया है। तनु महोबे ने कहा हर घर में संविधान की पुस्तक होना चाहिए, जिससे हक, अधिकार एवं कर्तव्यों का ज्ञान होता है। परिचर्चा में रिया खातरकर, आंचल मोहबे, मनीषा बावने, हर्षा राजेश, अंजली नागोरे और रंजीत कासदे ने संविधान पर अपने विचार प्रकट किए।

परिचर्चा को सफल बनाने में कुणाल केतपुरे, कविता, शिवानी मोहबे, नीति, अंजली मालवी, प्रज्ञा, प्रणिता, पुष्पांजलि, ललिता, निकिता सरियाम का सक्रिय योगदान रहा।

■ प्रतिस्पर्धा — राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में महाविद्यालय स्तरीय

# राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति पर प्रतियोगिताएं संपन्न



■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।

जेएच कॉलेज बैतूल में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन सतपुड़ा भवन भोपाल के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में, एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में, नोडल अधिकारी प्रो. मनोज कुमार घोरसे के नेतृत्व में, समन्वयक डॉ. मनोहर राव गावंडे एवं सह समन्वयक प्रो. संजय कुमार विश्वकर्मा के संयोजन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। प्रश्न मंच में प्रथम स्थान पर दल पूनम मालवीय, सुरभि जैन, खुशी अरोरा व द्वितीय स्थान शिवांनी बंजारे, साक्षी राठौर एवं सेजल पवार ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी राठौर, द्वितीय खुशी अरोरा व तृतीय स्थान मोहन मदान ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में महिमा पंवार ने प्रथम, प्रीति चौधरी द्वितीय एवं योगेश पंवार तृतीय रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अंशुलिका साहू एवं द्वितीय स्थान तीर्थंकर सेन ने प्रात किया। प्रतियोगिताएं संपन्न कराने में डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. युगल किशोर सरले, डॉ. प्रतिभा चौरे, प्रो महेंद्र नावंगे, प्रो. राहुल ठाकुर, डॉ. शारदा कौशिक, प्रो. योगेवरी पंवार, प्रो. बबीता चौहान, प्रो. संतोष पंवार, डॉ. दीपक मानकर ने सक्रिय सहयोग दिया। दिनांक 19 नवंबर 2022 को प्रातः 11.00 बजे से जेएच कॉलेज बैतूल में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय स्तर पर प्रश्न मंच में प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला दल (3 विद्यार्थी) अन्य प्रतियोगिताएं भाषण, निबंध, पोस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही जिला स्तर पर प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थी प्रवेश शुल्क रसीद एवं आइडेंटी कार्ड, अंतिम वर्ष की उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची एवं 10वीं, 12वीं अंकसूची अवश्य लाएं। सभी प्राचार्य, टीम मैनेजर दल के साथ भेजने का कष्ट करें।

# विश्व एड्स दिवस पर संगोष्ठी संपन्न



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं बरकतउल्ला विश्व विद्यालय भोपाल के आदेश के परिपालन में प्राचार्य के संरक्षण में विज्ञान भवन में विज्ञान विषय के प्राध्यापक एवं 70 विद्यार्थियों की उपस्थिति में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा एड्स लाइलाज है, बचाव ही सबसे उत्तम साधन है। एड्स बीमारियों का समूह है जिसके कारण अधिक पसीना आना, ठंड लगना, बुखार आना, क्रोनिक दस्त, जीभ और मुंह में सफेद धब्बे, थकान, वजन घटना एवं त्वचा पर चकते बनते हैं। एड्स बचाव के संबंध में कहा जीवन साथी के अलावा किसी से यौन संबंध नहीं रखें। एचआईवी ग्रसित व्यक्ति का ब्लड ना हो, उपयोग में लाई सीरिंग व सुई का प्रयोग न करें। संगोष्ठी में विवेक सूर्यवंशी, पूजा इरपाचे, पूनम किरोड़े, रविना, मीना उईके, कंचन लोबांसे, शिवानी शेषकर ने अपने विचार प्रकट किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनिल वट्टी, विकास भालेकर, विजिया, दीक्षा, भूमिका उईके, अनुराधा ठाकरे, लक्ष्मी दाण्डोरे, श्रुति, त्रिशा, दीपाली भावसार, वंदना, प्रीति, आयुषी प्रजापति, रेवती यादव, अनिषा सोलंकी, गिफ्टी थामस आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# स्वच्छता, पौधरोपण कर मनाया मप्र का स्थापना दिवस

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

मप्र के स्थापना दिवस अवसर पर जेएच कॉलेज बैतूल में उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 स्वयंसेवकों ने मैराथन दौड़ के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए।

कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के संरक्षण में एनएसएस जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, डॉ.सलील दुबे, डॉ.धमेन्द्र कुमार, डॉ.मिनाक्षी चौबे, डॉ.मीना डोनीवाल, डॉ.मनोहर गावंडे, प्रो.संजय विश्वकर्मा, डॉ.अर्चना मेहता, डॉ.बीडी खातरकर, प्रो.अशोक दभाड़े,प्रो.हेमंत देशपांडे, हेड क्लर्क मो.अनवर कुरैशी, छात्रावास अधीक्षक एलपी साहू, विवेक पानकर, गिरधारी मालवी की उपस्थिति में मप्र गान का सामूहिक गायन के बाद महाविद्यालय परिसर में गाजर घांस व अवांच्छित पौधे उखाड़े गए और पॉलिथिन एवं कचरा हटाया गया साथ ही परिसर में नीम, लक्ष्मीतरू, बड़, अशोक आदि पौधों का रोपण कर जैविक खाद्य डाला गया। जिसमें दो सैंकड़ा से अधिक स्वयंवेकों ने सहभागिता की।

इस मौके पर डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासी का लक्ष्य होना चाहिए की मप्र पूरे देश में आर्थिक, शिक्षा, चिकित्सा व विकास के मामले में नबर वन बने। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.मनोज उघड़े, प्रो.मनोज घोरसे, प्रतिभा चौर,



किरण खातरकर, खुमान सिंह, सतीष सलामें, संजय उइके, साक्षी मन्नासे, लक्षिता सातपुते,हिमांश पाटील, अक्षय मालवी, दामिनी मानकर, अंजली नागोरे, गायत्री ठेपे,आयुष घिड़ोड़े, करण धाड़से, विवेक पंवार, रंजीत कासदे, रिया खातरकर, मुस्कान, मेघा राजपूत, नेहा पंडाग्रे, रंजीत कास्दे, सिद्धार्थ यादव का सराहनीय योगदान रहा।

### जेएच कॉलेज में जनभागीदारी से तैयार किया जा रहा खेल मैदान, छात्रों को होगी सुविधा

# अब जेएच कॉलेज में हो सकेगी बड़ी प्रतियोगिताएं



**बैतूल।** जिले के सबसे बड़े जेएच कॉलेज के छोत्रों को खेल मैदान की सुविधा मिलने वाली है। कॉलेज में जनभागीदारी से खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। इस मैदान पर अन्य स्पधाटों के हिसाब से खेल सुविधाएं की जाएगी। छात्रों की समस्याओं को देखते हुए कालेज प्रशासन ने जनभागीदारी से खेल मैदान बनाने का निर्णय लिया है। इसका काम शुरू हो गया है। खेल मैदान फुटबाल, हॉकी, खो-खो, कबड्डी आदि खेलों को लेकर सुविधा की जा रही है।

**इनका कहना-**

छात्रों की सुविधा के लिए खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। मैदान पर खेल की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे।

**डॉ. राकेश तिवारी,**
**प्राचार्य जेएच कॉलेज, बैतूल**

**मतदान के बिना लोकतंत्र अधूरा**

# मतदान के प्रति जन जागरूकता लाने निकाली रैली

**बैतूल।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त मप्र शासन भोपाल के आदेश के परिपालन में,कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिलाष मिश्रा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 विषयांतर्गत जिला स्तर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंज से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए विद्यालय में ही संपन्न हुई। उपनिर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह ने मतदाता चुनावों में मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि मतदान के बिना लोकतंत्र अधुरा है। प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है कि वह चुनाव के हवन में अपने मतदान की आहूति अर्पित करे। जिला सहायक नोडल अधिकारी स्वीप के डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि मतदान हमारा अधिकारी ही नहीं दायित्व भी है। तहसीलदार सृष्टी डेहरिया, डॉ.सलील दुबे, आईटीआई प्राचार्य श्री सातपुते एवं पंडाग्रे, प्राचार्य इंदु बचले, जिला खेल अधिकारी धमेन्द्र पंवार, जीबी सोनी, राधेलाल बनखेड़े, महाविद्यालय नोडल अधिकारी प्रो.मनोज घोरसे की उपस्थिति में सैंकड़ों विद्यार्थियों को




चुनावों में मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। रैली में अधिकारी, कर्मचारी विद्यार्थी बड़ी संख्या में नारे लगाते हुए सहभागिता की। मतदाता जागरूकता रैली की डॉ.मेघा मालवी, उमाकांत कोकाटे, बैतूल नगर पालिका इंजीनियर वागद्रे, डॉ.गोपाल साहू, डॉ.शीतल खरे, एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ रैली में मतदान के लिए नारे लगाते हुए सहभागिता की।

# जिला स्तर पर हुई अनेकों प्रतियोगिताएं




**बैतूल।** जेए कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला स्तरीय प्रतियोतिएं प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताएं।

निर्णायक के रूप में पूर्व प्राध्यायक डॉ.पुष्पारानी आर्य, प्रो.शंकर सातनकर, श्रीमती अनिता सिंह, रंगोली प्रतियोगिता जिनके निर्णायक कला गुरू श्रेणिक जैन, प्रो.कृष्णा गौर, शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही की प्राध्यापिका संगीता आर्य, चित्रकला प्रतियोगिता जिसमें निर्णायक निमिशा शुक्ला, हर्षिता गोठी, श्रेणिक जैन, निबंध विद्या का संयोजन डॉ.अर्चना मिश्रा, रंगोली का प्रो.धाकड़, चित्रकला का डॉ.रीतू शाह द्वारा सदस्य दीपिका साहू, डॉ.सरोज जावलकर, प्रो.संजय विश्वकर्मा, प्रो संतोष पंवार, डॉ.दीपक मानकर, प्रो.सोनी, डॉ.प्रीति पाल द्वारा प्रतियोगिताएं संचालित की गई।

अब विजेता प्रतिभागी प्रदेश स्तर पर हिस्सा ले सकेंगे।

# सड़क दुर्घटनाओं के प्रति सचेत रहना जरूरी

■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जन जन को सचेत करने के लिए 10 नवम्बर से यातायात सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नवदुनिया समूह की ओर से आमजन, युवाओं, छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मुहिम चलाई जा रही है।

शुक्रवार जेएच कॉलेज में प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के मार्गर्शन में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान, एनएसएस के जिला संगठन डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल साहू, एनसीसी के लेफ्टिनेंट डॉ खुशाल देवघरे की उपस्थिति में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के पालन की शपथ दिलवाई गई जिसमें 402 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।



इस मौके पर डॉ.राकेश तिवारी ने इसे एक अच्छी पहल बताया। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि सडक दुर्घटनाएं बढ़ रही है और इनके प्रति सचेत रहना जरूरी है।

डॉ.गोपाल साहू ने कहा कि ऐसी मुहिम से निश्चित तौर पर जागरूकता का संचार होगा। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ-चढ़ कर सहभागिता की।

## जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सेवमन प्रथम, दीपक द्वितीय रहे



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में जिले के सभी महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन नई दिल्ली के द्वारा मप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से जिले के सभी महाविद्यालयों में स्थापित रेड रिबन क्लब के रासेयो के स्वयंसेवकों ने जिला स्तर पर आनलाईन प्रतियोगिता में सहभागिता की। जिसमें प्रथम सेवमन शाह उइके जेएच कॉलेज बैतूल, द्वितीय दीपक प्रकाश शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी एवं तृतीय स्थान पर कन्हैया अमरूते जेएच कॉलेज रहे। इन तीनों विद्यार्थियों द्वारा विश्व विद्यालय स्तर पर प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सहभागिता की। जिसका परिणाम अभी घोषित नहीं किया गया। ऑनलाईन प्रश्न मंच प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में एवं जिला संगठक सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल साहू, डॉ.शीतल खरे की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रश्न मंच प्रतियोगिता का सफल बनाने में दलनायक नवीन नागले, आयुष घिड़ोड़े, महिला इकाई दलनायक कोमल देशमुख, रिया खातरकर, अंजली का सराहनीय योगदान दिया।

■ **महापरिनिर्वाण दिवस विशेष** — **पोस्ट मैट्रिक में महापरिनिर्वाण दिवस मनाया**

# बाबा साहेब ने संविधान की रचना कर एक सूत्र में बांधा

■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास गंज में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। कार्यक्रम जेएच कॉलेज में प्राध्यापक डॉ.सुखदेव डोंगरे, छात्रावास अधीक्षक डीडी खातरकर, उत्कृष्ट बालक छात्रावास के अधीक्षक सुरेन्द्र कनाटे, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास के अधीक्षक मदन यादव की उपस्थिति में पुष्पांजली अर्पित कर व दीप प्रज्जवलित कर मौन धारण कर मनाया गया। इस मौके पर डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने गरीब, शोषित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं शिक्षा का अधिकार दिलाकर अद्वितीय कार्य किया है। विभिन्न धर्मो, वर्गो, जाति, भाषा,



क्षेत्रियता में बंटे लोगों को संविधान की रचना कर एक सूत्र में बांधा।

मदन यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने पिछड़ा वर्ग के उन्नति के लिए संविधान में 340 अनु.लिखा है। डीडी खातरकर ने कहा कि बाबा साहेब ने मजदूरों के कार्य घंटे 14 से कम कर 8 घंटे करवाए। रामकिशोर इवने, गौतम अम्बुलकर, पवन सिरसाम आदि छात्रों ने भी अपने विचार प्रकट किए।

कार्यक्रम का संचालन संजय उइके ने व आभार निलेश उइके ने प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाजीलाल बारस्कर,अकलेश पंवार, विनीत कुमरे, रवि काकोडिया, पृथ्वीराज परते, करन उइके, राजा अहाके, धर्मराज इवने, गोलू, इंद्रेश वट्टी, निलेश इरपाचे, यशवंत वाडिवा का सक्रिय योगदान रहा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में साक्षी प्रथम, निशा द्वितीय रही






**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में राष्ट्रीय शिक्ष नीति 2022 के परिपेक्ष्य में तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में एनएसएस जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी प्रो.मनोज घोरसे में हुई।

जिसमें जिले के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया। प्रश्न मंच विद्या में प्रथम स्थान टीम पूनम मालवी, खुशी अरोरा, सुरभि जैन जेएच कॉलेज, द्वितीय स्थान नीलम पाटनकर, रूपाली खासदेव, भावना अहाके राजा भोज महाविद्यालय बैतूल, तृतीय स्थान टीम संतोष उइके, विक्रम राव, मोनिका बगाची, पद्मावती महाविद्यालय पूंजी ने प्राप्त किया।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी राठौर जेएच कॉलेज, द्वितीय निशा अरोरा शासकीय कॉलेज सारनी, तृतीय स्थान तरूण गजलवार शासकीय कॉलेज भैंसदेही ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम वैशाली लोखंडे राजा भोज कॉलेज जामठी, द्वितीय महिमा पंवार जेएच कॉलेज, दीपक साहू शासकीय कॉलेज घोड़ाडोंगरी ने तृतीय स्थान, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बिंदिया सिकदार शासकीय कॉलेज सारनी, अंजली वागद्रे शासकीय कॉलेज भैंसदेही, तृतीय दीपक साहू शासकीय कॉलेज घोड़ाडोंगरी ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता संपन्न कराने में डॉ.अर्चना मिश्रा, डॉ.युगलकिशोर सरले, डॉ.प्रतिभा चौरे, प्रो.महेन्द्र नावंगे, प्रो.राहुल सिंह ठाकुर, डॉ.शारदा कौशिक, प्रो.योगेश्वरी पंवार, प्रो.बबीता चौहान, प्रो.संतोष पंवार, प्रो.दीपक मानकर ने सराहनीय योगदान दिया। प्रतियोगिता डॉ.रमाकांत जोशी, प्रो.हेमंत निरापुरे, प्रो.जगदीश उइके, प्रो.मीना वर्मा, प्रो.सातपुते, प्रो.शेषराव गायकवाड़, प्रो.नीलम दुबे, डॉ.संगीता गलफट, प्राचार्य डॉ.देवकृष्ण मगरदे के आतिथ्य में संपन्न हुई।

अतिथियों द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी बरकतउल्ला विश्व विद्यालय भोपाल में आज मंगलवार संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

■ मानवाधिकार दिवस — **मानवअधिकार प्रकोष्ठ एवं रासेयो स्वयं सेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया मानवाधिकार का महत्व**

# मानव अधिकार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रासेयो ने मनाया मानवाधिकार दिवस






■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

रासेयो जेएच कॉलेज बैतूल के स्वयंसेवकों ने मानव अधिकार प्रकोष्ठ के सयुक्त तत्वधान में प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी के संरक्षण में एवं रासेयो जिला संगठन डॉ सुखदेव डोंगरे, डॉ वीणा डेहरिया (ह्यूमन राइट्स सेल जे एच कॉलेज बैतूल), एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शीतल खरे की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालय के छात्रों को बताये बेरोजगारी के दुष्परिणाम बताए गए एवं उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल में विधिक सेवा प्राधिकरण एक दिवसीय कार्यशाला में सुश्री पल्लवी गौर (उप पुलिस अधीक्षक महिला सेल बैतूल), श्री मिथिलेश डेहरिया (जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेतूल), एवं आवाज जिला संगठन भूपेंद्र लोखंडे, तथा उत्कृष्ट विद्यालय के प्राध्यापकों की विशेष उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को मानव दुर्व्यपार एवं मानव अधिकारों की जानकारी दी गई, साथ ही आवाज जिला संगठक के माध्यम से सांप सीढ़ी खेल खिलाया गया जिसमें बच्चों को बाल संरक्षण के विषय में जानकारी दी गई तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मिथिलेश डेहरिया जी के द्वारा मानव अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल से विद्यालय के छात्रों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा अंबेडकर चौक से होते हुए जिला उच्च न्यायालय तक एक रैली निकाली गई जिसमें नारों के माध्यम से नगर वासियों को मानव अधिकारों की जानकारी दी गई रैली की समाप्ति जिला न्यायालय बैतूल में महात्मा गांधी जीके मूर्ति के समक्ष हुई जहां पर प्रधान जिला न्यायालय न्यायाधीश, एवं जिला न्यायालय में पदस्थ मुख्य न्यायाधीश भी उपस्थित रहे, इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश जी ने बच्चो को मानव अधिकार की परिभाषा समझाई एवं मानव को मानव होने के अधिकारों के साथ साथ मौलिक अधिकार, एवं रोजगार के अधिकार, जीवन जीने के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर रासेयो जिला संगठन डॉ सुखदेव डोंगरे, श्री मिथिलेश डेहरिया (जिला विधिक सहायता अधिकारी), एवं जिला न्यायालय में पदस्थ सभी मुख्य न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक बालकिशोर अमरूते, कुणाल केकतपुरे, रिया खातरकर, आयुष घिडोडे, सुरभि जैन, प्रज्ञा, संजय, दुर्गेश कुमार, अंजलि नागौरे, रंजीत, स्नेहा, शीतल, लक्षिता, साक्षी, मुस्कान, किरण, दुर्गाप्रसाद, अमित, अक्षय मालवीय, हर्षल, कंचन, कीर्ति, अंकिता, ज्योति पाटीदार मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

# संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्राओं का चयन




**बैतूल।** स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जेएच कॉलेज बैतूल में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राएं अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में पायल सोलंकी घोड़ाडोंगरी प्रथम, आकांक्षा सिंह सारनी द्वितीय, साक्षी सैरकर जेएच कॉलेज बैतूल तृतीय, बलिदानियों की प्रेरक कहानी प्रतियोगिता में रिया खातरकर बैतूल प्रथम, शिल्पा घोष आमला द्वितीय, लक्ष्मी धुर्वे भीमपुर तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता में पल्लवी लोखंडे बैतूल प्रथम, किरण कवड़े भैंसदेही द्वितीय जयश्री सराटकर आमला तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में गौरव नागले मुलताई प्रथम, बिंदिया सिकदार सारनी द्वितीय, दीपक साहू घोडोंगरी तृतीय, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सोनाली वाघमारे बैतूल प्रथम, शिल्पा घोष आमला द्वितीय, भारती कुंभारे भोज महावि तृतीय, पोस्टर मेकिंग ज्योति कावरे भैंसदेही प्रथम, शारदा प्रजापति बैतूल द्वितीय, आकांक्षा सिंह सारनी तृतीय, देशभक्ति गीत में मनीष साहू बैतूल प्रथम, राहुल चावरिया आमला द्वितीय, निबंध लेखन में सिवानी ठेपे बैतूल प्रथम, पल्लवी लोखंडे भैंसदेही द्वितीय, योगेश्वरी देशमुख मुलताई तृतीय, गीत गायन में वैष्णवी झरबड़े बैतूल प्रथम, अंकिता रघुवंशी भोज महाविद्यालय द्वितीय, अनामिका अकोटिया कन्या महाविद्यालय तृतीय, कविता गायन में गायत्री सोनी आमला प्रथम, दीपक साहू घोड़ाडोंगरी द्वितीय, दीपांशु राय बैतूल तृतीय स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल के आदेश के परिपालन में जेएच कॉलेज बैतूल में जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताएं स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताएं प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, संयोजक एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉ. राजेश शेषकर, सह संयोजक डॉ. गोपाल साहू द्वारा जयवंती सभागृह में आयोजित की गई थी।

**जेएच कॉलेज में कार्यशाला**

# सभी महाविद्यालय में योग शिक्षक होना चाहिए : डॉ. राकेश तिवारी



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं कार्यालय कलेक्टर के आदेश के परिपालन में युवा नीति पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला गुरूवार को संपन्न हुई। कार्यशाला में डॉ.राकेश कुमार तिवारी, सहायक संचालक शिक्षक एनए प्रहलादी, आईटीआई के प्राचार्य केशव सातपूते, पॉलीटेकनिक कॉलेज के डॉ.डीएस रघुवंशी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से पूजा कूरील, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, परियोजना अधिकारी हंसराज मसतकर, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी प्रो.जगदीश उइके, विभिन्न महाविद्यालय के युवा, प्रोफेसर में उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री की मंशानुसार युवाओं से मप्र की युवा नीति बनाने के लिए उनके विचार एवं सुझाव को आमंत्रित किए। सहायक संचालक प्रहलादी ने कहा माध्यमिक शिक्षा से ही कौशल को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। केशव सातपुते ने कहा शिक्षा नीति ऐसी होना चाहिए जो रोजगार में सहायक हो। केशव सातपुते ने कहा आईटीआई का विस्तार करने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि प्रत्येक महाविद्यालय में क्रीडा अधिकारी के साथ योग शिक्षक भी होना चाहिए। प्रो.जगदीश उइके कहा कि उच्चशिक्षा में 24 प्रतिशत विद्यार्थी ही पहुंच पाते हैं। युवाओं के लिए सामाजिक गतिविधि एवं ऐसी योजना होनी चाहिए जिससे सामाजिक गतिविधि एवं नेतृत्व विकास हो सके।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.मनोहर राव गावंडे ने किया और आभार प्रकट डॉ.रिषिकांत पंथी ने किया। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ.मिनाक्षी चौबे, डॉ.चन्द्रशेखर मेश्राम, डॉ.राजेश शेषकर, अल्का पांडे, डॉ.गोपाल साहू, प्रो.मनोज घोरसे, डॉ.युगल किशोर सरले, प्रीति नावंगे, प्रो.राजकुमार चौकीकर, डॉ.राजेन्द्र गिरी गोस्वामी, डॉ.उमेश डोंगरे, प्रो.संजय भटकर, प्रो.सतीष भूमरकर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# विद्यार्थियों को बताई कॉलेज की ताकत

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

जेएच कॉलेज में निकट भविष्य में होने वाले नैक मूल्यांकन की तैयारी जोर शोर से चल रही है। इसी के तहत शुक्रवार को प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आरडी पब्लिक स्कूल की संचालक रितु खंडेलवाल, नपाध्यक्ष पार्वतीबाई 1 बारस्कर, भूतपूर्व प्राचार्य ऊषा द्विवेदी, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष घनश्याम मदान समेत कॉलेज के प्रोफेसर और स्टाफ के सदस्य शामिल थे। बैठक में कॉलेज में बीते दिनों करवाए गए कार्यो पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी भविष्य में जो काम करवाए जाने है उनकी रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। रितु खंडेलवाल ने सुझाव देते हुए कहा स्टूडेंट्स को नेक मूल्यांकन और उसके बाद मिलने वाली ग्रेड के लिए जागरुक करना जरूरी है। जिन बिंदुओं और सुधारों से अंक बढ़ सकते हैं उन पर काम किया जाना भी जरूरी है। जिससे कि अच्छी ग्रेड मिल सके। ऊषा द्विवेदी ने कहा कि कॉलेज स्टूडेंट्स को समाजसेवा की गतिविधियों से भी जोड़ा जा सकता है। रेडक्रॉस से जोड़ने पर भी विचार किया जा सकता है। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष घनश्याम मदान ने कहा कॉलेज की प्रगति के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी ने कहा कि जेएच कॉलेज



में लगभग 11 हजार स्टूडेंट्स हैं, ये स्टूडेंट्स ही हमारी ताकत हैं । इन्हीं छात्र-छात्राओं के कारण खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और कॉलेज की परीक्षाओं में हम अच्छा प्रदर्शन करके प्रतिष्ठा पा रहे हैं। हमारे स्टूडेंट्स पर्यावरण सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में अपना योगदान देकर आयाम स्थापित कर रहे हैं।

युवा उत्सव का हुआ शुभारंभ

# युवा उत्सव अंदर छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाने का अवसर

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

जेएच कॉलेज में दो दिवसीय युवा उत्सव का आगाज धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम समाजसेवी हेमंत दुबे एवं बार एसोसिएशन के श्री कुंभारे की विशेष उपस्थिति में और प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ। युवा उत्सव के जिला समन्वयक डॉ. राजेश शेषकर और सहसंयोजक डॉ. जीपी साहू ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने युवा उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर हेमंत दुबे ने कहा कि उत्सव जीवन में आनंद के साथ स्फुर्ति भी देता है जिसका लाभ उठाते हुए हर युवा को युवा उत्सव में सहभागी होना चाहिए। प्राचार्य राकेश तिवारी ने कहा कि युवा उत्सव अपनी अंदर छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है।



शुक्रवार को होने वाली प्रतियोगिता के संबंध में संगीत संयोजक डॉ. एकनाथ 7 निरापुरे ने बताया कि एकल, सुगम संगीत भारतीय, सुगम संगीत पाश्चात्य, समूह गान, भारतीय, समूह गान पाश्चात्य, वाद्य संगीत परकशन, वाद्य संगीत नॉन परकशन प्रतियोगिता आयोजित की गई वहीं साहित्यिक विद्याएं संयोजक डॉ. प्रगति डोंगरे ने बताया कि जिसमें प्रश्न मंच, वक्तृत्व कला, वाद विवाद साथ ही रंगमंचीय विद्या संयोजक डॉ. खुशाल देवधरे ने बताया कि नाटकं लघुनाटिका, माईम, मिमिक्री और नृत्य खंड संयोजक डॉ. कमलेश अहिरवार ने बताया कि एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। ललित कला खंड संयोजक डॉ. रितु साहू ने बताया कि आज शनिवार। चित्रकला, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, साथ ही संयोजक प्रो. कृष्णा गौसर ने बताया कि कार्टूनिंग व रंगोली का आयोजन किया गया है।

# महाविद्यालय में बिरसा मुंडा को याद कर मनाई जयंती



**बैतूल।** महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना बैतूल जिला संगठन डॉ. सुखदेव डोंगरे और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. देवीसिंह सिसोदिया ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. हेमंत निरापुरे ने पुष्प गुच्छ देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। समस्त स्टाफ का छात्रों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में निरापुरे ने शहीद बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला और जनजातीय कार्य के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष और योगदान को याद किया। डोंगरे ने छात्रों को बिरसा मुंडा द्वारा जनजातीय अधिकारों और उनके हित में किए गए कार्यों से परिचित कराया।

डॉ. सिसोदिया ने कहा बिरसा मुंडा ने युवाओं में क्रांति की नई मशाल जलाकर जनजातीय लोगों को अपने हितों के लिए संगठित होना और लड़ना सिखाया। इस मौके पर कॉलेज स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

संक्षिप्त समाचार

## टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जेएच कॉलेज ने जीत दर्ज की, शाहपुर रहा उपविजेता




**बैतूल।** जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय भीमपुर के तत्वाधान में जेएच महाविद्यालय बैतूल के टेबल टेनिस हॉल में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य आरके तिवारी द्वारा डॉ. कांतु दीक्षित के मुख्य अतिथि में तथा डॉ. खेमराज मगरदे के विशेष आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता के प्रेक्षक के रूप में डॉ. नीलिमा पीटर और एचएस झारिया उपस्थित थे। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में जेएच महाविद्यालय बैतूल विजेता और शासकीय महाविद्यालय शाहपुर उपविजेता रहे। प्रतियोगिता के समापन समारोह तथा पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि के तौर पर महेंद्र सिंह तोमर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जेएच महाविद्यालय और प्राचार्य राकेश कुमार तिवारी द्वारा खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान की। प्रतियोगिता का संचालन कीड़ा अधिकारी भीमपुर मनोज कुमार अहिरवार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में रत्नेश जैन टेबल रैफरी के रूप में राहुल ठाकुर ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# रासेयो का उद्देश्य ही है दूसरों के लिए जीना



■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हमेशा कुछ न कुछ नवाचार करते रहते हैं क्योंकि एनएसएस का उद्देश्य ही है कि अपने लिए नहीं औरों के लिए जीना। जेएच कॉलेज की प्रथम स्टेट अवार्डेड स्वयंसेविका कुमारी दीपाली पांडे के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को अल्पाहार और फल वितरित किए गए साथ ही जेएच कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

इस मौके पर पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रतिभा चौरे ने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है अन्यथा आज के समय में युवा अनर्थक व्यय कर ज़ अपनी खुशियां मनाते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, कन्हैया अमरूते हिमांशु पाटिल, अमित मालवी, कुणाल केतपुरें, कविता वाडबुदे, आंचल मोहोबे, दीपिका वागदरे, सुरभि जैन, पुष्पांजलि कसारे आदि उपस्थित थे।

## जेएच कॉलेज के प्रोफेसर विश्व के 2% वैज्ञानिकों की टीम में शामिल



गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ चंद्रशेखर मेश्राम का चयन विश्व के चुनिंदा वैज्ञानिकों में

**बैतूल ।** जेएच कॉलेज गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ चंद्रशेखर मेश्राम का चयन विश्व के चुनिंदा वैज्ञानिकों की बनाई गई टीम में किया गया है। सितंबर 2022 में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय अमेरिका के डॉक्टर नोश्रीडिश कौट और उनकी टीम ने पूरे विश्व से तैयार किए गए डेटाबेस और शोध पत्रों को देखकर उनका चयन किया है। ज्ञात हो कि डॉक्टर मेश्राम की 110 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके है. विज्ञान टेक्नोलॉजी एवं साइंस विषय पर उनके शोध पत्र प्रकाशित होते ही रहते हैं। जेएच कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के तिवारी ने बताया कि मेश्राम का चयन होना बैतूल के लिए गर्व की बात है। इससे बैतूल के जेएच कॉलेज को विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी। पूरे विश्व से गणित तकनीकी और विज्ञान के जो प्रोफ़ेसर चुने गए हैं उनमें डॉक्टर मेश्राम भी शामिल है.

# युवा नीति पर कार्यशाला संपन्न



**बैतूल।** जेएच कॉलेज में मप्र शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग और कार्यालय कलेक्टर के आदेश पर युवा नीति पर एक दिनी जिला स्तरीय कार्यशाला हुई। जिसमें प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री की मंशानुसार युवाओं से मप्र की युवा नीति बनाने के लिए उनके विचार और सुझाव को आमंत्रित किए। सहायक संचालक प्रहलादी ने कहा माध्यमिक शिक्षा से ही कौशल को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। केशव सातपुते ने कहा शिक्षा नीति ऐसी होना चाहिए जो रोजगार में सहायक हो। केशव सातपुते ने कहा आईटीआई का विस्तार करने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि प्रत्येक महाविद्यालय में क्रीड़ा अधिकारी के साथ योग शिक्षक भी होना चाहिए।

प्रो. जगदीश उइके कहा कि उच्च शिक्षा में 24 प्रतिशत विद्यार्थी ही पहुंच पाते हैं। युवाओं के लिए सामाजिक गतिविधि एवं ऐसी योजना होनी चाहिए, जिससे सामाजिक गतिविधि एवं नेतृत्व विकास हो सके। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में सरकारी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

# युवाओं को दी मतदाता परिचय पत्र बनाने की सलाह



**बैतूल।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जेएच कॉलेज में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश भोपाल एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल के आदेश पर जे एच कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉक्टर राकेश तिवारी के संरक्षण में महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों को परिचय पत्र बनाने के लिए प्रारूप पत्र क्रमांक 8 एवं प्रारूप पत्र क्रमांक 6 के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी ने कहा कि मतदान करना इस देश के हर नागरिक का मूल अधिकार है।सभी विद्यार्थियों और युवाओ को अपना परिचय पत्र बनाना चाहिए। कार्यक्रम एसडीएम जिला बैतूल प्रकाश चंद्र परते, सहायक नोडल अधिकारी जिला बैतूल डॉ सुखदेव डोंगरे, महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी प्रो. मनोज घोड़से, नोडल अधिकारी जे एच कॉलेज बैतूल डॉ गोपाल प्रसाद साहू, नमृता बारई प्रोग्राम ऑफिसर, सूरज जैन, उषा सातंकार बीएलओ, गीता रावत बीएलओ, प्रोफेसर शीतल खरे, के साथ बाल किशोर अमरूते, दीपिका हजारे रासेयो स्वयं सेवक संजय उइके, नवीन नागले, अभय वामनकर, पूनम मालवीय, हिमांशु पाटिल, अमित मालवीय, कविता, कोमल देशमुख, आयुष, देवेश, कुणाल सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना की साइकिल रैली का नगर में हुआ आगमन

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल



भारतीय सेना की 102 इंजीनियर रेजीमेंट की साइकिल रैली का नगर में सुबह 10ः30 बजे आगमन हुआ जिनका स्वागत पूर्व सैनिकों ने मिलानपुर टोल प्लाजा पर करके वहां से गाइड के रूप में बुलेट से पायलेटिंग के रूप में नगर में प्रवेश करवाया इस दौरान तहसीलदार प्रभात मिश्रा सहित पूर्व सैनिकों एवम् बालाजीपुरम मंदिर ट्रस्टी द्वारा दिल्ली का स्वागत करके जलपान कराया गया तत्पश्चात रैली बालाजीपुरम से महाराजा गैरेज, बड़ोरा चौक, गेंदा चौक, दीपक शहीद चौक, कारगिल चौक, एसपी ऑफिस चौक, कॉलेज चौक होते हुए 12 बजे शासकीय जीएच कॉलेज पहुंची । बता दें कि रैली में उपस्थित सेना के अधिकारी द्वारा सेना की भर्ती अग्निवीर संबंधित प्रशिक्षण दिया गया साथ ही युवाओं को सेना की भर्ती के दौरान होने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया जाएगा। साथ ही जयवंती सभा ग्रह में आर्मी से संबंधित लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस दौरान बैतूल के तहसीलदार प्रभास मिश्रा सहित,स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ , जीएच कॉलेज के प्रिंसिपल , प्रोफेसर, पूर्व सैनिक, एनसीसी के कैडेट, एनएसएस के कैडेट, सभी सेना की तैयारी कर रहे कई युवा मौजूद रहे।




■ जेएच कॉलेज बैतूल के ईको क्लब की संयोजक डॉ. अलका पाण्डे द्वारा विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण हेतु कार्यशाला में उद्बोधन डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. महेश मानकर, प्रोफेसर अर्चना सोनारे, डॉ. अर्चना मिश्रा ने दिया इस अवसर पर लगभग 120 विद्यार्थी मौजूद थे ।

# रासेयो की गतिविधियों से छात्रों का व्यक्तित्व का विकास होता है : डॉ. सुखदेव डोंगरे



**शाहपुर।** पूंजी कॉलेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का अभिमुखीकरण कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता डॉ. सुखदेव डोंगरे जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। सेवा योजना के उद्देश्य और लक्ष्य को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को रासेयो बैज और डायरी प्रदान करते हुए डोंगरे ने कहा कि जो रासेयो बैज को धारण करता है, उसे यह बैज याद दिलाता है कि वह राष्ट्र सेवा के लिए रात दिन अर्थात 24 घंटे (आठों प्रहर ) तत्पर रहे। कार्यक्रम को महेंद्र सिंह खोबरागड़े, प्रोफेसर निशी परसाई, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रोहित जैन ने भी संबोधित किया।

इनके अलावा कार्यक्रम में राज्य स्तरीय रासेयो शिविर में सहभागिता कर चुके स्वयंसेवक संतोष उइके ने अपने सभी अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए और उसने अधिक से अधिक विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर व स्वयंसेवक, छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।






■ मप्र के स्थापना दिवस अवसर पर जेएच कॉलेज बैतूल में उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 स्वयंसेवकों ने मैराथन दौड़ के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए।



■ बरकतउल्लाह विश्व विद्यालय भोपाल के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनंत कुमार सक्सेना एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार का जेएच कालेज बैतूल में आगमन पर एनएसएस के स्वयं सेवकों ने किया भव्य स्वागत।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय में महिला वर्ग की जिलास्तरीय खो-खो स्पर्धा आयोजित

# फायनल में जे.एच. कॉलेज बैतूल रहा विजेता

■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय में महिला वर्ग की जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय सारनी, ज.हा. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल, डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला, शासकीय महाविद्यालय मुलताई तथा गर्ल्स कॉलेज बैतूल ने भाग लिया। फाईनल मैच ज.हा. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला के मध्य हुआ, जिसमें बैतूल की टीम विजेता रही। श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरूस्कार आमला की टीम से दिपीका को प्रदान किया गया। चयनित खिलाड़ियों से जिला स्तरीय टीम संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शासकीय महाविद्यालय बिछुआ छिन्दवाड़ा में सहभागिता करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने छात्राओं का मनोबल बढाते हुए खेल के महत्व एवं खेल की अनिवार्यता पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी टीमों के खेल अधिकारीयों का स्वागत किया गया।

निर्णायक की भूमिका अनिल चन्देलकर, केन्द्रिय विद्यालय मुलताई, रामनारायन शुक्ला युवा एवं खेल कल्याण विभाग, आमला, आशिष पटवारी, शासकीय विद्यालय जम्बाड़ा, आशिष माकोडे, मदरलैण्ड विद्यालय आमला द्वारा निर्वहन किया गया। खेल की एंकरिंग अशोक झा वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जगदीश उइके सहा. प्रा समाजशास्त्र द्वारा किया गया तथा आभार क्रीड़ा अधिकारी डॉ.



मनोज सिंह राणा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ प्रो. डॉ. एमएस चौहान, प्रो. जीआर डोंगरे सहित महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

## निबंध स्पर्धा में सुरुचि प्रदेश स्तर पर द्वितीय रहीं



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के भौतिक शास्त्र की छात्रा सुरुचि काले स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष ने मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा 29 सितंबर को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव और मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में 30 सितंबर को आयोजित सम्मान समारोह में छात्रा को प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र, हिंदी ग्रंथ अकादमी की पुस्तकें एवं धनराशि देकर सम्मानित किया। छात्रा ने बैतूल जिले एवं जेएच शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

## कॉलेज में अमृत महोत्सव पर हुई संगोष्ठी




**घोड़ाडोंगरी।** शासकीय महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता संग्राम और स्वाधीनता आंदोलन के इतिहास विषय आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर श्री डोंगरे ने अमृत महोत्सव मनाने के पीछे शासन की मंशा से छात्रों को अवगत कराया और अमृत महोत्सव गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, कॉलेज प्राचार्य डॉ. देव सिसोदिया, कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## जेएच कॉलेज के नाट्य दल ने जीता खिताब



**बैतूल।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव में जेएच कॉलेज के नाट्य दल ने नाटक स्किट एवं माइम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर एवं अंतर विश्वविद्यालय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है।

नाटक का मंचन रंगमंडल बैतूल के रोहित कहार, पिंटू गाठे, अक्षय मालवीय, अंकित अम्बुलकर, करण सलामे, करण धाडसे, दीक्षा झोड़, सुष्मिता बंजारे, मयूरी, रौनक, शिवानी एवं निर्देशन रंगकर्मी अमित अहिरवार ने किया।

संगीतकार के रूप में सुमित अहीरवार, राहुल मालवीय, दीपेश झोड़ ने अपनी भागीदारी निभाई।. छात्रों की इस उपलब्धि पर जिला सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. शेषकर, डॉ. जेपी साहू, डॉ. एचडी साहू, स्वाति का मार्गदर्शन मिला।

## पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए बालकिशोर अमरूते का चयन

**बैतूल।** भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल ने पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्व विद्यालय छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के लिए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के जेएच कॉलेज बैतूल के रासेयो स्वयंसेवक बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र बालकिशोर अमरूते



का चयन हुआ है। जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया बालकिशोर के साथ बीयू से चार छात्र एवं चार छात्राओं का भी चयन हुआ है जो पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित स्वयंसेवक बैतूल जिले की कला संस्कृति पारंपरिक लोक नृत्य एवं लोकगीतों के साथ शिविर में सहभागिता करेंगे।

# परिचय पत्र बनाने शिविर लगा



**बैतूल।** शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने नवीन मतदाता परिचय पत्र बनाने शिविर लगा। शिविर के शुभारंभ में तहसीलदार प्रभात मिश्रा, मतदाता अभियान जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विद्या चौधरी, डॉ. साधना डेहरिया, प्रवीण नरवरे ने नए मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र बनाने प्रशिक्षण दिया।

तहसीलदार प्रभात मिश्रा ने 18- 19 वर्ष के नवीन मतदाताओं को परिचय पत्र बनाने के पंजीयन से संबंधित जानकारी प्रदान की। शिविर में छात्राओं को जिला निर्वाचन आयोग की टीम ने वोटर हेल्पलाइन ऐप की मदद से ऑनलाइन पंजीयन के लिए प्रशिक्षित किया।

डॉ. सुखदेव डोंगरे ने मतदान के महत्व को समझाते हुए छात्रों को पंजीयन के लिए प्रेरित किया। इस विशेष शिविर में 50 नवीन मतदाता छात्राओं ने पहचान पत्र के लिए पंजीयन करवाया। प्राचार्य ने छात्राओं को 1 अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन पंजीयन के लिए प्रेरित किया।

# नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए युवा रवाना




**जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल।** युवा विकास केंद्र 20 से 27 नवंबर को अगरतला में हेरिटेज फेस्ट 2022 कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। राष्ट्रीय युवा योजना के जिला प्रतिनिधि प्रवीण परिहार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य देश के नौजवानों में आपसी भाईचारा को मजबूत करना और नार्थ ईस्ट के प्रति देश के दूसरे हिस्सों के लोगों में अच्छा संदेश फैलाना है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

इसमें मप्र से बैतूल जिले के नौ स्वयंसेवक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अपनी सहभागिता करेंगे। शिविर में हिस्सा लेने जाने वाले नवीन नागले, आयुष घिड़ोड़े, धीरज, झाड़े, हिमांशु वामनकर, अभय वामनकर, वामनकर, वामनकर, अभिभाषण ढिलाई, वामनकर, निलेश पाठाडे को सिद्धांत परिहार, भोलानाथ जावलकर, दीपाली पांडे, कन्हैया अमरूते, कुणाल केकतपुरे ने स्टेशन पहुंचकर मंगलकामना के साथ विदा किया।

# कबड्डी प्रतियोगिता में जीती जयवंती हाक्सर कॉलेज बैतूल की टीम




**बैतूल।** कॉलेज छात्रों की जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा आठनेर कॉलेज में हुई। जेएच कॉलेज खेल अधिकारी नीलिमा पीटर ने बताया नौ कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। स्पर्धा में भीमपुर और घोड़ाडोंगरी की टीम भी शामिल हुई। स्पर्धा में जेएच कॉलेज की टीम विजेता रही। दूसरा स्थान घोड़ाडोंगरी की टीम ने हासिल किया। बेस्ट प्लेयर का खिताब मुकेश धुर्वे जेएच कॉलेज को मिला। जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी ने बताया चयनित खिलाड़ियों की टीम संभाग स्तर पर स्पर्धा में भाग लेगी। यह स्पर्धा सिवनी में 21 और 22 नवंबर को होगी। आठनेर कॉलेज के क्रीडा अधिकारी डॉ नंदकिशोर पवार ने बताया कि प्रतियोगिता मैच खेलते हुए शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी की टीम ने शासकीय महाविद्यालय मुलताई और भैंसदेही की टीम को हराया। सेमीफाइनल मैच में घोड़ाडोंगरी ने शासकीय महाविद्यालय आमला को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## खेल प्रतियोगिता

# जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में बैतूल की टीम ने मारी बाजी

**बैतूल।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय आमला में 23 दिसंबर को संभाग स्तरीय जूडो महिला-पुरुष प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में बैतूल, छिंदवाड़ा एवं सिवनी जिले ने भाग लिया। इस जूडो प्रतियोगिता में महिला-पुरूष वर्ग में बैतूल जिला विजय रहा। जनभागीदारी अध्यक्ष सुश्री मुक्ता ढोलेकर द्वारा प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीम मैनेजर, रेफरी ने छात्रों का मनोबल बढाया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एमएस चौहान, प्रो. जीआर डोंगरे तथा महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कॉमेंट्री अशोक झा, जनक वाईकर एवं अभय कुमार डेन्डोरे द्वारा की गई। सुरेश एवं मनोज ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया तथा परिवेक्षक के रूप में एच.एस झरिया वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. जगदीश उईके सहा. प्रा. द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त क्रीडा अधिकारी डॉ. मनोज सिंह राणा द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि शासकीय महाविद्यालय आमला में एक दिन पूर्व 22 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें शासकीय महाविद्यालय भीमपुर, शासकीय जेएच शासकीय महाविद्यालय बैतूल एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला की टीमों ने भाग लिया।



# इंटर यूनिवर्सिटी शतरंज स्पर्धा के लिए 5 छात्रों का चयन, टीम रवाना

■ **जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल।**

बैतूल वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी शतरंज स्पर्धा के लिए जिले से पांच छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। छात्रों की टीम स्पर्धा के लिए अमरकंटक रवाना हो गई है। छात्राओं की स्पर्धा के लिए तारीख और स्थान तय नहीं हो सका है। जेएच कॉलेज की क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर ने बताया जिले से पांच छात्रों का चयन पश्चिम जोन इंटर यूनिवर्सिटी शतरंज स्पर्धा के लिए चयन हुआ है। छिंदवाड़ा ज यूनिवर्सिटी की पुरुष और महिलाओं की अलग-अलग टीम बनी है। एक टीम में छह खिलाड़ी शामिल होते हैं। छात्राओं की छह सदस्यीय टीम में जेएच कॉलेज से तीन




छात्राओं अनिशा काजले, इशिका सेम्बरकर और सारनी कॉलेज से अंकित का चयन हुआ है। इसी प्रकार छात्रों की ज् टीम में सारनी के छात्र ब्रोजोन और भैंसदेही के छात्र प्रफुल्ल पाल का चयन हुआ है। छात्रों की स्पर्धा 15 से. 19 तक अमरकंटक में होगी। इसके लिए खिलाड़ियों की टीम रवाना हो गई है।

छात्रों ने बालाघाट और दमोह में बेहतर खेल का प्रदर्शन किया था। इस आधार पर उनका चयन किया गया हैं। पीटर ने बताया छिंदवाडा यूनिवर्सिटी होने से इसमें चार जिले सिवनी, बालाघाट छिंदवाड़ा बैतूल आते हैं। कम जिले होने से छात्रों को आगे बढने का मौका मिला है।

# जेएच कॉलेज की क्रिकेट टीम रही विजेता



**बैतूल।** महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के तत्वाधान में बैतूल के लाल बहादुर स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रिकेट (महिला व पुरुष) स्पर्धा में जिले के 6 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। पहला मैच महाविद्यालय आमला और जेएच कॉलेज के बीच हुआ। जेएच कॉलेज विजेता रही। दूसरा मैच भैंसदेही और घोड़ाडोंगरी के बीच खेला गया। इसमें भैसदेही महाविद्यालय की टीम जीती। फाइनल मैच में महाविद्यालय भैसदेही और जेएच कॉलेज के हुआ।

जिसमें जेएच कॉलेज की टीम विजेता रही। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष घनश्याम मदान और प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी ने कहा कि खेल भावना सर्वोपरि है और चयनकर्ताओं से उन्होंने कहा कि पूर्ण पारदर्शिता के साथ संभाग स्तरीय क्रिकेट टीम का चयन हो ताकि अच्छी प्रतिभाओं का विकास हो सके।

# बास्केटबॉल में छिंदवाड़ा ने जीता फाइनल मुकाबला

**बैतूल।** संभाग स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन बैतूल के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में किया गया। इसमें राजा शंकर शाह विवि की बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और बैतूल जिले . की टीम



शामिल हुई। पहला मैच बैतूल और बालाघाट के बीच हुआ जिसमें बैतूल ने 52-39 के मुकाबले जीत हासिल की। दूसरा मुकाबला छिंदवाड़ा और सिवनी के बीच हुआ। जिसमें 43-12 से छिंदवाड़ा ने विजय हासिल कीं। फाइनल मुकाबला छिंदवाड़ा और बैतूल के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में 49-37 के अंतर से छिंदवाड़ा फाइनल विजेता बना। संगठन सचिव डॉ. अभिनीत सरसोदे ने बताया प्रतियोगिता से विश्वविद्यालय की टीम का चयन होगा, जो पश्चिम क्षेत्र एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेगी। जेएच कॉलेज की क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर ने बताया मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग से प्रायोजित शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई ने स्पर्धा आयोजित की थी।

**जिलास्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता**

# रोमांचक मुकाबले में जेएच कॉलेज की टीम बनी विजेता



■ **जे.एच.e न्यूज ▶▶ भैंसदेही।**

**बैतूल जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2022-23 शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में आयोजित की गई। डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला एवं जेएच कॉलेज बैतूल के बीच खेले गए। रोमांचक मुकाबले में बैतूल टीम ने आमला टीम को 2-1 से पराजित किया। मैच के पहले सेट में बैतूल ने आमला को 29-27 से हराया। दूसरे सेट में आमला की टीम 25-21 से विजयी रहा।**

तीसरे सेट में जेएच कॉलेज ने शानदार वापसी करते हुए आमला टीम को 25-16 से पराजित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार दवंडे ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले मैच में शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मुकाबले में शासकीय महाविद्यालय सारनी की टीम को पराजित किया। दूसरे मैच में शासकीय महाविद्यालय आमला की टीम ने शासकीय महाविद्यालय भीमपुर की टीम को पराजित किया। भैंसदेही एवं बैतूल की टीमों के बीच खेला गया तीसरा मैच बेहद रोमांचक रहा।

इस मैच में बैतूल टीम ने जीत दर्ज की। इसके पश्चात फाइनल मुकाबला बैतूल और आमला की टीमों के बीच खेला गया।

# बिरसा मुंडा की जयंती मनाई, नशा न करने की शपथ दिलाई



■ सारनी में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के अंतर्गत आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के एनएसएस के जिला संयोजक डॉ सुखदेव डोंगरे मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रमिला बाधवा ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ रश्मि रजक उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजना राठौर ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई और अंत में बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया।

## जेएच कॉलेज बैतूल के रसायन विभाग के सहा.प्राध्यापक युगल किशोर सरलें को मिलीं पीएचडी

बैतूल । जेएच कॉलेज बैतूल में रसायन विभाग में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत प्रो. युगलकिशोर सरले को बरकतउल्ला विश्व विद्यालय द्वारा पीएचडी से नवाजा गया है। कृषक ख्यालीराम सरले के पुत्र प्रो. युगलकिशोर सरले को उनके शोध प्रबंधन फाइटोकेमिकल स्टेडी ऑफ मेडिसन प्लांटस स्फेरेन्थस इंडिकस एंड 26 11.22 हेलिएंथस एनस एंड देयर कंप्रेटिव स्टडी आफ पोटेंसी पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इन्होने अपना शोधकार्य एमवीएम में रसायन शास्त्र विभाग में प्राध्यापक डॉ. साधना गोयल के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।

प्रो.सरले की उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, प्रो. ओपी खत्री, ईष्ट मित्रों, परिजनों सहित पूरे कॉलेज स्टॉफ ने बधाई दी है।



शैक्षणिक भ्रमण

# इतिहास के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण हेतु भोजपुर पहुंचे

**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के इतिहास विभाग के 52 विद्यार्थी विभागाध्यक्ष एवं शैक्षणिक भ्रमण की संयोजक डॉ. विजेता चौबे, सह संयोजक प्रो. मुकुंद चंदेल के साथ भोजपुर शिवमंदिर एवं इंदिरागांधी राष्ट्रीय जनजातीय संग्रहालय भोपाल पहुंचकर एतिहासिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से अध्ययन किया। भोजपुर का शिव मंदिर बेतवा नदी के किनारे विंध्य पर्वतमाला के मध्य में राजा भोज परमार के द्वारा दसवी शताब्दी में निर्माण कराया गया था जिसकी उंचाई 463 मीटर (1519 फीट) है। जिसमें विशाल शिवलिंग है।

भारत में सबसे विशाल एवं बड़ा शिवलिंग की श्रेणी में आता है जो कि भोपाल से 30 किमी की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल यह 200 एकड़ की भूमि में निर्मित है, जिसका उद्घाटन 21 अप्रैल 1979 को डॉ. प्रतापचंद्र सुंदर द्वारा किया गया था। इस संग्रहालय में इतिहास की दृष्टि से अध्ययन के लिए अत्यंत प्राचीन कालीन एवं पुरातात्विक कलाकृतियां, शिल्पकला एवं मूर्तियां मौजूद है।



समाचार
# हॉकस्टार
सत्यमेव जयते
त्रैमासिक
Jh.e News
तमसो माँ ज्योतिर्गमय
ज.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)

वर्ष-9 | अंक- 47 | दिनांक 01 जनवरी से 31 मार्च 2023 | अवधि-त्रैमासिक | पृष्ठ-15

■ न्यूज गैलेरी

## एनएसएस के विद्यार्थी गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए



**बैतूल।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2023 को जेएच कॉलेज बैतूल के एन.एस.एस. के विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए सांसद डीडी उइके, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नगरपालिका अध्यक्ष बैतूल पार्वतीबाई बारस्कर, एवं कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस द्वारा प्रशस्ति प्रत्र प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू एवं डॉ. शीतल खरे की ओर से एनएसएस के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं उन्हें शुभकामनाएं सहित बधाई प्रेषित की।

■ प्रशिक्षण | उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रमुख सचिव श्री गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में हुआ प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे जनभागीदारी अध्यक्ष एवं प्राचार्य






बैतूल। शासकीय महाविद्यालयों के जनभागीदारी अध्यक्ष एवं प्राचार्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 मार्च 2023 को आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता एवं आयुक्त कर्मवीर शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बैतूल जिले के नोडल महाविद्यालय से प्राचार्य, डॉ.राकेश कुमार तिवारी एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष घनश्याम मदान ने शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# सांसद ने किया सात दिवसीय शिविर समापन पर प्रमाण पत्र का वितरण





■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

जेएच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला इकाई द्वारा ग्राम भारत-भारती में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में शिविर के समापन कार्यक्रम में सांसद डीडी उइके, मोहन नागर, जनभागीदारी अध्यक्ष घनश्याम मदान, प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता सोनी, डॉ. अलका पाण्डे, कन्या महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष लतेश पंवार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल खरे द्वारा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शिविर के समापन अवसर पर छात्राओं द्वारा पारंपरिक वेश-भूषा धारण कर सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई एवं नशा मुक्ति के लिए नाटक का मंचन किया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा एकल एवं सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा शिविर को सफल बताया।

गणतंत्र दिवस पर सम्मान

# महिला एनसीसी केडिट्स को सांसद, विधायक एवं कलेक्टर ने किया सम्मानित

**बैतूल।** सीनियर डिवीजन महिला एनसीसी केडिट्स को गणतंत्र दिवस पर हुई परेड में तृतीय स्थान की प्राप्ति पर सांसद डीडी उइके, आमला विधायक योगेश पंडाग्रे, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर एवं कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस द्वारा प्रशस्तिपत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार एनसीसी की महिला विंग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्रा को प्रमाणपत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी द्वारा भी शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।





## संपादकीय

### कला, संस्कृति एवं उपलब्धियों से भरे रहे कॉलेज के ये तीन माह

जनवरी 23 से मार्च 23 के बीच ज.हा.शा. स्ना.महाविद्यालय बैतूल में विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियां एवं कार्यक्रम हुए जिसमें जनवरी में महान दानदात्री जयवंती बाई की पुण्यतिथि मनायी, महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया, राष्ट्रीय युवा दिवस पर योग अभ्यास सामूहिक रूप से किया गया। 13 जनवरी को मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने केम्पस ऐम्बेसेडर के साथ मीटिंग की। 18 जनवरी को मतदाता जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न हुई। मतदाता दिवस 25 जनवरी 2023 को मनाते हुए मतदान की शपथ दिलाई एवं निबंध वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। गणतंत्र दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य ने सम्मानित किया। एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने पुलिस परेड ग्राउंड बैतूल में सहभागिता की। एनसीसी महिला विंग ने परेड में तृतीय स्थान, सास्कृतिक में एनएसएस की छात्राओं को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। 19 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री के आव्हान पर वृहद वृक्षारोपण किया। 20 फरवरी 2023 को एक दिवसीय कार्यशाला बाल संरक्षण विषय पर संपन्न हुई। रासेयो पुरूष इकाई एवं रासेयो महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर फरवरी 2023 में आयोजित किया गया। 03 मार्च 2023 को रासेयो के छात्र-छात्राओं की 'बी'प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न हुई। 16 मार्च 2023 को राष्ट्रीय युवा नीति के अंतर्गत संगोष्ठी संपन्न हुई। 23 मार्च को युथ महापंचायत में माननीय मुख्यमंत्री जी ने समाजसेवा के कार्य करने वालो को सम्मानित किया।

## जयवंती हॉक्सर की पुण्यतिथि पर किये पुष्प अर्पित



■ जिले के सबसे बड़े जेएच कॉलेज में 3 जनवरी 2023 को जयवंती हॉक्सर की पुण्यतिथि मनाई। विद्यार्थियों ने यहां पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये उनके योगदान को याद किया। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी समेत अन्य के मार्गदर्शन में सभी स्टूडेंट ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बड़ी संख्या में भूतपूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सावित्रीबाई फूले ने किया सामाजिक कूरीतियों को दूर : प्रो. विजेता चौबे

बैतूल। जेएच कॉलेज के महिला उत्पीडन एवं निवारण समिति के तत्वावधान में भारत की प्रथम शिक्षिका नारी मुक्ति की प्रणेता एवं महिलाओं के लिए पहला विद्यालय खुलवाने वाली सावित्रीबाई फूले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं मुख्य वक्ता डॉ. विजेता चौबे द्वारा सावित्रिबाई फूले के संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए, उनके द्वारा पहला कन्या विद्यालय खोलने, महिलाओं के प्रति व्याप्त तात्कालीक कूरीतियों जैसे कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, सती प्रथा, विधवा पुर्नविवाह न होने आदि का उन्होंने विरोध करते हुए इन कूरितियों को दूर करने के अनेक प्रयास किए। महिला उत्पीड़न एवं निवारण समिति की संयोजक डॉ. अर्चना मेहता, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अर्चना सोनारे एवं डॉ.अनिता सोनी द्वारा भी सावित्री फूले के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं संघर्षमय जीवन पर प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत



किये। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आरके तिवारी के मार्गदर्शन में प्रो.शीतल खरे, डॉ.वीणा डहेरिया, रासेयो जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कालेज स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

■ राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न | स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हुआ आयोजन

# स्वतंत्रता आंदोलन में मातृशक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

जेएच कालेज के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजदी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन स्वतंत्रता आंदोलन की संकल्पना एवं परिणाम विषय पर आयोजित की। राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यपक इटारसी प्रो.श्रीराम निवारिया, विशिष्ट वक्ता डॉ.धर्मेन्द्र कुमार एवं डॉ.पल्लवी दुबे की उपस्थिति में और प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी अध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। प्रो.निवारिया ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के संदर्भ में विस्तृत जानकारियां दी। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्त करने से पूर्व बहुत सारे आंदोलनों में सहभागिता करनी पड़ी। रोटी और कमल जैसे आंदोलन




हुए जिनके परिणाम स्वरूप आज भारत स्वतंत्र है। स्वतंत्रता के लिए बहुत से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। बिरसा मुंडा एक ऐसे ही क्रांतिकारी रहे जिन्होने आदिवासियों का नेतृत्व करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ.धमेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में मातृशक्तियों ने हिस्सा लिया पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ देश को आजाद कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ.पल्लवी दुबे ने कहा कि इतिहास आज भी उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करता है जिन्होंने कि देश को आजादी दिलवाने में बहुत सारे आंदोलनों बढ़-चढ़ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रतिभा चौरे ने एवं आभार डॉ.कमलेश अहिरवार ने व्यक्त किया। संगोष्ठी को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ.बीडी नागले, प्रो.संजय कुमार विश्वकर्मा, प्रो.किरण खातरकर, डॉ मनोहर गावंडे, डॉ.सुखदेव डोंगरे, प्रो.राजकुमार चौकीकर, मुकेश करोले, महादेव जौहर, शैलेन्द्र वाईकर, लोकेश सोमगड़े, किरण दादोड़े, शर्मिला प्रजापति, अंकुश पंवार, हिना शेख आदि का सराहनीय योगदान रहा।

■ न्यूज गैलेरी

## ईशा प्रथम गायत्री द्वितीय रहे..

## जिला युवा संसद संपन्न





**बैतूल।** जिले के सभी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू येवा केन्द्र संगठन बैतूल के द्वारा स्टार्टअप इंडिया, स्किल एज्युकेशन और सोशल मीडिया विषय पर युवा जिला युवा संसद 2023 के कार्यक्रम में ऑन लाईन जूम मिटिंग में संपन्न हुई। 56 युवाओं ने पंजीयन कराया था। जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी को 4 मिनट भाषण देने का अवसर दिया गया। जिसमें से एनएसएस जेएच कॉलेज की छात्रा कु.ईशाल मोहन ने प्रथम स्थान एवं गायत्री मालवीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नेहरू युवा केन्द्र हरदा द्वारा युवा संसद कार्यक्रम ऑन लाईन आयोजित की गई थी।

प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी, एनएसएस के जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, एनवायके के धन्नजय सिंह ठाकुर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, प्रो. शीतल खरे ने बताया कि दोनो छात्राएं अब राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए भोपाल में बैतूल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोमल देशमुख, बालकिशोर अमरूते, अमित मालवीय, अक्षय मालवीय, नवीन नागले, दुर्गेश कुभरे, हिमांशु पाटील, संजय उइके, प्रवीण परिहार, सतीष सलामें का सराहनीय योगदान रहा।

# बाल तस्करी को प्रभाव से रोकने की आवश्कता



**बाल संरक्षण पर कार्यशाला संपन्न**

■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

जेएच कॉलेज में बाल मजदूरी से मुक्त कर शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला राष्ट्रीय सेवा योजना और आवाज जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। कार्यशाला प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान, प्रो.जगदीश उइके, डॉ.सरोज पाटील, प्रो.शंकर सातनकर, आवाज के जिला समन्वयक भूपेन्द्र लोखंडे के आतिथ्य में और एनएसएस के जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बाल संरक्षण विषय पर बोलते हुए घनश्याम मदान ने कहा कि गरीबी के कारण कुछ बच्चे मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का पेट पालने पर मजबूर हैं। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि बाल तस्करी को कठोर कार्यवाही कर रोकने की आवश्कता है। डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान बाल शोषण के मामले बड़े हैं। भूपेन्द्र लोखंडे ने पीपीटी के माध्यम से पावर पाईट प्रजेन्टेशन देते हुए बाल संरक्षण के आंकड़ो को विस्तार से समझाया। डॉ.वीरेन्द्र चौहान ने कहा कि आज भी बाल यौन शोषण के मामले सामने आ रहें हैं। जो की चिंतननीय विषय है। प्रो.जगदीश उइके ने कहा कि केन्द्रीय बाल संरक्षण आयोग एवं राज्य बाल संरक्षण आयोग लगातार नीतियां बनाकर बाल संरक्षण का प्रयास कर रहा है। मंच का संचालन प्रो.संतोष पंवार ने व आभार डॉ.मनोज घोरसे ने व्यक्त किया।




### इन्होने बनाया कार्यक्रम को सफल

कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो.अरविंद पाटनकर, डॉ.ज्योति वर्मा, प्रो.गीता माली, डॉ.ममता राजपूत, डॉ.अनामिका वर्मा, डॉ.मेघा मालवीय, प्रबल तोमर, विनोद शुक्ला, डॉ.मनोहर गावंडे, प्रो.संजय विश्वकर्मा, प्रो.मनोज घोरसे, प्रो.संतोष पंवार, डॉ.रीनू चौहान, अभिषेक हुरमाड़े, अमित मालवीय, कोमल देशमुख, प्रियंक चौहान, रिया धुर्वे, पायल सोलंकी, अथर्व देशमुख, पूजा भलावी, रवि सराटकर सहित अन्य स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

■ विश्व गौरेया दिवस — विकास का दुष्परिणाम मानव जीवन के अलावा पशु-पक्षियों पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है : डॉ. सुखदेव डोंगरे

# मोबाईल टावर रेडियेशन से गौरेया की प्रजाति खतरे में

■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

समय रहते इन विलुप्त होती प्रजाति पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह दिन दूर नहीं जब गिद्धो की तरह गौरेया भी बमुश्किल नजर आएगी और यह सिर्फ गूगल और किताबों में ही दिखेंगी। विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम ने हमारे सामने कई चुनौतियां भी खड़ी की है। इसका असर इंसानी जीवन के अलावा पशु पक्षियों पर भी पड़ रहा है। मोबाईल टावर के रेडिएशन और बढ़ते प्रदूषण से कई प्रजाति के पक्षी और चिड़िया गायब हो रहे है। गौरेया पर रेडिएशन का असर पड़ा है।

जेएच कॉलेज के जीव विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि विश्व गौरेया दिवस 20 मार्च को गौरेया के बारे में जागरूकता एवं उनके संरक्षण हेतु मनाया जाता है, जो विलुप्ति की कगार पर है। हमारे घर के पिछवाड़े में घरेलू गौरेया आमतौर पर दिखती थी। हालांकि हमने हाल के वर्षो में प्रकृति और जैव विविधता के साथ संपर्क खो दिया है, शहर में घरेलू चिड़ियों को ढूंढना अधिक कठिन हो गया है। अब बेहद कम घरों में पक्षियों के लिए इस तरह की सुविधाएं उपलब्ध होती है, जिससे की उसे दाना-पानी मिल जाए।

### पहली बार 2010 में मनाया दिवस

डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया विश्व गौरेया दिवस पहली बार 2010 में मनाया था, जो इन चहकती छोटी चिड़ियों को बचाने के अभियान की शुरूआत को चिन्हित करता है। नेचर फॉर एवर सोसायटी द्वारा शुरू किया अभियान अब दूर-दूर तक संरक्षण वादियों द्वारा मनाया जाने लगा है। द नेचर फारएवर सोसायटी की स्थापना एक भारतीय सरंक्षणवादी मोहम्मद दिलावर ने की थी जिन्होंने नासिक में घरेलू गौरेया की मदद के लिए अपना काम शुरू किया था





गौरेया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खास भूमिका भी है।

विश्व गौरेया दिवस का उद्देश्य गौरेया का संरक्षण करना और शहरी जैव विविधता के महत्व पर जोर देना है। बढ़ते प्रदूषण के प्रभाव से इसे बचाने की जरूरत है बदलते दौर और नई पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति लगाव बढ़ाना होगा।

# महिला इकाई शिविर का शुभारंभ, प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।

जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय शिविर भारत भारती में 27 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। स्वयंसेविकाओं के दल को प्रचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। शिविर का शुभारंभ भारत भारती में शिक्षा विद मोहन नागर, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान के आतिथ्य में और डॉ राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुआ।




शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मोहन नागर द्वारा भारत भारती आवासीय परिसर में संचालित होने वाली सभी कार्यविधियों के संबंध में जानकारी दी। डॉ राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि एनएसएस में शिविरार्थियों को किस तरह अपने व्यक्तित्व विकास की पराकाष्ठाओं को प्राप्त कर सके। घनश्याम मदान ने कहा कि एनएसएस शिविर व्यक्तित्व विकास के साथ समाजसेवा का बेहतरीन अवसर देता है।

उद्घाटन सत्र को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शीतल खरे, प्रो. गौतमी राय, प्रो. स्वाती लोखंडे, प्रो. संतोष पवार, वरिष्ठ स्वयंसेविका दीपाली पांडे, तनु महोबे, पूनमः आवासीय परिसर में संचालित होने वाली सभी कार्य मालवीय, मनीषा, कोमल, कविता, गायत्री मालवीय आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# तंबाकू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतू चलाया सघन अभियान

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।



बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बैतूल के आदेश के परिपालन में 15 मार्च 2023 को प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में तंबाकू उपयोग रोकने हेतु कॉलेज केम्पस एवं कक्षा में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान दो विद्यार्थियों की जेब में तंबाकू के गुटखें मिले। जिला तंबाकू नियंत्रण समिति के सदस्य डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा उक्त विद्यार्थियों को तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटखें के सेवन से होने वाले दुष्परिणाओं से अवगत कराते हुए इनका उपयोग नहीं करने की समझाईश दी गई। उन्हें यह भी चेतावनी दी गई कि अगली बार यदि उनके पास से तंबाकू उत्पाद की बरामदगी हुई तो उन्हें 200 रूपये अर्थदण्ड देना होगा। डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को तंबाकू संबंधी उत्पाद न खाने की सलाह देते हुए उन्हें अगली बार अर्थदण्ड से नहीं बख्शने की हिदायत दी।

# अंग्रेज़ी विभाग के विद्यार्थियों ने किया 'ए' ग्रेड कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।




अंग्रेज़ी विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों हेतु नैक बैंगलूरू द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त श्रीमती राधाबाई सरडा कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, अंजनगांव सुर्जी, जिला-अमरावती, महाराष्ट्र का शैक्षणिक भ्रमण 14 जनवरी 2023 को किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने वहा विविध विभाग, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, बॉटेनिकल गार्डन तथा अन्य विद्यमान सुविधाओं को देखा तथा महान लेखिका महाश्वेता देवी की जयन्ती परआयोजित कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी के मार्गदर्शन, अंग्रेज़ी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी चौबे एवं सहायक प्राध्यापक श्रीमती शीतल के नेतृत्व में आयोजित इस शैक्षणिक भमण में अंग्रेज़ी विभाग के बयालीस विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों द्वारा सहभागिता की गई।

## शिविर का समापन

# जेएच कॉलेज की एनएसएस महिला इकाई के शिविर का समापन

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।




जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) महिला इकाई 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भारत भारती में आयोजित हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दुर्गादास उइके, पर्यावरणविद मोहन नागर, जेएच कॉलेज बैतूल प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता सोनी, जनभागीदारी अध्यक्ष घनश्याम मदान, कन्या महाविद्यालय बैतूल जनभागीदारी अध्यक्ष लतेश पवार, डॉ.अल्का पांडे, जेएच कॉलेज जनभागीदारी सदस्य विवेक शर्मा, महिला इकाई कार्यक्रम आधिकारी प्रो. शीतल खरे, सहयोगी प्राध्यापक प्रो. संतोष पवार, प्रो. योगेश्वरी पवार एवं प्रो. स्वाती लोखंडे उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिविर प्रतिवेदन का वाचन किया गया।

इस अवसर पर सांसद डीडी उईके ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए महिलाओं के श्रृंगार के पीछे वैज्ञानिक कारणों से अवगत कराया, साथ हीं उन्हे स्वामी विवेकानन्द के महान विचारों से भी प्रेरित किया। पर्यावरणविद् मोहन नागर ने स्वयंसेविकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाओं ने बहुत अच्छा कार्य किया। जिससे वे बहुत अधिक प्रसन्न है और सभी महिलाओं को ऐसे ही कार्य कर राष्ट्र की सेवा करना चाहिए। आप लोगों ने जो भारत भारती एवं बांचा ग्राम का जो परिवेश देखा है, वैसा परिवेश ही आप अपने ग्राम में दें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक राजाराम रावते, सतीश सलामे, ललित तायवाड़े, दीपाली पाण्डे, संजय उइके, दुर्गेश कुमरे, अक्षय मालवी, नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते, तनु मोहबे तथा पूनम मालवी की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रो. शीतल खरे द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात अतिथिओं द्वारा शिविर में श्रेष्ठ कार्य करने वाली स्वयंसेविकाओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें दल नायिका कु. कोमल देशमुख, उप दलनायिका कु. रिया खातारकर, सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका - हर्षा राजेश, मंच संचालन में शीतल रघुवंशी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में आम, ग्राम सम्पर्क में नीम, शिविर दर्पण बनने के लिए अशोक, बौद्धिक चर्चा में पीपल, परियोजना में जामुन, योग एवं प्राणायम में लक्ष्मी तरु समूह के साथ शिविर में सहभागी सभी शिविरार्थी स्वयं सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन दीपिका पवार एवं शीतल रघुवंशी ने किया।

संक्षिप्त समाचार

## डॉ. मीनाक्षी चौबे राज्यस्तरीय इन्टरनल मॉनिटरिंग कमेटी सदस्य मनोनीत

**बैतूल।** डॉ मीनाक्षी चौबे विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी राज्यस्तरीय नैक प्रकोष्ठ



द्वारा महाविद्यालयों की नैक तैयारियों की निगरानी हेतु गठित राज्यस्तरीय इन्टरनल मॉनिटरिंग कमिटि के सदस्य के रूप में मनोनीत की गई है। समिति के सदस्य के रूपमें उनके द्वारा 22 फरवरी 2023 को मॉकपीयर टीम के सदस्य के रूपमें उनके द्वारा चन्द्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर तथा दिनांक 02 मार्च 2023 को शासकीय कन्या महाविद्यालय, विदिशा का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा दोनों महाविद्यालयों की नैक मूल्यांकन हेतु तैयारियों का जायज़ा लिया तथा नैक मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन हेतु सुझाव दिए। दोनों महाविद्यालयों का निरीक्षण प्रतिवेदन राज्यस्तरीय नैक प्रकोष्ठ को सौंपा गया।

## महेन्द्र नावंगे को मिली पीएचडी

**बैतूल।** महेन्द्र नावंगे को माईक्रोबायोलॉजी विषय में स्टडीस ऑन



क्रिप्टोकोकस नियोफारमेंस स्पेसीज काम्प्लेक्स विथ स्पेशल रिफेन्स टू इकोलॉजी इन विट्रो ड्रग सेन्सिविटी एड एन्जाईमेटिक एक्टिविटी विषय पर शोध उपरांत बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। कृषक सवाईराव नावंगे एवं श्रीमती शांता नावगे के पुत्र और वर्तमान में जेएच कॉलेज में अतिथि विद्वान ने यह शोध कार्य जेएच कॉलेज में प्राध्यापक डॉ. अल्का पांडे के मार्गदर्शन में और को गाईड बीयू के डॉ. अनिल प्रकाश के निर्देशन में पूर्ण किया है। महेन्द्र ने अपने शोध कार्य में बताया कि किस तरह कबूतरों की बीट व पेड़ों की खोह के फन्जाई से शुगर के मरीज और एचआईवी के मरीजों में सिकेन्दी इन्फेक्शन फैलता है। इनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, कॉलेज स्टॉफ सहित ईष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

### जेएच महाविद्यालय में अध्ययन के लिए अनूठा प्रयोग

# क्यूआर कोड से होगी पेड़ों की पहचान



**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

बैतूल. जेएच कॉलेज में साइंस के छात्रों के अध्ययन के लिए पहली बार नवाचार किया जा रहा है। बॉटनिकल पढ़ने वाले छात्रों के लिए अब पढ़ाई करना और भी सरल हो जाएगा। कॉलेज में मौजूद पेड़ों की पहचान करने के लिए उन्हें क्यूआर कोड जारी किए जा रहे हैं। इन क्यूआर कोड को स्केन कर कोई भी छात्र पेड़ के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकता है।

## 50 पेड़ों पर लगाए जाएंगे क्यूआर कोड

जेएच कॉलेज में अलग-अलग प्रजातियों के पेड़-पौधे मौजूद हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश के बारे में छात्रों को कोई जानकारी बढ़ेगा। नहीं है। पेड़ों के बारे में अधिक से अधिक छात्रों तक जानकारी पहुंच सके इसके लिए इनमें क्यूआर कोड लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक पेड़ों के लिए अलग-अलग क्यूआर कोड बनाए गए हैं। जिन्हें प्लास्टिक सीट पर चस्पा कर पेडों पर लगाया जाएगा।

## क्यूआर कोड स्कैन करते ही मिलेगी पूरी जानकारी

पेड़ों पर लटके क्यूआर कोड को जैसे ही कोई छात्र मोबाइल फोन से स्केन करेगा तो उसे पेड़ से संबंधित पूरी जानकारी मिल जाएगी। इसमें पेड़ का बॉटनिकल नाम, लोकल नाम और पेड़ कौन की फैमली से जुड़ा हुआ है। सहित पेड़ का क्या उपयोग किया जाता है सहित विभिन्न जानकारी छात्र पता कर सकेंगे। बताया गया कि शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने के लिए पहली बार इस तरह का प्रयोग कॉलेज में किया जा रहा हैं। इससे छात्रों को अध्ययन करने में रूचि पैदा होगी। साथ ही पेड़ों और पर्यावरण के प्रति उनका लगाव भी बढ़ेगा।

डॉ. अर्चना मिश्रा ने जानकारी दी कि जेएच कॉलेज कैंपस में 50 पेड़ों का चयन किया गया है। जिनमें क्यूआर कोड तैयार किए गए हैं। इन्हें पेड़ों पर लगाया जाएगा। छात्र जैसे ही इस क्यूआर कोड को स्केन करेंगे उन्हें पेड़ से संबंधित सभी जानकारी मोबाइल पर आसानी से मिल सकेगी। इस नवाचार से छात्रों में पेड़ों और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। क्यूआर कोड के लिए विभागाध्यक्ष डॉ. अलका पाण्डे, डॉ. अर्चना मेहता, डॉ. अर्चना सोनारे, डॉ. सुनीता गढ़ेकर एवं वनस्पति विभाग के विद्यार्थियों का सक्रिय योगदान रहा।

**सेहत की सौगात** | ओपन जिम में 11 हजार विद्यार्थी बनाएंगे सेहत जेएच कालेज में मशीने लगना शुरू

# पढ़ाई के साथ व्यायाम कर शारीरिक फिटनेस पर ध्यान देंगे विद्यार्थी

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

वर्तमान समय में पढ़ाई के लिए मानसिक रूप के साथ-साथ शारीरिक रूप से फिट रहना बहुत जरूरी है। इसे देखते हुए जिले के सबसे बड़े जेएच कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए ओपन जिम बनाया जा रहा है। कॉलेज के ग्राउंड के समीप खाली जमीन पर ओपन जिम बनाने मशीनें लगाई जा रही हैं। इस ओपन जिम के बनने से विद्यार्थियों के साथ ही कॉलेज कैंपस में आने वाले जेएच कॉलेज में ग्राउंड के पास लग रही जिम की मशीनें प्रोफेसरों और अन्य लोग भी बेहतर शरीर बना सकेंगे। 16 एकड़ के कैंपस में फैले इस कॉलेज में अब तक स्टूडेंट्स के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए इंतजाम नहीं थे। इसे देखते हुए कालेज प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी समेत अन्य प्रोफेसरों ने कॉलेज में ओपन जिम बनाने की प्लानिंग की। इसके लिए जमीन को चिन्हित कर यहां फेंसिंग की गई। अब यहां पर कसरत के लिए मशीनें बुलवाकर लगवाई गई है।




## अब तक शहर में यहां हैं ओपन जिम

शहर में वर्तमान में दो जगहों पर ओपन जिम हैं। पुलिस ग्राउंड में एक जिम संचालित है। यहां शाम के समय काफी लोग आते हैं। इसी तरह इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम के कार्नर में भी ओपन जिम हैं। इस जिम में भी बड़ी संख्या में लोग आते है। अब शहर का तीसरा ओपन जिम जेएच कॉलेज में चालू किया जा रहा है।

## इस तरह के उपकरण रहेंगे ओपन जिम में

ट्रिपल ट्विस्टर, चेस्ट प्रेस कम शोल्डर प्रेस, एयर वाल्कर, आर्म व्हील, लेग प्रेस, पैरेलल बार और मंकी बार आदि जैसे उपकरण लगाए जाएंगे। वहीं कुछ उपकरण लगाने की कवायदें की जा रही हैं। इस तरह यहां पर पर्याप्त उपकरण रहेंगे, जिससे कि स्टूडेंट्स हर तरह की कसरत कर सकेंगे। हाथ, पैर, कमर और अन्य मसल्स की कसरतें इन उपकरणों से की जा सकेगी।

## काम चालू है पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा

जेएच कॉलेज के एक कोने में खाली जमीन ओपन जिम के लिए चिन्हित कर यहां उपकरण लगवाए गए हैं। फिलहाल इसका काम शुरू है। इसका काम पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा, जब यह कंप्लीट हो जाएगा तो इसे स्टूडेंट्स समेत अन्य लोगों के लिए खोला जाएगा।

**- डॉ. राकेश तिवारी, प्राचार्य, जेएच कॉलेज**

**बदलाव** • यूनिवर्सिटी बदलने के लिए अभाविप ने लगातार किया था आंदोलन, चुनाव के पहले हुआ परिवर्तन

# चार साल में फिर बदली यूनिवर्सिटी, बरकतउल्ला से परीक्षा के बाद जोड़े जाएंगे जिले के सभी कॉलेज

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

अगले शिक्षा सत्र में बैतूल जिले के कॉलेज फिर से बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी से जुड़ जाएंगे। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है, लेकिन परीक्षा के कारण अगले शिक्षा सत्र में कॉलेजों को यूनिवर्सिटी से जोड़ा जाएगा। जिले के 10 सरकारी कॉलेजों के अलावा 26 प्राइवेट कॉलेज भी यूनिवर्सिटी से जुड़ जाएंगे। छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं 25 मार्च से शुरू होने वाली हैं। परीक्षा के बाद जिले के कॉलेजों को बरकतउल्ला से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू होगी।

तात्कालिन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 2019-20 में छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी बनाई थी। इसके बाद जिले के कॉलेजों को बरकतउल्ला से हटाकर छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी से जोड़ा गया था। इसका विद्यार्थियों द्वारा शुरू से ही विरोध किया था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले के कॉलेजों को बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी से जोड़ने की मांग लगातार की जा रही थी। फरवरी माह में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुल सचिव ने यूनिवर्सिटी में भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ तथा हरदा के साथ बैतूल जिले को भी सम्मिलित करने की अधिसूचना जारी की है। आगामी शिक्षा सत्र से जिले के 10 सरकारी और 26 प्राइवेट कॉलेजों का संचालन बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी द्वारा किया जाएगा।

## आगामी सत्र से जिले के 10 सरकारी और 26 प्राइवेट कॉलेजों का संचालन बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी से होगा




बैतूल। जिला का सबसे बड़ा जेएच कॉलेज जो अब बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी में जुड़ेगा।

### तीन माह देरी से चल रहा सत्र, 25 मार्च से शुरू होंगी परीक्षाएं

वर्तमान से छिंदवाड़ा से संबद्ध जिले के कॉलेजों में 25 मार्च से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। एमए, एम.कॉम के साथ बीएड और एलएलबी प्रथम वर्ष की परीक्षा 25 मार्च से शुरू होंगी। 25 मार्च से शुरू होने वाली परीक्षाएं 8 अप्रैल तक चलेंगी। इस बीच द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष की परीक्षाएं भी शुरू होगी। जिले के कॉलेजों में चालू सत्र तीन माह देरी से चल रहा है।

### तय नहीं कि किन कक्षाओं को जोड़ा जाएगा, प्रथम वर्ष से शुरू कर सकते हैं कक्षाएं

यूनिवर्सिटी द्वारा जिले के कॉलेजों को अगले सत्र से जोड़ने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है, लेकिन यह तय नहीं है कि किन कक्षाओं से यूनिवर्सिटी को जोड़ा जाएगा। पिछली बार छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी को प्रथम वर्ष से जोड़ा गया था। इसीलिए संभावना है कि नव प्रवेशी छात्र- छात्राओं को ही नई यूनिवर्सिटी से जोड़ा जाएगा सकता है। अगले शिक्षा सत्र में जब प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी, उसके बाद जोड़ने की प्रक्रिया साफ होगी।

### छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी की फीस भी है अधिक, परिवहन में भी समस्या

दरअसल छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी से जिले के कॉलेज जुड़ने के बाद से ही छात्र-छात्राओं ने विरोध शुरू कर दिया था। छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी के रहते हुए विद्यार्थियों को अधिक फीस देना पड़ रहा था। वहीं रिजल्ट में भी त्रुटियां होना सामने आ रहा था। अखिल भारतीय विद्यार्थी द्वारा यूनिवर्सिटी बदलने के लिए तीन साल तक लगातार आंदोलन किया था। बैतूल के अलावा भोपाल में भी यूनिवर्सिटी बदलने की मांग उठाई। इसके बाद ऐन चुनाव के पहले शासन ने यह परिवर्तन किया।

### अधिसूचना फरवरी में ही जारी कर दी थी, प्रक्रिया परीक्षा के बाद

*बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी के कुल सचिव द्वारा जिले के कॉलेजों को बरकतउल्ला में सम्मिलित करने की अधिसूचना फरवरी में ही जारी कर दी थी, लेकिन यूनिवर्सिटी से किस क्लास के बच्चे सम्मिलित होंगे। इसको लेकर कोई आदेश नहीं आया है। संभवतः परीक्षा के बाद से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू होगी।*

**- डॉ. आरके तिवारी,** प्राचार्य, जेएच कॉलेज

**शिविर का समापन**

# जे .एच .कॉलेज परिसर में हुआ वृहद स्तर पर पौधारोपण

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**



आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय है जंगलों की कटाई को रोकना और पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित करना। जेएच कॉलेज में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में एनएसएस और ईको क्लब द्वारा कार्यक्रम अधिकारी शीतल खरे, ईको क्लब की संयोजक डॉ.अल्का पांडे, वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, दिपाली पांडे की उपस्थिति में 50 स्वयंसेवकों के द्वारा 21 पौधों जिसमें अशोक, गुडहल, आम, नीम, जाम और मोरछल्ली के पौधों का रोपण कॉलेज परिसर और बालक छात्रावास परिसर में हाईटेक पद्धति से किया गया। डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण महत्वर्पूण कार्य है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुसारपौधों का रोपण किया जा रहा है। डॉ.अल्का पांडे ने कहा कि एनएसएस और ईका क्लब के सदस्य जन्मदिवस पर पौधों का रोपण करते हैं। पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में बालकिशोर अमरूते, कोमल देशमुख, इस्तियाक अली, दामिनी मानकर, हिमांशु, रूपाली, नेहा, अमन, पूनम, भारती, कविता, सागर, सुमित, रितिक, आयुष, कुणाल, हर्षल, मुस्कान, देवेश का सराहनीय योगदान रहा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में जनभागीदारी भूमिका पर राष्ट्रीय संगोष्ठी



**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 16 मार्च 2023 को ज.हा.शास.स्ना.महावि. बैतूल में एक दिवसीय संगोष्ठी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में जनभागीदारी भूमिका विषय पर आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में चेतस सुखाडिया जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्यक्षेत्र भोपाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहननागर जी सचिव भारती भारती आवासीय विद्यालय परिसर भारती भारती ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर नगरपालिका अध्यक्ष बैतूल एवं श्री सुभाष आहुजा पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष भूतपूर्व छात्र संगठन एवं जिले के महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे महाविद्यालय की जनभागीदारी के अध्यक्ष श्री धनश्याम मदान जी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । मुख्य वक्ता चेतन सुखाड़िया जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पक्षों को स्पष्ट करते हुए उच्च शिक्षा में हुये नये परिवर्तनों का सुक्ष्म विश्लेषण किया उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में जहाँ शिक्षक एवं विद्यार्थियों की अहम भूमिका है वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में जनभागीदारी की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है । समाज की भागीदारी उच्च शिक्षा में आये नीतिगत परिवर्तन के क्रियान्वयन में विशेष सहभागिता की आवश्यकता है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कियान्वयन से रोजगार की सम्भावनाऐं एवं ज्ञान अर्जन से युवाओं का संवागिण विकास होगा।

जनभागीदारी की भूमिका से महाविद्यालय के अद्योसंरचना एवं क्षेत्रीय औद्योगिक समाज के सहयोग से उच्चशिक्षा की गुणवत्ता एवं शोध अनुसंधान का संवर्धन हो सकेगा। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र स्वरोजगार की ओर प्रेरित हो सकेगें ।

अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय मोहन नागर जी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं में विद्यार्थियों को परिचित कराया साथ ही आगले 10 वर्षो में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से जो नये विद्यार्थी अध्ययन प्राप्त करेंगे वें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे एवं भारत विश्व गुरू की राह पर समुचे विश्व का नेतृत्व करेगा ।

संगोष्ठी के संयाजेक डॉ. राजेश शेषकर, सह संयोजक डॉ. जी.पी. साहू द्वारा किया गया । अंत में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया । अंत में संगोष्ठी का संचालन श्री संतोष पंवार द्वारा किया ।

## संविधान से मिले महिलाओं को शिक्षा के अधिकार : डॉ डोंगरे

**बैतूल।** मुलताई ब्लाक के ग्राम बघोड़ा में सरकारी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर लगा है। कॉलेज के छात्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य विषयों की जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ गांव में स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी के तहत डॉ. सुखदेव डोंगरे और महेंद्र खोबरागड़े की उपस्थिति में बौद्धिक सत्र आयोजित हुआ। जिसमें संविधान से मिले अधिकारों और आमजन को प्राप्त लाभ के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार, निशुल्क स्वास्थ सुविधा, सिंचाई संबंधित योजना, नल जल योजना, राशन वितरण सहित अन्य के प्रति जागरूक रहने की समझाइश दी। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज जो महिलाओं के पास शिक्षा का अधिकार है वह हमारे संविधान की ही देन है।

उन्होंने कहा संविधान हमें विचार, अभिव्यक्ति, धर्म सहित अन्य की स्वतंत्रता देता है। जानकारी के अभाव में हम अधिकारों का उपयोग नहीं कर पाते हैं। उन्होंने स्वयं सेवकों को जीवन में स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए योग का महत्व बताया। कार्यक्रम में अधिकारी एलएल राउत, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अभिनीत सरसोदे ने भी व्यक्तित्व निर्माण के बारे में जानकारी दी।

डॉ. सविता बघेल, ममता राजपूत ने भी अपने विचार रखे। शिवानी हुरमाड़े, नीलेश पठाडे, मयंक, आकाश, अंजली, पूजा, भारती सहित अन्य स्वयं सेवकों ने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। संचालन अभिषेक हुरमाड़े ने किया।

## राष्ट्रीय एकता शिविर महाराष्ट्र के लिए प्रोफेसर रोहित जैन और स्वयंसेवक हिमांशु पाटिल को चयनित किया गया

### प्रोफेसर रोहित जैन एवम हिमाशु पाटिल मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्रीय एकता शिविर (एनआईसी) दिनांक 26 फरवरी से 4 मार्च, 2023 तक गुरुनानक भवन, आरटीएम नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर (महाराष्ट्र), इस शिविर में सहभागिता के लिए बरकतउल्ला भोपाल परिक्षेत्र के बैतूल जिले के पदमावती महाविधालय पूंजी चोपना तहसील घोड़ाडोगरी जिला बैतूल के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो रोहित जैन का दल प्रभारी के रूप में चयन किया गया है साथ ही जे.एच कॉलेज बैतूल के रासेयो स्वयंसेवक हिमांशु मारोती पाटिल का चयन भी हुआ है। प्राचार्य राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि



रोहित जैन और जे एच के छात्र हिमांशु पाटिल के साथ मप्र के दल में और भी 7 स्वयंसेवक मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि चयनित स्वयंसेवक लोकनृत्य एवं कगीतों के साथ शिविर में सहभागिता करेंगे। जिले की इस उपलब्धि पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ जीपी साहू,शीतल खरे, क्रीड़ा अधिकारी सुश्री निलिमा पीटर, वरिष्ठ स्वयंसेवक रामनारायण शुक्ला, इबरार कुरैशी, प्रो. संतोष पंवार, प्रो. राजाराम रावते, प्रो. मनोज घोरसे, प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, दिपाली पांडे,सतीष सलामे, ललित तायवाडे,रिया घिड़ोड़े, संजय उइके, योगेश्वर पहाड़े,नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते, अक्षय मालवीय, कन्हैया अमरूते, कविता वादवुदे,रिया खातरकर, सुरभि जैन सहित रासेयो परिवार ने बधाई दी है।

# जेएच कॉलेज में विद्यार्थियों को दिलाई वोट डालने की शपथ

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल




मतदाता दिवस पर आयोजन



जेएच कॉलेज बैतूल में 25 जनवरी 2023 राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण और वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। इस दौरान विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष घनश्याम मदान, मुख्य वक्ता डॉ. महेश कुमार मेहता, डॉ. रामकुमार गौतम, डॉ. सुखदेव डोंगरे ने राष्ट्र निर्माण में मतदान का महत्व एवं मतदाता जागरूकता विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। घनश्याम मदान ने कहा महाविद्यालय की युवा शक्ति को जागना होगा।

प्राचार्य राकेश तिवारी ने कहा लोकतंत्र में सभी विसंगतियों जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म से ऊपर उठकर मतदान में भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में पूनम मालवी प्रथम, विपक्ष में प्रथम रिया खातरकर, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम विनय सूर्यवंशी रही। शपथ कार्यक्रम का संयोजन डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. मनोहर राव गावंडे, प्रो. संजय कुमार विश्वकर्मा, डॉ. प्रतिभा चौरे द्वारा किया गया।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 150 विद्यार्थी का चयन



**बैतूल।** जेएच कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में निःशुल्क लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवानी शुरू कर दी है। जिससे कॉलेज के विद्यार्थियों को रोजगार मिल सके। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राम कुमार गौतम द्वारा कक्षाओं का संचालन सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 3 से 4 बजे तक जेएच कॉलेज के कक्ष में किया जा रहा है। प्रवेश के लिए 150 विद्यार्थी से आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें स्क्रीनिंग के जरिए विद्यार्थी चुनकर उन्हें लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू करवा दी है। साप्ताहिक टेस्ट के जरिए इन स्टूडेंट्स की तैयारियों का मूल्यांकन भी किया जा रहा है। जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने बताया कि इस कोचिंग से युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा, ग्रामीण अंचलों के स्टूडेंट्स को इस कोचिंग के जरिए दिशा मिलेगी।

■ राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रमः कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई जिलास्तरीय समिति की बैठक

## तंबाकू से होने वाले दुष्परिणाम से कराया अवगत

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कोटपा अधिनियम 2003 के प्रभावी अनुपालन हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 13 मार्च 2023 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश बौद्ध, डीएसपी अजाक ललित कश्यप, पुलिस अधीक्षक, शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला परियोजना समन्वयक, वाणिज्य कर अधिकारी, जिला औषधी निरीक्षक, डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ दीपक मानकर, प्रो.मनोज घोरसे सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन कर प्रतिषेध और कार्यक्रम के अंतर्गत कोटपा व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन अधिनियम 2003 के प्रभावी प्रदाय और वितरण का अनुपालन हेतु जिला स्तरीय विनियमन) अधिनियम 2003 समन्वय समिति की बैठक कोटपा के तहत धारा 4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानो पर धूम्रपान पर प्रतिबंध को लगू कराने के संबंध में चर्चा की गई। सीएमएचओ बौद्ध ने बताया कि एक्ट के अनुसार शासकीय कार्यालयों, मनोरंजन केन्द्रो, पुस्तकालयों, स्टेडियम, न्यायालय परिसर, रेल्वे स्टेशन, सिनेमा हॉल, सभागृह, शिक्षण संस्थानों, निजी कार्यालय अस्पताल शॉपिंग मॉल, होटल, कॉफी प्रतीक्षालय, बस स्टैंड, लोक परिवहन एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पूरी तरह से प्रतिबंधित है। एक्ट के प्रावधान के उल्लंघन की दशा में 200 रूपये का अर्थदंड मालिक/ प्रोपराईटर/ प्रबंधक/पर्यवेक्षक या प्रभारी अधिकारी कर सकता है। एक्ट के अंतर्गत तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापनों पर प्रतिबंध है। इसका उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक कारावास एवं एक हजार रूपये का जुर्माने का प्रावधान है।

एक्ट के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा किसी भी प्रकार के तंबाकू पदार्थ को खरीदना व बेचना अपराध है। किसी भी सामान बेचने वाली दुकान पर तंबाकू पदार्थो का प्रदर्शन प्रतिबंधित है। एक्ट के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्था के 100 गज या 300 फीट के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचना अपराध है। एक्ट के तहत प्रत्येक तंबाकू उत्पाद पर चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनी होनी चाहिए।

**जन जागृति अभियान**

# गांव-गांव में चलाया गया कॉलेज चलो अभियान

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल




जेएच कॉलेज द्वारा शासन के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में 12वीं के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए गांव-गांव जाकर प्रेरित किया। जिसमें बैतूल, सेहरा, बैतूल बाजार, खेड़ी, भड़ूस आदि जगह के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए जागरूक किया। साथ ही विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने की प्रक्रिया एवं प्रवेश लेने पर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जिसमे छात्रवृत्ति, आवास योजना, स्टेशनरी आदि के साथ महाविद्यालय में संचालित कोर्सेस और सुविधाओं की जानकारी दी गई।

महाविद्यालय द्वारा गठित टीम में प्रो.मनोज कुमार घोरसे, डॉ मनोहर गावंडे, डॉ.अर्चना मिश्रा, डॉ.दीपक मानकर, प्रो.हितेश जैन, डॉ.प्रीतीबाला पाल, प्रो.निलेश पाटिल शामिल रहे जिन्होने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का लाभ बताते हुए उन्हें कॉलेज में प्रवेश के लिए जागरूक किया। विद्यार्थियों में कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए उत्साह देखा गया।

# देश में बड़ी संख्या में तंबाकू सेवन से हो रही है मौत: डॉ. सुखदेव डोंगरे

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

बैतूल। बांकाखोदरी में राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन बौद्धिक सत्र तंबाकू मुक्त भारत पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में तंबाकू के दुष्प्रभावों को बताना और उनकी छुपी हुई प्रतिभा को बाहर लाना है।




बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के भूतपूर्व समन्वयक एवं शासकीय महाविद्यालय तामिया के प्राचार्य डॉ. महेंद्र गिरी एवं जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे मौजूद थे। डॉ. गिरी ने कहा कि बच्चों और युवाओं में तंबाकू की बढ़ती लत गंभीर चिंता का विषय है। देश में सालाना लगभग 15 लाख लोगों की मौत तंबाकू सेवन की वजह से होने वाली बीमारियों से होती है। अपने सभी रूपों में तंबाकू गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। डॉ. डोंगरे ने कहा कि कई मशहूर हस्तियां भी तंबाकू उत्पादों का प्रचार कर रही हैं, जिससे हमारी अगली पीढ़ी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, हम अपने युवाओं को ऐसे लोगों को आदर्श बनाने नहीं दे सकते जो तंबाकू उत्पादों का सेवन करते हैं या इसके सेवन को बढ़ावा देते हैं। छात्रा इकाई प्रभारी डॉ. ज्योति वर्मा ने बताया की आज छात्रा इकाई द्वारा ग्राम चापड़ा का स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण और शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित सर्वेक्षण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. बनकर, डॉ. सचिन नागले, प्रो. रोहित ठाकुर, डॉ. नितेश पाल, डॉ. सुभाष वर्मा, राजेंद्र कहार, मोनिका राठौर उपस्थिति थे कार्यक्रम का संचालन अंकित जो एवं बलवंत धुर्वे द्वारा किया गया।

## खामापुर में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित




**बैतूल।** जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ सुखदेव डोगरे जी द्वारा शासकीय महाविद्यालय भीमपुर एनएसएस इकाई महिला एवं पुरुष के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय माध्यमिक शाला खामापुर में आयोजित शिविर में बच्चों को संबोधित किया एवं एनएसएस गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। साथ ही डिफेंस से डिफेंस से सेवानिवृत्त श्री महेंद्र उइके जी एवं श्री मर्सकोले जी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर सातनकर और डॉ.बबीता राय के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

## विवेकानंद गार्डन में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया



**बैतूल।** स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी 2023 के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन विवेकानंद गार्डन में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष माननीय श्री घनश्याम मदान जी के मुख्य आतिथ्य व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी जी के संरक्षण एवं डॉ. अलका पाण्डे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर, कार्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा सूर्य नमस्कार प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया गया।

■ **शिविर समापन** | **सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह पर समाज सेवा के गुण बताए**

# सच्ची समाज सेवा के साथ स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण में मदद करें: डॉ. डोंगरे

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल

शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह पर जनभागीदारी, अध्यक्ष दीपक जैन ने स्वयंसेवकों को सच्ची समाज सेवा का गुण बताया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को दिखावे से बहुत दूर- रहकर सच्चे राष्ट्र निर्माण में मदद करनी है। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने स्वयंसेवकों द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए समाज में आगे रहकर स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाने में मदद करने की अपील की। प्राचार्य डॉ. देवी सिंह सिसोदिया ने संबोधित करते हुए संस्कारवान और एक अनुशासित स्वयंसेवक के रूप में अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर राकेश सिसोदिया, डॉ.यासमीन जिया, दल नायक दीपक साहू, दल नायिका रोशनी धुर्वे ने अपने सात दिवसीय शिविर के अनुभव को साझा किया। इसके बाद मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन डॉ. अजय कुमार चौबे, दीपक साहू ने आभार व्यक्त किया।



# रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम चिचढाना में संपन्न









■ जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल

**राष्ट्रीय सेवा योजना जयवंती हाक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल (पुरुष इकाई) सात दिवसीय विशेष शिविर दलनायक बालकिशोर अमरूते के नेतृत्व में दिनांक 20 फरवरी से 26 फरवरी 2023 तक ग्राम चीचढाना में लगाया गया। इस शिविर की विषय थीम- स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य थी।**

इस शिविर में प्रथम दिवस शिविर में आगमन हुआ एवं शिविर के परिसर का विकास किया गया साथ ही रैली पोस्ट का निर्माण किया गया। द्वितीय दिवस- आज के दिवस की विषय थीम पर्यावरण संरक्षण एवं व्यक्तित्व विकास इस विषय पर स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम में रैली का आयोजन किया गया साथ ही शौचालय एवं आवास योजना पर ग्राम सर्वे किया गया। तृतीय दिवस- इस दिन स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम में सोखते गड्ढे का निर्माण एवं नालियों का निर्माण किया गया जिससे कि ग्राम में स्वच्छता के प्रति लोग जागरूक हो आज की विषय थीम धूम्रपान में डूबती आज की युवा पीढ़ी रही। चतुर्थ दिवस- आज स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया एवं डिजिटल साक्षरता एवं कैशलेस इंडिया पर सर्वे किया गया, इस दिवस की विषय थीम रही- राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका। शिविर के पांचवे दिन आज स्वयंसेवकों के द्वारा बारह लिंग धाम की ट्रैकिंग कि गई ट्रैकिंग में स्वयंसेवकों के द्वारा सूर्य पुत्री मां ताप्ती एवं मंदिर परिसर में लगाए गए पौधों औषधीय पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई एवं ग्राम संपर्क के तहत मतदाता जागरूकता पर सर्वे किया गया इस दिवस की विषय थीम- जल संरक्षण एवं व्यक्तित्व विकास रही। शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम में क्लीन विलेज एवं ग्रीन विलेज कार्यक्रम चलाया गया जिसके तहत ग्राम में वृक्षारोपण किया गया एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं व्यक्तित्व विकास इस विषय पर अपने विचार बौद्धिक चर्चा में रखे गए इस दिन हमारे मुख्य अतिथि बौद्धिक चर्चा में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी जी रहे एवं स्वयंसेवकों के द्वारा आज ही के दिन ग्राम में दीवार लेखन का कार्य किया गया जिसमें दीवार लेखन एवं रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता के लिए लोगों को जागरूक किया गया, साथ ही सांस्कृतिक संध्या की शाम शिविर समापन समारोह में स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी एवं स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किए गए, शिविर में सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक सैयद इस्तियाख अली रहे। साथ ही कैंप फायर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्वयं सेवको ने स्वयं का व्यक्तित्व विकास किया, लोगो से किस प्रकार बात को जाति है वो सीखा, स्वयं सेवको में नेतृत्व क्षमता का विकाश हुआ, राष्ट्रीय सेवा योजना का मंच विद्यार्थी जीवन में स्वयं के व्यक्तित्व विकास के लिए एक बेहतरीन मंच है।

शिविर में विशेष रूप से डॉ राकेश कुमार तिवारी, डा प्रीतम सिंह कुमरे, श्री राजा जी किलेदार ठाकुर, पंडित जी महाराज(आध्यात्मिक गुरु), डॉ राजेश शेषकर,श्री संजय धुर्वे, डॉक्टर शिवदयाल साहू, रासेयो वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री राजाराम रावते, श्री प्रवीण परिहार, प्रो. मनोज घोडसे, ललित तवाड़े, सतीश सलामे, संजय उइके, नवीन नागले, कन्हैया अमरुते, प्रो पंकज, प्रो महेंद नवंगे, डा धर्मेंद्र जी, प्रो नीरज धाकड़, श्री राहुल सिंह ठाकुर, डाक्टर शीतल खरे(रासेयो कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई), एवं आदरणीय डॉ गोपाल प्रसाद साहू (कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई) अविस्मरणीय मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

■ जागरूकता मेले का आयोजन

एक वर्ष पूर्व जेएच कालेज के प्राध्यापक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने पुरातात्वीक संपदा पर अनुसंधान कर शोध पत्र का किया था प्रकाशन

# पुरातन बौद्ध प्रतिमाएं संरक्षित करने के लिए बनेगा संग्रहालय

■ जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल

## काजली में बौद्ध कालीन पुरातन धम्म भूमि संरक्षण




एक वर्ष पूर्व जेएच कॉलेज बैतूल के प्राध्यापक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने विकासखण्ड आमला अंतर्गत आने वाले काजली कनौजिया में प्राचीन कालीन पुरातात्वीक संपदा पर अनुसंधान कर शोध पत्र प्रकाशित किया था। इसके उपरांत काजली में बौद्धकालीन पुरातन धम्म भूमि जागरूकता मेले का आयोजन निम्नानुसार किया गया। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने 10 लाख रूपए विधायक निधि से संग्रहालय निर्माण के लिए दिए जाने की घोषणा की। गौरतलब है कि ग्राम काजली एवं कनौजिया सहित आसपास क्षेत्र में बड़ी संख्या में तथागत बुद्ध कालीन पुरातन प्रतिमाएं और अवशेष खुदाई के दौरान मिले हैं, जिनके संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, इन मूर्तियों को संग्रहित कर एक संग्रहालय निर्माण की मांग विगत कई वर्षों से की जा रही है। आमला नगर पालिका के सभापति अमित हुरमाडे, भीमराव निरापुरे ने बताया कि ग्राम काजली में बौद्ध कालीनं अवशेष प्राप्त हुए थे जिनके संरक्षण और संग्रहालय निर्माण की आवश्यकता है, उन्होंने बताया कि पुरातत्व विभाग द्वारा यदि खोज की जाती है तो आसपास क्षेत्र में बड़ी संख्या में बौद्ध कालीन अवशेष और भी मिल सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूज्य भदंत विनय रक्षित महाथेरो, पूज्य भदंत नागार्जुन, पूज्य भदंत दीपांकर, पूज्य भंते मैत्यानंद एवं भिक्षु संघ उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनोज मालवे, डॉ. अशोक हनवते, हर्षदीप मानेकर, प्रोफेसर जीआर डोंगरे, प्रोफेसर बीआर खातरकर, धनराज चंदेलकर, नामदेव नागले, प्रोफेसर सुखदेव डोंगरे, डॉ नीलकंठ. यावलकर, प्रोफेसर अर्चना सोनारे, मिलिंद बौद्ध, बौद्ध आचार्य विष्णु झरबड़े, मनीषा अर्जुन पुंडे आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र डोंगरे, उपाध्यक्ष जोहर खातरकर, सचिव मनोज गुजरे, कोषाध्यक्ष शिवपाल खातरकर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे तथागत बुद्ध के छाया चित्र के सामने धम्म वंदना एवं बोधि वृक्ष पूजा के साथ की गई। धम्म देशना के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में बौद्ध और अंबेडकर अनुयाई मेला स्थल पर पहुंचे, जहां पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन कराया गया।

■ शैक्षणिक भ्रमण

**मेलघाट टाईगर रिजर्व, चिकलधरा (महाराष्ट्र) जाकर विद्यार्थियों ने ली जैव विविधता की जानकारी**

# वनस्पति शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।

जेएच कॉलेज बैतूल के वनस्पति विभाग के एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का दल 21 जनवरी 2023 को प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी के संरक्षण में मेलघाट टाईगर रिजर्व चिकलधरा (महाराष्ट्र) शैक्षणिक भ्रमण हेतु गया जिसमें विद्यार्थियों को उस क्षेत्र की जैव विविधता से परिचय करवाया। विद्यार्थियों को जंगल सफारी के माध्यम से गुंगामल राष्ट्रीय उद्यान एवं विभिन्न वनस्पतिक क्षेत्रों का भ्रमण कराया गया। जिसमें अनेको बायोफाईटा, टेरिडोफाईटा, जिम्नोस्पर्म, एंजीयोस्पर्म पौधों की जानकारी दी गई। तथा पौधो के सेम्पल एकत्रित किये गये। जिससे हरबेरियम तैयार किया जा सके। इसके अतिरिक्त एल्गी एवं फंजाई के सेम्पल भी एकत्रित किये गये। जिसे प्रयोगशाला में लाकर पहचान कर विद्यार्थियों द्वारा अध्ययन किया गया। भ्रमण में विभागाध्यक्ष डॉ. अलका पाण्डे, अर्चना मिश्रा, डॉ. अर्चना सोनारे, डॉ.सुनीता गढ़ेकर, महेन्द्र नावंगे एवं प्रयोगशाला तकनीशियन निखिल जामगड़े, प्रयोगशाला परिचालक राजेश झाड़े उपस्थित रहे। यह भ्रमण एमएससी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी रहा।

**इंटरनेशनल मिलेट्स वर्ष 2023**

# 'मोटा अनाज पोषण का पावर हाउस' विषय पर व्याख्यान आयोजित

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।

जयंती हाक्सर शासकीय महाविद्यालय बैतूल में 27 फरवरी 2023 को इंटरनेशनल मिलेट्स वर्ष 2023 के अंतर्गत मोटा अनाज पोषण के पावर हाउस विषय पर कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल के साइंटिस्ट डॉ मुरली इंगले का व्याख्यान आयोजित किया गया यह कार्यक्रम माइक्रोबायोलॉजी विभाग,ईको क्लब एवं महिला बाल विकास विभाग बैतूल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अनिता सोनी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया , जिसमें लगभग 200 छात्राओं के साथ अनेक प्रोफ़ेसर भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में मिलेट्स यानि मोटे अनाज के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव व उनसे होने वाले पोषण की जानकारी देते हुए मोटे अनाज के चलन एवं इसके प्रति जानजागरूकता लाने जैसे महत्वपूर्ण बातों को बताया।






## प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



इंटरनेशनल मिलेट्स वर्ष 202 3 के अंतर्गत मोटे अनाज से निर्मित व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर उनकी प्रदर्शनी आयोजित की इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इतिहास विभाग की प्रोफ़ेसर डॉ पल्लवी दुबे द्वितीय पुरस्कार वनस्पति शास्त्र विभाग की डॉ अर्चना मिश्रा व तृतीय पुरस्कार हिंदी विवाह की डॉ मीना डोनीवाल को प्राप्त हुआ इसके अतिरिक्त पुरुष प्राध्यापकों ने भी इसमें हिस्सा लिया सांत्वना पुरस्कार राजनीति शास्त्र विभाग के प्रोफ़ेसर रामकुमार गौतम को प्राप्त हुआ सभी विजेता प्रोफेसर को महिला बाल विकास विभाग की ओर से पुरुस्कार प्रदान किए गए एवं इको क्लब के द्वारा सर्टिफिकेट दिए गये।

# प्राणीशास्त्र के विद्यार्थियों ने पंवारखेड़ा हेचरी का किया भ्रमण






जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल।

जेएच कॉलेज बैतूल के प्राणीशास्त्र विभाग के एमएससी पूर्वार्द्ध एवं उतरार्द्ध के छात्र-छात्राओं का दल प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में विभागाध्यक्ष डॉ बी.डी. नागले, डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. मनोहर गावंडे, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. प्रतिभा चौरे, प्रो. किरण खातरकर, महादेव जौहर, लोकेश जामगड़े एवं शैलेन्द्र वाईकर की उपस्थिति में होशंगाबाद जिले के पंवारखेड़ा हेचरी एवं फिश फार्म के लिए पहुंचा। हेचरी सेंटर के फिशरीस ऑफिसर के द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के तालाबों एवं मछलियों के प्रजनन संबंधी फिश सीड के बारे में विस्तार से समझाया। मेजर कार्प, माइनर कार्प, ग्रास कार्प, सिल्वर कार्प एवं अन्य मछलियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही मछलियों को बीमारियों से कैसे बचाया जाए। उनके मेडिसिन के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही सप्लीमेंट्री फूड कितने प्रकार के होते है वे भी बताए गये। तालाब में मछली का उत्पादन बढ़ाने के लिए बायो फर्टीलाईजर का उपयोग, मात्रा एवं समय सीमा के बारे में अवगत कराया।

## स्वच्छता कार्ययोजना




**जेएच कॉलेज बैतूल के ईको क्लब द्वारा राष्ट्रीय हरित कोर स्वच्छता कार्य योजना 2022 के अंतर्गत एकल उपयोग प्लास्टिक निषेध अभियान, जल एवं वायू प्रदूषण पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौध रोपण कार्यक्रम भी किया गया। साथ ही प्लास्टिक को भी परिसर से हटाया गया।**

# राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित क्रीड़ा अधिकारी, प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण



**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

छिंदवाड़ा में संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। बैतूल, बालाघाट, सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिलो के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। जिसमें से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बैतूल जिले की ओर से शतरंज पुरूष दल में विवेक पानकर, शतरंज महिला दल में नीलिमा पीटर, बैडमिंटन पुरूष दल में खुमानसिंह सिरसाम, अमित ठाकुर, लॉन टेनिस महिला दल में नीलिमा पीटर, लॉन टेनिस पुरूष दल में डॉ. नंदकिशोर पंवार, टेबल टेनिस पुरूष दल में डॉ. मनोज सिंह राणा, मनोज अहिरवार, प्रदीप पंद्राम, टेबल टेनिस महिला दल में डॉ. नीलिमा पीटर, डॉ. यासमिन जिया को सम्मिलित किया है।

ACTIVE SPORTS











ACTIVE SPORTS






■ उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में नर्मदापुरम महाविद्यालय में 27 फरवरी 2023 को आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 म.प्र. राज्य युवा नीति संभाग स्तरीय कार्यशाला



■ नर्मदापुरम महाविद्यालय में 27 फरवरी 2023 को आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 म.प्र. राज्य युवा नीति संभाग स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित डॉ. विजेता चौबे एवं डॉ. सुखदेव डोंगरे।




■ मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 19 मार्च 2023 को इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में सहभागिता करते हुए बैतूल जिले की ओर से डॉ. सुखदेव डोंगरे ।




■ 23 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा युवा महापंचायत में युवा नीति लॉच की गई। ऑन लाईन कार्यक्रम में प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं लगभग 200 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।



■ मुख्यमंत्री यूथ इंटरर्नशीप योजना हेतू जिला स्तरीय चयन समिति में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह, मनदीप सिंह परिहार एवं रासेयो की ओर से जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे उपस्थित थे।




■ कार्यशाला/विधिक साक्षरता शिविर के अंतर्गत एक दीवसीय कार्यशाला जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं एड्व्होकेट्स की उपस्थिति में संपन्न हुई। सहभागिता करते हुए डॉ सुखदेव डोंगरे।




■ शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम में पर्यावरण, जैव विविधता के अंतर्गत संतुलित विकास विषय पर नेशनल कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करते हुए डॉ. सुखदेव डोंगरे।




■ मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग बैतूल द्वारा आयोजित झींगा पालन की तीन दिवसीय कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुखदेव डोंगरे उपस्थित हुए।



■ गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 को जिला मुख्यालय पुलिस परेड ग्राउंड में कलेक्टर अमनबीर सिंह, एसपी सिमाला प्रसाद द्वारा एनएसएस दल के सम्मुख निरीक्षण करते हुए ।



■ महाविद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर एनसीसी एवं एनएसएस दल द्वारा तिरंगे के सम्मान में तैनाती दी गई। इस मौके पर प्राचार्य सहित अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित थे।



■ गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एनसीसी केडिट द्वारा प्राचार्य को ध्वजारोहण के लिए मंच तक ले जाते हुए, इस मौके पर प्राध्यापक सहित समस्त स्टाफ मौजूद था।



■ ग्राम भारत भारती में एनएसएस की छात्राएं सात दिवसीय विशेष शिविर में परियोजना कार्य के अंतर्गत तालाब का गहरीकरण करते हुए। इस मौके पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल खरे भी उपस्थित थी।




■ 27 जनवरी 2023 को एनसीसी कक्ष में लेफ्टिनेंट डॉ.कमलेश अहिरवार के साथ एनसीसी महिला विंग की दल नायिका एवं एनसीसी पुरूष विंग के दलनायक प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो के साथ।




■ एनएसएस महिला कक्ष का अवलोकन करते हुए पूर्व प्राचार्य डॉ. खेमराज मगरदे, डॉ एसबी हसन, डॉ. एमके मेहता, प्राचार्य राकेश कुमार तिवारी, प्रो. शीतल खरे व अन्य प्राध्यापक उपस्थित थें



■ रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.ओपी खत्री के मार्गदर्शन में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिसर भोपाल का एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया।



■ एनएसएस के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्राचार्य द्वारा जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल साहू, प्रो. शीतल खरे की उपस्थिति में प्रमाणपत्र वितरित किये।